www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

मंगलवार
20 फरवरी 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 44, 18 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.75 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण



केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने रेपो रेट में कमी के संकेत दिए P-11




### प्रधानमंत्री ने 14 हजार निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ किया

# व्यापार और विश्वास का माहौल बढ़ा : मोदी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए सोमवार को कहा कि आज विकास, व्यापार और विश्वास का माहौल बढ़ा है। देश के अन्य राज्यों को राजनीति छोड़, यूपी से सीखना चाहिए कि एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लिए कैसे काम होता है।

प्रधानमंत्री लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @4.0 में 10 लाख करोड़ की 14 हजार निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद देश-विदेश से आए उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, यूपी में डबल इंजन की सरकार तेज विकास और बेहतर रिटर्न की गारंटी है।

**सरकार की नीति पर भरोसा बढ़ाः** प्रधानमंत्री का 40 मिनट का भाषण जहां यूपी के विकास पर केंद्रित रहा, वहीं विपक्षी दलों सपा-कांग्रेस की सरकारों की लापरवाह और लचर कार्यशैली पर भी उन्होंने जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, चुनाव के नजदीक लोग नए निवेश से बचते थे, लेकिन भारत ने यह धारणा भी तोड़ दी। दुनियाभर के निवेशकों को सरकार की नीति और स्थिरता पर भरोसा है।



लखनऊ में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

**सरकार गरीब के दरवाजे तक पहुंचीः** पीएम ने कहा, सरकार का जनता तक शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना ही सामाजिक न्याय और सच्ची धर्मनिरपेक्षता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, भेदभाव के कारण पहले की सरकारों में लोगों को अपने लाभ पाने के लिए लंबी कतार लगानी पड़ती थीं। हमारी सरकार खुद गरीब के दरवाजे पर आ रही है। यह मोदी की गारंटी है।

**रेडटेप नहीं, रेड कारपेट कल्चरः** मोदी ने कहा, आज यूपी वो राज्य है, जहां देश के सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट हैं। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बने सात वर्ष हो रहे हैं। रेड टेप कल्चर, रेड कारपेट कल्चर बन गया है।

› निवेश ने पकड़ी रफ्तार P10

**10** लाख करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू होंगे

### दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न की गारंटी मान रही

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज दुनिया में भारत को लेकर अभूतपूर्व सकारात्मकता दिख रही है। हर देश भारत की विकास की कहानी को देखकर आश्वस्त है, भरोसे से भरा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में मोदी के कामों की गारंटी की बहुत चर्चा हो रही है। इतना ही नहीं, पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न की गारंटी मान रही है।

### यूपी का मतलब सुरक्षित निवेश की गारंटीःयोगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, यूपी सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। निवेशक मानने लगे हैं कि सुरक्षित निवेश यानी उत्तर प्रदेश। › ब्योरा P10

### संदेशखाली मामले में सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज की

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को संदेशखाली मामले की जांच कोर्ट की निगरानी में सीबीआई या एसआईटी से कराने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने मामले को समझकर संज्ञान ले लिया है। पीठ ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने की छूट देते हुए कहा कि दोहरे मंच नहीं होने चाहिए। › मणिपुर नहीं P13

### किसान नेताओं ने सरकार का प्रस्ताव ठुकराया

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने केंद्र के पांच फसलों को एमएसपी पर पांच साल तक खरीद संबंधित प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया। एसकेएम पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी किसान संगठनों के आंदोलन में शामिल नहीं है, और न ही केंद्र सरकार और किसान संगठनों के बीच चल रही वार्ता का हिस्सा है। हालांकि एसकेएम इसका बाहर से इसका समर्थन कर रहा है।

› संबंधित खबर P02,13

## केजरीवाल फिर पेश नहीं, कहा- ईडी कोर्ट के फैसले का इंतजार करे

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को आबकारी नीति मामले से जुड़े धनशोधन मामले में एक बार फिर पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। आम आदमी पार्टी ने इस समन को अवैध बताया है। ईडी ने केजरीवाल को इस मामले में पूछताछ के लिए छठी बार समन भेजा है।

दिल्ली विधानसभा में पत्रकारों के सवाल पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जो भी कानून के तहत है, उसका जवाब दिया जाएगा। वो इस मामले को लेकर खुद कोर्ट गए हैं। मुझे लगता है कि अब कोई भी नया समन जारी करने से पहले उन्हें कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। आम आदमी पार्टी ने कहा कि ईडी के तरफ से भेजा जा रहा समन गैर कानूनी है।

ईडी ने केजरीवाल को पहला समन दो नवंबर 2023 को भेजा था। बार-बार समन पर पेश नहीं होने के बाद ईडी ने इसी महीने की शुरुआत में कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। बीते 17 फरवरी को इस मामले में सुनवाई भी हुई, जिसमें मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए थे। केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र का हवाला देते हुए मार्च के पहले सप्ताह तक व्यस्तता बताई थी। कोर्ट में अब अब इस मामले में 16 मार्च को सुनवाई होगी।

› गलत बिल जमा न करें P03



### समन अवैध बताना अवमाननाः भाजपा

दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, अनुच्छेद 174 के अनुसार न्यायालय ने भी इस बात को माना है कि मुख्यमंत्री को जांच एजेंसी द्वारा भेजा गया समन वैध है। इसलिए उन्हें जांच में सहयोग देना चाहिए, लेकिन कोर्ट के फैसले के बावजूद समन को अवैध बताना अदालत की अवमानना है।

### प्रमुख पांच

**बीमा लौटाने के लिए ज्यादा समय मिलेगा**
1 बीमा पॉलिसी लौटाने के लिए अब ग्राहकों को दोगुना समय मिलेगा। P11

**डेढ़ माह में सिर्फ सात दिन साफ रही हवा**
2 राजधानी दिल्ली में बीते डेढ़ महीने में सिर्फ सात दिन हवा साफ रही। P04

**बाफ्टा में ओपेनहाइमर ने सात पुरस्कार जीते**
3 बाफ्टा पुरस्कारों में फिल्म ओपेनहाइमर ने सबसे ज्यादा सात अवॉर्ड जीते। P16

**नकुलनाथ कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे**
4 कमलनाथ के कांग्रेस छोड़ने की अटकलों पर विराम लगा। बेटे नकुल चुनाव लड़ेंगे। P12

**कोर्ट की मंजूरी के बिना नया चिड़ियाघर नहीं**
5 जंगल की जमीन पर सफारी, चिड़ियाघर के लिए सुप्रीम कोर्ट की अनुमति लेनी होगी। P13

## राहुल गांधी की यात्रा अमेठी पहुंची, स्मृति ने तंज कसा

- कांग्रेस नेता ने रोड शो और जनसभा की
- मणिपुर मुद्दे को लेकर सरकार पर हमला बोला

अमेठी, संवाददाता। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को अमेठी में दाखिल हुई। राहुल ने अमेठी कस्बे में रोड शो किया और गौरीगंज में संपर्क संवाद करते हुए बाबूगंज में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने आरोप लगाया कि देश को असल मुद्दों से भटकाया जा रहा है। उधर, अमेठी से सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने उन पर तंज कसा।

राहुल ने कहा कि पहली यात्रा में मैं यहां से नहीं गुजरा, इसलिए अब मैं भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर अमेठी में आपके सामने हाजिर हूं। उन्होंने कहा कि मणिपुर में आग लगी हुई है। केंद्र ने वहां दो वर्गों में लड़ाई करवा दी है। मणिपुर में लोगों को मारा गया है, घर जला दिए गए हैं। वहां पर सिविल वार जारी है। राहुल ने कहा, देश को असल मुद्दों से भटकाया जा रहा है।

अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, जो लोग अमेठी छोड़ गए और छूट गए वो केवल तब नजर आते हैं जब चुनाव होता है। राहुल की न्याय यात्रा को अमेठी में पूरी तरह फ्लॉप बताते हुए उन्होंने कहा कि माहौल ऐसा है कि रायबरेली की सीट भी परिवार ने छोड़ दी।

› चुनाव के समय दिखते हैं P12

## सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव के बैलेट पेपर मंगाए

- आज दोपहर दो बजे रिकॉर्डिंग देखेगी कोर्ट
- कोर्ट ने कहा, खरीद-फरोख्त पर चिंतित हैं

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। चंडीगढ़ मेयर चुनाव के मामले में सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को चुनावी मतपत्रों और मतगणना के दिन की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग देखेगा। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने सोमवार को सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

मेयर चुनाव में कथित धांधली के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'हम खरीद-फरोख्त को लेकर बेहद चिंतित हैं।' शीर्ष अदालत ने नए सिरे से मेयर चुनाव कराने की बजाय वर्तमान मतपत्रों के आधार पर परिणाम घोषित करने का प्रस्ताव दिया।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि वह इसके लिए मंगलवार को मतपत्रों और मतगणना के दिन की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग देखेगी। इसके लिए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को मतपत्र और मतगणना के दौरान की वीडियो फुटेज पेश करने का निर्देश दिया है। पीठ ने चंडीगढ़ से 'मतपत्र और वीडियो फुटेज' दिल्ली पहुंचाने के लिए न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का भी निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि हम दोपहर दो बजे खुद रिकॉर्डिंग देखेंगे और इसके बाद समुचित आदेश पारित करेंगे।

› चिह्न लगाए P13

### अंदर



बंबई हाईकोर्ट ने सीबीआई द्वारा कर्ज धोखाधड़ी केस में चंदा कोचर की गिरफ्तारी को 'सत्ता का दुरुपयोग' करार दिया .......P11



रांची में 23 से होने वाले चौथे टेस्ट में बुमराह को आराम दिया जा सकता है। वहीं, केएल राहुल वापसी कर सकते हैं ........P14

**कुछ अलग** | विलुप्त प्रायः छह प्रजातियों के गिद्ध पहली बार एक साथ देखे गए, बफर जोन में 259 की गिनती हुई

## दुधवा लौटने लगे प्रकृति के 'सफाईकर्मी'

■ मयंक वाजपेयी

लखीमपुर। प्रकृति के 'सफाईकर्मी' गिद्धों की छह प्रजातियां पहली बार एक साथ इस वर्ष दुधवा टाइगर रिजर्व में दिखी हैं। गणना में इनकी संख्या 259 पाई गई। इससे पहले दुधवा में एक साथ इतनी प्रजातियों के गिद्ध कभी नहीं देखे गए थे। इससे पहले दो तरह की ही प्रजातियों को देखा जाता रहा है।

जीव वैज्ञानिकों का मानना है कि विलुप्त प्रायः श्रेणी की रेड जोन में शामिल इन प्रजातियों के दोबारा फलने-फूलने से दुधवा के प्राकृतिक इकोसिस्टम के बेहतर होने की मुहर माना जा रहा है। दुधवा के बायोलॉजिस्ट विपिन कपूर सैनी और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के रिसर्च स्कॉलर अक्शा जसीम एवं सयैद बासित की टीम ने दुधवा बफर जोन में इन गिद्धों को देखा। कपूर ने बताया कि भारत में गिद्धों की नौ प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें से छह प्रजातियों का एक साथ देखा जाना सुखद संकेत है। सर्वेक्षण के दौरान इंडियन वल्चर, व्हाइट रम्पड, स्लेंडर बिल्ड, हिमालयन, सिनेरियस और यूरेशियन ग्रिफान प्रजाति के गिद्ध देखे गए हैं। जीव वैज्ञानिकों की टीम ने बफर जोन में 265 गिद्ध देखे जाने का दावा किया है। इससे पहले जनवरी, 2021 में दुधवा में 104 और बफर जोन में 195 गिद्ध मिले थे।



### हर प्रजाति की खास पहचान

बायोलॉजिस्ट विपिन के अनुसार, इन गिद्धों की हर प्रजाति देखकर पहचानी जा सकती है। व्हाइट-रम्पड गिद्ध के सफेद धब्बे-सा निशान दिखता है। स्लेंडर-बिल्ड की गर्दन लंबी होती है। सिनेरियस की आंखों के पास काला निशान होता है। बाकी हिमालयन और यूरेशियन ग्रिफॉन प्रजाति समान होती है। अब ये सभी दुधवा में दिख रही हैं।

> यह दुधवा के लिए बड़ी उपलब्धि है कि हमारे यहां विलुप्त प्राय गिद्धों की छह प्रजातियां दिखी हैं। सभी प्रजातियों की वैज्ञानिक पद्धति से शिनाख्त की गई है। हम गिद्ध संरक्षण पर लगातार काम कर रहे हैं। -डॉ रंगाराजू टी, उप निदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व



# सड़कों पर सख्ती से सिरदर्द बन गया जाम

**5 जगह 5 रिपोर्टर**

किसानों की दिल्ली कूच की घोषणा के चलते राजधानी के सभी बॉर्डर पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। साथ ही, अंदरुनी सड़कों पर भी बैरिकेड लगाकर जांच की जा रही है। इस कारण लग रहे जाम से वाहन चालक सुबह से लेकर देर शाम तक जूझ रहे हैं। खासतौर पर नई दिल्ली में प्रवेश करने वाले रास्तों पर बैरिकेड लगे होने से वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। सोमवार से बोर्ड की परीक्षाएं भी शुरू हो गई हैं। छात्रों को भी दिक्कत हो रही है। हिन्दुस्तान टीम की रिपोर्ट ...

## कड़े इंतजामों के बीच धीमा रहा यातायात

**चिल्ला बॉर्डर**

दिल्ली को नोएडा से जोड़ने वाले चिल्ला बॉर्डर पर सोमवार सुबह बैरिकेड लगे होने के चलते जाम की समस्या देखने को मिली। यहां बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। बैरिकेड से सड़क की दो लेन बंद की गई हैं। ट्रैफिक पुलिस के काफी प्रयासों के बावजूद यहां से वाहन दिनभर रेंगकर निकलते रहे।

सोमवार सुबह चिल्ला बॉर्डर पर पुलिस के जवानों ने वाहनों की जांच के लिए बैरिकेड लगाए थे। दिल्ली से नोएडा जाने वाले वाहन चालकों को ज्यादा परेशानी नहीं हुई, लेकिन नोएडा से चिल्ला बॉर्डर की तरफ आने वाले वाहनों को बैरिकेड पार करने में काफी समय लगा। मयूर विहार फेज 1 में रहने वाले अविचल दुबे ने बताया कि वह सुबह 9 बजे घर से नोएडा स्थित दफ्तर के लिए निकले थे। नोएडा से दिल्ली की ओर जाने में काफी परेशानी हुई।



**मुश्किल** कालिंदी कुंज के पास सोमवार को दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर चेकिंग के कारण लंबा जाम लग गया। यहां घंटों तक वाहन चालक फंसे रहे। ● सलमान अली

## बैरिकेड और अवैध पार्किंग बनी परेशानी का सबब

**मजनू का टीला**

राजधानी में मजनू का टीला के आसपास सोमवार को आना-जाना काफी मुश्किल भरा रहा। सोमवार को यहां अवैध पार्किंग के साथ पुलिस की ओर से लगाए गए बैरिकेड से वाहनों को निकलने में काफी परेशानी हुई।

स्थानीय निवासी शशिबाला ने बताया कि सोनिया विहार से मजनू का टीला आने-जाने में काफी मुश्किल होती है। यहां पर सड़कों पर खड़े वाहनों की वजह से पहले ही जाम की समस्या रहती थी, लेकिन इन दिनों बैरिकेड लगाने के चलते यह समस्या और बढ़ गई है।

उन्होंने बताया कि उन्हें सोनिया विहार से मजनू का टीला काम के लिए आना पड़ता है। जाम की समस्या को देखते हुए वह हर रोज अपने घर से 30 मिनट पहले निकलती हैं। मंडी हाउस से सोनिया विहार जाने वाले सुरिंदर कुमार ने बताया कि यह जाम पहले भी था, लेकिन पिछले एक सप्ताह से समस्या बढ़ गई है।

## दफ्तर पहुंचने से पहले घंटों फंसे रहे

**गाजीपुर बॉर्डर**

बॉर्डरों पर सख्ती के चलते सप्ताह के पहले दिन ही दफ्तर जाने वाले लोग बॉर्डरों पर जाम में फंसे रहे। दिल्ली से गाजियाबाद को जोड़ने वाले गाजीपुर बॉर्डर पर सुबह लगभग आठ बजे से वाहनों की लेन लगनी शुरू हुई थी। 8:30 बजे तक यहां पर लगभग दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया था।

एक्सप्रेसवे की तीन लेन हैं, लेकिन वाहनों की संख्या अधिक होने से जाम लग गया। दिल्ली की सीमा शुरू होने से पहले बड़े हिस्से को बंद किया गया था।

## खुदाई के चलते ट्रैफिक प्रभावित

**नेहरू प्लेस**

बाहरी रिंग रोड पर सिविक एजेंसी की ओर से मरम्मत कार्य किया जा रहा है। इसके चलते यहां सड़क किनारे गड्ढा खोदा गया है। सोमवार सुबह सड़क का कुछ हिस्सा बंद रहा। इसके चलते लोगों को जाम का सामना करना पड़ा।

बाहरी रिंग रोड पर मोदी मिल फ्लाईओवर से चिराग दिल्ली जाने की दिशा में सोमवार सुबह मरम्मत कार्य किया जा रहा था। इस कार्य के चलते बस स्टॉप पर खड़े लोगों को भी परेशानी हुई।

## हर रोज तैयारियों की समीक्षा हो रही

**सिंघु बार्डर**

दिल्ली की तरफ आ रहे किसान एक सप्ताह से सिंघु बॉर्डर से करीब 200 किलोमीटर दूर डेरा डाले हुए हैं, लेकिन सिंघु बॉर्डर पर तैनात सुरक्षाकर्मी अपनी तैयारियों में कोताही नहीं बरत रहे हैं। एडिशनल सीपी राजीव रंजन सिंह की देखरेख में सोमवार को सुरक्षाकर्मियों की तैयारियों की समीक्षा की गई। इसके लिए मॉक ड्रिल की गई।

आउटर नॉर्थ जिले के एडिशनल डीसीपी राजीव अम्बष्ठ के नेतृत्व में टीम ने बैरिकेड की मजबूती भी परखी।

## आंदोलन चलने तक राहत की उम्मीद नहीं

दिल्ली में चल रही जाम की समस्या से अगले कुछ दिनों तक राहत मिलती नहीं दिख रही। हरियाणा-पंजाब के बॉर्डर पर एक तरफ जहां किसान डटे हुए हैं तो वहीं दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस भी उन्हें रोकने के लिए पूरी तैयारी करके बैठी है।

न केवल बॉर्डर, बल्कि नई दिल्ली की तरफ आने वाले अधिकांश रास्तों पर बैरिकेड लगाकर 24 घंटे निगरानी की जा रही है। यह सुरक्षा जांच तब तक जारी रहेगी, जब तक किसान वापस नहीं लौट जाते। ऐसे में दिल्लीवासियों को अगले कुछ दिन जाम की परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

# दिल्ली पुलिस के बड़े अधिकारी बॉर्डर पर डटे

**मुस्तैदी**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** किसानों अदोलन को देखते हुए राजधानी के सीमावर्ती इलाकों की सुरक्षा को बेहद चौकस बनाने में जुटी पुलिस ने दिल्ली पुलिस के हर रेंज के वरिष्ठ अधिकारियों ने 13 फरवरी से ही बॉर्डर पर डेरा डाल रखा है।

किसानों के ऐलान के बाद से ही राजधानी के सीमावर्ती इलाकों पर चौकसी बढ़ा दी गई है। खाली प्लॉट और आसपास की सड़कों पर टेंट लगाकर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। रोज शाम इन इलाकों में तैनात पुलिसकर्मियों की ब्रीफिंग की जा रही है। सुरक्षाकर्मियों के बीच आपस में संवाद कायम करने के लिए वैकल्पिक तौर पर एक ऐसी यूनिट बनाई गई हैं जो कंट्रोल रूम की तर्ज पर काम कर रही हैं। बड़े पैमाने पर सुरक्षाकर्मियों के लिए खाने-पीने का इंताजाम किया गया है। कहीं तंबू तो तो कहीं पास के थाने में खाना बनाया जा रहा है। कुछ जगहों पर खाने के पैकेट भी बांटे ता रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने मुख्य मार्गो पर ही नहीं, बल्कि सीमा से जुड़े अंदरूनी इलाके की छोटी सड़कों पर भी सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं।

आलम यह है कि सीमावर्ती इलाकों में जिन छोटी सड़कों से पहले आवाजाही बिल्कुल आसान थी, अब वहां भी पिकेट लगाकर सुरक्षाकर्मियो की तैनाती कर दी गई है।

### 50 से ज्यादा स्थानों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

एक-एक कर यूपी और हरियाणा सीमा से लगती सड़कों की सुरक्षा को मजबूत बनाने का काम चल रहा है, जहां पहले एक-दो लेयर की सुरक्षा थी, उसे मल्टी लेयर में तब्दील कर दिया गया है। वहीं, इन इलाकों की अंदरूनी सड़कों पर भी करीब 50 से ज्यादा स्थानों पर पुलिस पिकेट लगाकर संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। सभी प्वाइंट पर पुलिस ने बैरिकेड, कंटेनर और क्रेन की व्यवस्था की है। इन प्वाइंट पर सुरक्षाकर्मियों की भी तैनाती की गई है।

# गाजीपुर में बैरिकेड और कील हटाई जाएं : टिकैत

**मांग**

**गाजियाबाद, व.सं.।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि वह फिलहाल दिल्ली नहीं जा रहे हैं, इसलिए गाजीपुर बॉर्डर पर कील और बैरिकेड लगाने की जरूरत नहीं है। इससे जनता परेशान हो रही है। किसान आंदोलन का समर्थन करते हुए टिकैत ने कहा कि 14 मार्च को दिल्ली जाएंगे। इससे पहले 21 फरवरी को किसान जिला मुख्यालय पर ट्रैक्टरों के साथ धरना देंगे।

टिकैत सोमवार को गाजियाबाद के भिक्कनपुर गांव में आयोजित महिलाओं की महापंचायत में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एमएसपी पर गांरटी कानून चाहिए। केंद्र सरकार ने एमएसपी पर जो फॉर्मूला निकाला है, वह मंजूर नहीं है।

**शहर 30 s**

### अमानतुल्लाह की अर्जी पर ईडी को नोटिस

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू अदालत ने सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड धनशोधन मामले में आप विधायक अमानतुल्ला खान की अग्रिम जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया है। इस दौरान विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए मामले को मंगलवार के लिए सूचीबद्ध कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने सुनवाई के दौरान अंतरिम सुरक्षा की अपील की, लेकिन अदालत ने राहत देने से इनकार कर दिया। मामले में मंगलवार को अगली सुनवाई की तारीख दी गई है।

### लकवाग्रस्त गर्भवती ने शिशु को जन्म दिया

**नई दिल्ली।** राजधानी में एक ऐसी 28 वर्षीय महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है, जो रीढ़ में टीबी होने की वजह से सात महीने तक लकवाग्रस्त थी। यह मरीज गर्भवती थी और चार माह से पीठ दर्द की समस्या से थी। गर्भधारण के छठे महीने में उनके दोनों पैर लकवाग्रस्त हो गए और उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। फोर्टिस अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विभाग की डॉक्टर सोनल गुप्ता के नेतृत्व में इलाज के बाद मरीज स्वस्थ हो गई थी। इसके बाद बच्चे को जन्म दिया।

### 'नया भारत अपनी गलतियां दोहराने वाला नहीं'

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने सोमवार को छत्रपति शिवाजी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'संकल्प : विकसित भारत@2047' कार्यक्रम में कहा कि नया भारत अपनी गलतियां दोहराने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के लिए विश्व स्तरीय कंपनियां खड़ी करनी होंगी। एक-एक ट्रिलियन डॉलर के कम से कम 100 ब्रांड भारत से होने चाहिए। नए भारत की बदलती तस्वीर हमारे सामने है।

### लुटियन दिल्ली के बाहर बिखरी ट्यूलिप की शोभा

**नई दिल्ली।** ट्यूलिप के फूलों की शोभा पहली बार लुटियन दिल्ली के बाहर भी बिखरी है। डीडीए के अलग-अलग पार्कों में लगभग एक लाख ट्यूलिप की पौध लगाई गई थी। इसमें से अब फूल आने लगे हैं। नई दिल्ली क्षेत्र में पिछले लगभग छह वर्षो से ट्यूलिप के फूलों को लगाया जाता रहा है। एनडीएमसी की ओर से इसे लेकर ट्यूलिप महोत्सव का भी आयोजन होता रहा है। इस सीजन में उप राज्यपाल वीके सक्सेना की पहल पर लुटियन दिल्ली से बाहर भी पौध लगाई गई है।

### जत्थेदार त्रिलोचन सिंह को याद किया

**नई दिल्ली।** जत्थेदार त्रिलोचन सिंह की 29वीं पुण्यतिथि पर नेशनल अकाली दल, फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन ने सदर बाजार स्थित कुतुबरोड पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। फेडरेशन के अध्यक्ष राकेश यादव और सतपाल सिंह गंगा ने कहा जत्थेदार त्रिलोचन सिंह ने हमेशा समाज हित के कार्य किए। इस मौके पर फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, वाइस चेयरमैन पवन खंडेलवाल, कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### आईआईआईटी दिल्ली ने शोध के लिए अनुबंध किया

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईआईआई) दिल्ली ने यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनोइस सिस्टम के साथ संयुक्त शैक्षिक और अनुसंधान गतिविधियों के लिए समझौता किया है। एक अधिकारी ने बताया कि इस समझौते का उद्देश्य दो प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना और शिक्षा और अनुसंधान में पारस्परिक विकास और उन्नति के रास्ते तलाशना है।

### मानेसर के किसान आज दिल्ली कूच करेंगे

**नई दिल्ली/गुरुग्राम।** मानेसर तहसील के सामने धरने पर बैठे किसानों ने मंगलवार को दिल्ली के लिए कूच करने का ऐलान किया है। जमीन बचाओ-किसान बचाव संघर्ष समिति ने कहा कि जमीन अधिग्रहण मामले में मुआवजा बढ़ाने समेत उनकी मांगें नहीं मानी गईं। इससे दुखी होकर किसानों ने दिल्ली जाने का फैसला किया। दूसरी ओर, मानेसर में काफी संख्या में पुलिस तैनात है।



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को नई दिल्ली में विवेकानन्द इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए उद्योग भवन से पीतमपुरा तक मेट्रो में सफर किया। इस दौरान उन्होंने कई छात्र-छात्राओं से भी बातचीत की। ● एजेंसी

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे का 5वां चरण जल्द पूरा होगा

**प्रोजेक्ट अपडेट**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** लंबे समय तक काम बंद रहने के बाद अब दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के पांचवें चरण से जुड़ी सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने मोहिउद्दीनपुर से खरखौदा रोड को एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए रैंप बनाने को मंजूरी दी है, जिसके बाद एनएचएआई ने प्रोजेक्ट को पूरी करने के लिए नए सिरे से समय सीमा निर्धारित की है।

इसी वर्ष दिसंबर तक एक्सप्रेसवे से जुड़े स्ट्रक्चर से लेकर सड़क बनाने का काम पूरा करना होगा। इसके बाद अगले वर्ष जनवरी में लोड टेस्टिंग और सेफ्टी ट्रायल रन के बाद फरवरी तक अंतिम रूप से एक्सप्रेसवे बनकर तैयार होगा।

**नौ महीने काम प्रभावित रहा :** एनएचएआई अधिकारियों का कहना है कि बीते वर्ष अप्रैल में एक्सप्रेसवे का काम रुका था। उस हिसाब से नौ महीने काम प्रभावित रहा है। इसलिए अब नौ से 10 महीने का अतिरिक्त समय दिया जा रहा है। हालांकि निर्माण एजेंसी चाहती है कि 18 माह का अतिरिक्त समय दिया जाए, लेकिन तकनीकी और पेपरों के हिसाब से एजेंसी यह साबित नहीं कर पाई कि 18 माह तक कार्य बंद रहा है। पूर्व निर्धारित समय सीमा के हिसाब से इसी वर्ष मार्च तक एक्सप्रेसवे पर यातायात शुरू होना था। इसलिए अब उससे आगे नौ से 10 महीने का समय दिया जा रहा है। मौजूदा समय में 14.60 किलोमीटर लंबे इस हिस्से पर 23 प्रतिशत काम हुआ है। हर महीने प्रोजेक्ट की समीक्षा होगा। साइट इंजीनियरों को भी प्रतिदिन के कार्य पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी काम आगे नहीं बढ़ता तो एजेंसी पर जुर्माना लगाया जाएगा।

**14.6** किलोमीटर लंबे इस हिस्से पर अब तक 23% काम हुआ

**09** माह काम प्रभावित रहा, इसलिए अतिरिक्त समय दिया जा रहा

### बिना जाम में फंसे दिल्ली से उत्तराखंड जा सकेंगे

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे का पांचवां चरण कनेक्टिविटी के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। पांचवां चरण मेरठ में हापुड़ रोड पर जाकर मिलेगा, जहां से मेरठ की रिंग रोड भी शुरू हो रहा है, जो आगे जाकर मेरठ से उत्तराखंड जा रहे नेशनल हाईवे को भी जोड़ता है। पांचवां चरण तैयार होने पर बिजनौर की तरफ से आने वाले लोग बिना मेरठ के अंदर घुसे दिल्ली पहुंच सकेंगे। वहीं, दिल्ली से भी लोग बिना मेरठ के अंदर जाए सीधे बिजनौर के रास्ते उत्तराखंड पहुंच पाएंगे। मेरठ के लोगों को इस प्रोजेक्ट का सबसे ज्यादा लाभ होगा।

# ईस्टर्न पेरिफेरल पर गड्ढों से एक महीने में राहत

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर मरम्मत का काम तेज कर दिया गया है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने रखरखाव का काम देख रही एजेंसी को लक्ष्य दिया है कि एक माह के अंदर एक्सप्रेसवे को नेशनल हाईवे से जोड़ने वाले सभी रैंप और लूप के बीच कोई गड्ढा नहीं होना चाहिए।

उधर, निर्माण एजेंसी ने कुछ हिस्सों में काम शुरू कर दिया है। एनएचएआई का कहना है कि पहले चरण में गाजियाबाद से अलीगढ़ नेशनल हाईवे को जोड़ने के लिए दादरी में बने लूप के रैंपों की मरम्मत का काम पूरा किया है। अभी तक अगर एनएच से एक्सप्रेसवे पर जाना होता था तो नीचे की सड़क काफी टूटी हुई थी। इस कारण वाहनों के चढ़ने और उतरने में परेशानी होती थी।

बारिश के बाद मरम्मत शुरू कराई गई तो सर्दी में प्रदूषण संबंधित रोक के चलते काफी समय तक काम रुका रहा। अब सारी स्थिति सामान्य होने पर फिर से काम शुरू हो गया है।

# तीन कॉरिडोर के निर्माण कार्य में तेजी आएगी

**मेट्रो फेज चार**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी में मेट्रो फेज चार के तीन कॉरिडोर के निर्माण में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को तीनों कॉरीडोर के लिए एमओयू साइन करने की मंजूरी दे दी है।

इन तीन कॉरिडोर में जनकपुरी पश्चिम से रामकृष्ण आश्रम, दिल्ली एयरोसिटी से तुगलकाबाद स्टेशन और मजलिस पार्क से मौजपुर कॉरिडोर शामिल हैं। ये कॉरिडोर 65.20 किलोमीटर लंबे होंगे और इनमें 45 मेट्रो स्टेशन हैं।

बताते चलें कि दिल्ली मेट्रो फेज चार के तहत कुल छह कॉरिडोर बनेंगे। इनमें से तीन को मंजूरी मिल गई है। इनमें जनकपुरी वेस्ट से रामकृष्ण आश्रम मार्ग का कॉरिडोर 29.262 किलोमीटर का होगा, जिसमें 22 मेट्रो स्टेशन होंगे। दूसरा कॉरिडोर दिल्ली एयरोसिटी से तुगलकाबाद स्टेशन तक बनेगा, जो 23.622 किलोमीटर लंबा होगा और इसमें 15 मेट्रो स्टेशन होंगे। तीसरा कॉरिडोर मजलिस पार्क से मौजपुर तक बनेगा, जो 12.318 किलोमीटर लंबा होगा और इसमें 8 स्टेशन होंगे। तीनों कॉरिडोर को मंजूरी मिल चुकी है।

**मंजूरी मिलने का इंतजार :** फेज चार के तहत कुल छह मेट्रो कॉरिडोर में से तीन कॉरिडोर को अभी मंजूरी नहीं मिली है। इनमें पहला रिठाला से बवाना, नरेला होकर कुंडली तक जाएगा। इसकी कुल लंबाई 26.463 किलोमीटर है, जिसमें 21 मेट्रो स्टेशन होंगे। दूसरा इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ तक 12.377 किलोमीटर का होगा और इसमें 10 स्टेशन होंगे। वहीं, तीसरा लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक तक बनेगा। इसकी लंबाई 8.38 किलोमीटर की होगी और इसमें 8 स्टेशन होंगे। इस तरह तीनों कॉरिडोर करीब 47.225 किलोमीटर लंबा होंगे।

### डीएमआरसी को जल्द जमीन सौंपी जाएगी

दिल्ली सरकार मेट्रो योजनाओं के लिए जरूरी जमीन को बिना किसी बाधा के तुरंत ट्रांसफर करने के लिए सभी आवश्यक कदम सुनिश्चित करेगी और उसे डीएमआरसी को सौंपेगी। इसमें सरकारी भूमि का पट्टा, हस्तांतरण या निजी जमीन की खरीद या अधिग्रहण शामिल होगा। दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि भूमि अधिग्रहण या हस्तांतरण के कारण योजना के काम में कोई देरी न हो। यह एमओयू भारत सरकार, दिल्ली सरकार और दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) के बीच है।

**योजना** एनजीटी ने वन विभाग की जमीन होने का दावा करने वाली याचिका को खारिज किया, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा नजदीक होने की वजह से यह स्टेशन बेहद महत्वपूर्ण


# बिजवासन में अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन बनने का रास्ता साफ

■ प्रभात कुमार

**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली, नई दिल्ली, निजामुद्दीन और आनंद विहार के बाद अब दिल्ली को एक और रेलवे स्टेशन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट बिजवासन में अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन के लिए जमीन को लेकर अड़चनें दूर हो गई हैं।

बिजवासन में अभी छोटा रेलवे स्टेशन है। इसे बड़े स्टेशन के रूप में विकसित करने के बाद यहां से महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान के लिए ट्रेनों का परिचालन हो सकता है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें दावा किया था कि जिस जमीन पर रेलवे स्टेशन का विस्तार करने की योजना है, वह वन विभाग की है। एनजीटी प्रमुख जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य जस्टिस सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए. सेंथिल वेल की पीठ ने रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) और दिल्ली सरकार के वन विभाग के जवाबों पर विचार करने के बाद याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने फैसले में माना है कि 1 लाख 24 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल वाली जमीन, जिस पर बिजवासन रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य हो रहा है, वह वन विभाग का नहीं है।

**12,500** वर्ग मीटर का ओपन एयर कॉनकोर्स बनेगा



बिजवासन में रेलवे स्टेशन बनने के बाद ऐसा दिखाई देगा। ● हिन्दुस्तान

**08** प्लेटफॉर्म बनाए जा रहे

**04** सब-वे यात्रियों के लिए बनाए जा रहे हैं

**1.24** लाख वर्ग मीटर क्षेत्रफल में स्टेशन बनेगा

### याचिकाकर्ता ने कोई ठोस साक्ष्य नहीं दिया

याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि जमीन वन विभाग की है और स्टेशन के पुनर्विकास के लिए करीब 1100 पेड़ों को अवैध रूप से काटा जा रहा है। रेलवे ने कहा था कि अभी तक कोई पेड़ नहीं काटा है। रेलवे की दलीलों को स्वीकार करते हुए एनजीटी ने आरएम आसिफ की याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा है कि याचिकाकर्ता ने संबंधित जमीन वन भूमि है और पेड़ों को अवैध रूप से काटा जा रहा है, इस बारे कोई ठोस साक्ष्य नहीं दिया है।

### बस अड्डा बनाने की योजना

द्वारका सेक्टर-21 मेट्रो स्टेशन पास होने की वजह से यह रेलवे स्टेशन यात्रियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यहां पर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अंतर्राज्यीय बस अड्डा बनाने की भी योजना है। आने वाले समय में महत्त्वपूर्ण ट्रांसपोर्ट हब बनने जा रहा है। यहां से यात्रियों के लिए बस, मेट्रो, रेलगाड़ी एवं हवाई जहाज की सुविधा होगी।

### भीड़ कम करने की कवायद

बिजवासन रेलवे टर्मिनल बनने के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से भीड़ कम होगी। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान की तरफ यहां चलने वाली सभी ट्रेने बिजवासन टर्मिनल से चलेंगी। इससे नई दिल्ली स्टेशन पर ट्रेनों और यात्रियों की भीड़ कम होने के चलते आसपास के इलाकों में यातायात जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी।

## काम की खबरें

**1**

### मरम्मत के चलते एक माह लोहे का पुल बंद रहेगा

पुराने लोहे के पुल पर जर्जर सड़क की मरम्मत की जा रही है। इसके चलते 11 मार्च तक लोहे का पुल बंद किया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

**2**

### परीक्षा के तनाव को दूर करेगा हेल्पलाइन नंबर

बोर्ड परीक्षा के दौरान तनाव को दूर करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1800116888/10580 जारी किया गया है। परीक्षा के दौरान यह नंबर 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने सर्कुलर जारी किया है। छात्रों की परेशानी काउंसलर की मदद से दूर की जाएगी।

**3**

### स्कूल फीस का बीबीपीएस से भी भुगतान कर सकेंगे

केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) ने स्कूल फीस के भुगतान के लिए भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) को अपनाया है। इसके अलावा अभिभावक पूर्व में निर्धारित अन्य विभिन्न प्लेटफार्म भी फीस भुगतान कर सकेंगे। यह 'डिजिटल इंडिया' पहल का एक हिस्सा है।

**4**

### वंदेभारत एक्सप्रेस उधमपुर-कठुआ रुकेगी

वैष्णोदेवी कटरा से नई दिल्ली के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस को उधमपुर और कठुआ स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव दिया गया है। कटरा से आते सुबह 6:14 उधमपुर और 8:03 बजे कठुआ रुकेगी। जाते समय रात 8:45 बजे कठुआ और 10.42 पर उधमपुर रुकेगी।

## आज का मौसम

28.0° अधिकतम | 13.0° न्यूनतम

सूर्योदय : 06:56। सूर्यास्त : 18:13

**अनुमान**

मौसम विभाग के मुताबिक, आज कई इलाकों में बूंदाबांदी के आसार हैं।



## दिल्ली में विश्व सुंदरियां

71वें मिस वर्ल्ड फेस्टिवल के लिए दुनिया के 100 से ज्यादा देशों की सुंदरियां सोमवार को नई दिल्ली पहुंचीं। यहां इन्होंने खूब तस्वीरें लीं और अपने अनुभव साझा किए। गौरतलब है कि भारत 28 साल बाद मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। इसका आयोजन 20 फरवरी से 9 मार्च तक दिल्ली और मुंबई में किया जाएगा। • सोनू मेहता

केजरीवाल ने सदन में वन टाइम सेटलमेंट को लेकर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पेश किया

# पानी का गलत बिल न भरें, छूट की योजना जल्द लाएंगे : सीएम

**बजट सत्र**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** पानी के बिल से परेशान लोग गलत बिल जमा न करें। सरकार हर हाल में दिल्ली जल बोर्ड की वन टाइम सेटलमेंट योजना लागू कराकर रहेगी। यह दावा सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा में बजट सत्र के दौरान किया।

इस योजना को अधिकारियों द्वारा लागू नहीं करने के चलते सदन में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाया गया, जो ध्वनिमत से पारित हो गया। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में 27 लाख से अधिक पानी के उपभोक्ता हैं। इसमें से 18.5 लाख उपभोक्ता बिल जमा नहीं कर रहे हैं।

**अधिकारी ने कैबिनेट में लाने से मना किया :** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जल बोर्ड ने इस योजना को 13 जून 2023 को पास कर दिया था। अब इसे लागू करने के लिए कैबिनेट में लाना था। वित्त सचिव को भेजा गया तो उन्होंने कहा कि मैं इस फाइल पर कुछ कमेंट नहीं करूंगा। इसके बाद शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने लिखित में शहरी विकास विभाग के सचिव को इसे कैबिनेट में लाने को कहा तो उन्होंने मना कर दिया।

**निलंबित भाजपा विधायक उच्च न्यायालय पहुंचे :** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र की शेष अवधि के लिए सदन से निलंबित किए गए भाजपा के सात विधायकों ने दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया है। इस मामले में पीठ मंगलवार को सुनवाई करेगी।

### शुरू न होने पर आंदोलन करेंगे : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि दिल्ली में काम रोकने के पीछे भाजपा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा अस्पताल में दवाई भी बंद करा चुकी है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी से आग्रह करता हूं कि वही इस योजना को लागू कराने के लिए एलजी से बात करें। मैं इसका श्रेय उन्हें दे दूंगा। अगर यह योजना लागू नहीं हुई तो हम आंदोलन करेंगे।

### इन दो तरीकों से उपभोक्ता भुगतान कर सकेंगे

- **पहला :** अगर उपभोक्ता ने दो से पांच वर्ष तक बिल नहीं भरा है तो इस दौरान उसके जो दो बिल ठीक मिलते हैं, उसे सही मान लिया जाएगा। इसका औसत निकालकर उसी आधार पर बाकी महीनों का बिल लिया जाएगा।
- **दूसरा :** ये नेबरहुड नीति है। इसमें मान लीजिए किसी के यहां पानी का मीटर ही नहीं है। उस स्थिति में उसकी गली में उसी साइज वाले मकान से (जहां पानी का मीटर लगा हो) औसतन एक महीने का बिल निकालेंगे। इसके बाद उसी आधार पर उसका बिल वसूलेंगे। मान लीजिए किसी का औसतन बिल 20 हजार लीटर है, उसका सारा बिल माफ हो जाएगा। अगर ज्यादा हुआ तो जुर्माना और ब्याज छोड़कर उससे बाकी बिल लिया जाएगा। इससे जल बोर्ड को 10.50 लाख उपभोक्ताओं के पानी का बिल भी मिलने लगेगा।

### उपराज्यपाल से हस्तक्षेप करने की मांग

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सदन से मैं हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि एलजी इस मामले में हस्तक्षेप करें। दिल्ली में संवैधानिक संकट खड़ा हो गया है। इस योजना को लेकर एलजी से भी मुलाकात की थी, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। अगर एलजी वीके सक्सेना अधिकारियों को एक फोन कर दें तो काम तुरंत हो जाएगा।

## माफ करने का दिखावा कर रहे: बिधूड़ी

**नई दिल्ली (प्र.सं)।** विधानसभा में जल बोर्ड के वन टाइम सेटलमेंट योजना को लेकर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली सरकार पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार जनता को लाखों का बिल भेजती है, अब माफ करने का दिखावा कर रही है। जब इस योजना पर अमल नहीं हो पाता तो अफसरों पर दोष डाल देते हैं।

वहीं, दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना है कि2015 में सत्ता में आते ही अपने वादे के ठीक विपरीत आप सरकार ने हर नए उपभोक्ता को एयर फ्लो मीटर देना शुरू कर दिए थे। आज दस लाख से अधिक उपभोक्ता फूंक वाले मीटर के कारण ही बिल में गड़बड़ी झेल रहे हैं।

## जीएसटी चोरी पर एलजी ने पत्र लिखा

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को जीएसटी (माल एवं सेवा कर) की कथित चोरी के मामले में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से वित्त मंत्री को इस मामले में विस्तृत जांच करने और व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए जाने चाहिए।

राजनिवास के मुताबिक इस तरह की समाचार आए हैं कि देश में कर चोरी के मामले में दिल्ली शीर्ष पर है। इस पर सक्सेना ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री से कहा है कि कुल मिलाकर 483 फर्जी कंपनियों का पता चला है जिनसे तीन हजार 28 करोड़ रुपये की कर चोरी हुई है।

## सामाजिक कार्यकर्ता ही सदस्य बनेंगे

**नई दिल्ली (क.स)।** स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) में सामाजिक कार्यकर्ता फिर से सदस्य बन सकेंगे। मगर, राजनीतिक दल के पंजीकृत कार्यकर्ता को सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य के तौर पर शामिल नहीं किया जाएगा। शिक्षा निदेशालय ने एसएमसी में सामाजिक कार्यकर्ताओं के समावेश की प्रक्रिया के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

निदेशालय द्वारा पिछले वर्ष एसएमसी में सामाजिक कार्यकर्ताओं को सदस्य के तौर पर शामिल करने को लेकर रोक लगा दी गई थी।

## राजधानी में 23 दुकानें और प्रतिष्ठान हर समय खुलेंगे

**नई दिल्ली (प्र.सं)।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को 23 और दुकानें तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खोलने की मंजूरी दे दी है।

सरकार की इस पहल से दिल्ली के अंदर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इन प्रतिष्ठानों को 24 घंटे संचालित के लिए श्रम विभाग की ओर से सीएम को प्रस्ताव भेजा गया था। अब अंतिम मंजूरी के लिए एलजी के पास फाइल भेजी गई है। सरकार ने जिन दुकानों को 24 घंटे संचालित करने की अनुमति दी है, वे गर्मियों में रात 9 से सुबह 7 बजे और सर्दियों में रात 8 से सुबह 8 बजे तक खुलेंगी। रात में महिला कर्मचारियों को काम करने की अनुमति नहीं होगी।

## शेल्टर होम बंद होने पर कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली (प्र.स)।** जर्जर हालत होने के चलते बेघरों के लिए बने पांच आश्रय गृहों (शेल्टर होम) को बंद किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट से नाराजगी जाहिर की है। इसे गंभीरता से लेते हुए अदालत ने दिल्ली आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) को रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।

DHIRSONS
JEWELLERS PVT LTD
— DHIRAJ DHIR GROUP —
Today's Hallmark 92% Gold Rate
₹57500/-* per 10gms.
.916 certified by B.I.S.
MAKING CHARGES
ONLY 7% ON ALL ITEMS
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market
New Delhi - 110024. Ph: 47284728

LIC HFL
LIC HOUSING FINANCE LTD
Home Loan @
8.35%* onwards
Up to ₹20cr
For Home Loan enquiry
8369998182
Apply online at
www.lichousing.com

आवासन और
शहरी कार्य मंत्रालय
भारत सरकार
Where Development
Values Nature
दिल्ली विकास प्राधिकरण
द्वारका में
आईलैंड फाउंटेन
(सैक्टर 1/7 एवं सैक्टर 2/6)
तथा
स्टॉर्म वॉटर चैनलों 2 एवं 5
के जीर्णोद्धार कार्य का
उद्घाटन
श्री विनय कुमार सक्सेना
माननीय उपराज्यपाल, दिल्ली
द्वारा
विशिष्ट अतिथि
श्री प्रवेश साहिब सिंह
माननीय सांसद, पश्चिमी दिल्ली
श्री रमेश बिधूड़ी
माननीय सांसद, दक्षिणी दिल्ली
फाउंटेन
12 फीट के 4 कैस्केड टाइप हॉर्स फाउंटेन
पुन: विकसित हरित क्षेत्र, बैरियर फ्री रैम्प
स्टॉर्म वाटर चैनल
पैदल चलने, जॉगिंग, साइकिल चलाने आदि के लिए हरा और स्वच्छ वातावरण प्रदान करना
चिल्ड्रन पार्क और स्टॉर्म वाटर चैनलों के किनारे सार्वजनिक शौचालय, ओपन एयर फूड कोर्ट, ओपन एयर थिएटर, योगा पवेलियन
सीवर अवरोध और उपचार
निवासियों की कनेक्टिविटी के लिए चैनलों के किनारे हरित पैदल पथ का विकास। नदी के सामने गतिविधियां जैसे डेक, पेर्गोला ब्रिज, चेक डैम आदि
दिनांक
मंगलवार, 20 फरवरी, 2024
पूर्वाह्न 11:30 बजे
स्थान
एग्जिट गेट नं. 1, द्वारका सैक्टर-9, मेट्रो स्टेशन के पास, द्वारका, नई दिल्ली
ddaofficial
official_dda
official_dda_
official_dda
कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.gov.in देखें या टोल फ्री नं. 1800-110332 डायल करें

# आपराधिक घटना का वीडियो वायरल हुआ तो नपेंगे पुलिस अफसर


एक्सक्लूसिव

■ अमित झा

नई दिल्ली। राजधानी में लगे करीब दो लाख सीसीटीवी कैमरों में आए दिन अपराध की फुटेज रिकॉर्ड हो जाती हैं। कई बार सनसनीखेज वारदात के वीडियो वायरल हो जाते हैं, जो पुलिस के लिए परेशानी का कारण बनते हैं। पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने सभी जिला डीसीपी को इस तरह के वीडियो वायरल होने से रोकने के निर्देश दिए हैं।

ऐसे वीडियो वायरल होने पर डीसीपी और एसएचओ की जवाबदेही तय की जाएगी। पुलिस आयुक्त ने हाल ही में जारी किए गए आदेश में बताया है कि बीते दिनों कई गंभीर अपराधों के सीसीटीवी फुटेज वायरल हो गए थे। इससे एक तरफ जहां पीड़ित की निजता खतरे में पड़ती है तो वहीं दूसरी तरफ आरोपी की शिनाख्त परेड (टीआईपी) कराना भी मुश्किल हो जाता है। वीडियो के लीक होने का सबसे बड़ा कारण है कि वारदात के बाद सीसीटीवी फुटेज लेने वाले पुलिसकर्मी उस डीवीआर (डिजीटल वीडियो रिकॉर्डर) को सीज नहीं करते, जिसमें यह फुटेज होती है। मामले की जांच कर रहे पुलिसकर्मी फुटेज को विभिन्न व्हाट्सऐप ग्रुप में डालकर आरोपी की पहचान का प्रयास करते हैं।

पुलिसकर्मी अपने मुखबिरों को भी यह भेजकर आरोपी की पहचान करवाने की कोशिश करते हैं। पुलिस आयुक्त ने भी माना कि अपराध की काफी घटनाओं को सुलझाने और अपराधियों को पकड़ने में इससे मदद भी मिलती है, लेकिन इन सबके बीच यह फुटेज लोगों के बीच वायरल हो जाती हैं। इसे रोकना भी आवश्यक है।




**02** लाख से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे दिल्ली सरकार ने लगा रखे हैं

■ आरोपी की पहचान भी सार्वजनिक हो जाती है

### स्क्रीनशॉट से जांच करने की सलाह

पुलिस आयुक्त की तरफ से निर्देश दिया गया है कि अपराध के बाद सीसीटीवी को सीज किया जाए। इसमें दिख रहे आरोपी की तस्वीरें निकाली जाएं और उन्हें पुलिस की विभिन्न टीमों और मुखबिरों को पहचान के लिए दिया जाए। ऐसा करने से आरोपी की पहचान भी हो जाएगी और वीडियो भी वायरल नहीं होगा।

### डीसीपी आदेश का पालन कराएं

पुलिस आयुक्त ने आदेश दिए कि फुटेज को वायरल होने से एसएचओ रोकेंगे। जांच के लिए आने वाली विभिन्न यूनिट जैसे स्पेशल स्टाफ, अपराध शाखा और स्पेशल सेल को भी वह केवल स्क्रीनशॉट ही उपलब्ध कराएं। यह यूनिट भी थाने की पुलिस से फुटेज नहीं मांगेगी। इस आदेश का पालन करवाने की जिम्मेदारी जिला और यूनिट डीसीपी की होगी।

" सीसीटीवी फुटेज किसी भी अपराध में डिजिटल साक्ष्य होता है। अगर फोरेंसिक जांच में इसकी फुटेज से छेड़छाड़ नहीं होने की बात सामने आती है तो अदालत उसे महत्वपूर्ण साक्ष्य मानती है। अगर सीसीटीवी वायरल होती है तो आरोपी का चेहरा लोगों में पहुंच जाता है। ऐसे में उसकी शिनाख्त परेड नहीं हो सकती।

– **अशोक चांद**, सेवानिवृत्त अतिरिक्त आयुक्त, दिल्ली पुलिस

## शहर 30s



कनॉट प्लेस स्थित केरल स्कूल में सोमवार को 12वीं और 10वीं कक्षा की परीक्षा देने के बाद पेपर की चर्चा करतीं छात्राएं। ● हिन्दुस्तान

### हिंदी-संस्कृत के पेपर से खुश दिखे छात्र

नई दिल्ली। सीबीएसई की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। मुख्य विषयों में सोमवार को 12वीं की हिंदी की परीक्षा आयोजित हुई जबकि 10वीं की संस्कृत की परीक्षा हुई। दोनों कक्षाओं के प्रश्नपत्र कठिन न होने के कारण छात्रों के चेहरे खिले थे। प्रीत विहार निवासी पीयूष राज ने बताया कि हिंदी विषय में मुझे किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई। प्रश्नपत्र थोड़ा लंबा जरूर था लेकिन आसान था।

### अपशब्द कहने से नाराज दोस्तों ने चाकू मारा

नई दिल्ली। कंझावला इलाके में अपशब्द कहने से नाराज दो युवकों ने दोस्त को चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 21 वर्षीय गौतम सावदा इलाके में रहता है। वह 13 फरवरी की रात घर के बाहर बैठा था। तभी शिवा और विशाल वहां पहुंचे। दोनों गौतम के पुराने दोस्त हैं। दोनों उसके पास गए और चाकू से ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया। दोनों आरोपी हरियाणा से पश्चिम यूपी होते हुए नेपाल भागने की फिराक में थे।

### ऑनलाइन रुपये भेजने पर पकड़ा हत्यारोपी

नई दिल्ली। पुलिस ने हत्या और लूट के मामले में शामिल आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान 25 वर्षीय मनीष कुमार के तौर पर हुई है। वह लूटे हुए मोबाइल के फोन-पे से रुपये ट्रांसफर कर रहा था और पकड़ा गया। शुक्रवार रात को नरेला इंडस्ट्रियल एरिया और नरेला में हत्या और लूट की दो वारदातें हुई थीं। एक मामले में साहिल की हत्या कर दी गई थी और दूसरे में आकाश नाम के युवक की पिटाई कर घायल कर दिया था।

### वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का अनुरोध

नई दिल्ली। वेलकम में 350 रुपये को लेकर हुए झगड़े के बाद 17 वर्षीय किशोर की चाकू मारकर हत्या करने के दो महीने बाद पुलिस ने आरोप पत्र दायर किया है। वारदात में शामिल आरोपी भी नाबालिग है, जिसके खिलाफ पुलिस ने किशोर न्याय बोर्ड से वयस्क के तौर पर मुकदमा चलाने का अनुरोध किया है। बीते साल 21 नवंबर को उत्तर पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में 16 वर्षीय किशोर ने 17 वर्षीय एक नाबालिग की चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

### लाखों की लूट में फरार दो बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। राजधानी के सरिता विहार और केशवपुरम इलाके में हुई लूट के दो मामलों में फरार दो बदमाशों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में शाहबाद-दौलतपुर निवासी अमित उर्फ सोनू और अनिल उर्फ सूरज शामिल हैं। अदालत ने अमित को सरिता विहार के जसोला इलाके में मनी एक्सचेंजर से हुई लूट के मामले में भगोड़ा घोषित किया हुआ था। केशवपुरम इलाके में कैश कलेक्शन एजेंट से अमित और सूरज ने मिलकर 12 लाख रुपये लूटे थे।

### अतिथि शिक्षकों को नियमित करें : एसोसिएशन

नई दिल्ली। ऑल इंडिया गेस्ट टीचर्स एसोसिएशन ने अतिथि शिक्षकों को नियमित करने की मांग फिर से दोहराई है। एसोसिएशन के महासचिव शोएब राणा ने बताया कि विधानसभा की कार्यवाही के दौरान पक्ष और विपक्ष दोनों अतिथि शिक्षकों को नियमित करने के मुद्दे पर सहयोग करने की सहमति दे रहे हैं। एसोसिएशन अतिथि शिक्षकों को नियमित करने के मुद्दे पर सरकार और विपक्ष का पूर्ण रूप से हर सम्भव सहयोग करने के लिए तैयार है।

### गैंगस्टरों को हथियार सप्लाई करने वाला पकड़ा

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने 16 फरवरी को नाला रोड, सागरपुर से हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। 20 साल से अवैध हथियारों की तस्करी में लिप्त आरोपी की पहचान मलखान सिंह के रूप में हुई है। 40 वर्षीय मलखान सिंह दिल्ली में सक्रिय मंजीत और नंदू की गिरोह सहित यूपी और मध्य प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टरों को हथियार सप्लाई करता था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर होने से सुधार नहीं, बीते दो वर्षों के मुकाबले इस बार ज्यादा प्रदूषण

# दिल्लीवालों ने बीते 49 में से सिर्फ सात दिन साफ हवा में सांस ली



प्रदूषण का प्रकोप

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। मौसम के अलग-अलग कारकों की वजह से दिल्ली के लोगों को इस बार सामान्य से ज्यादा प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। इस वर्ष के शुरुआती 49 दिन में सिर्फ सात दिन हवा साफ रही है। सीपीसीबी के आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो वर्षों की तुलना में इस बार प्रदूषण ज्यादा है।

दिल्ली के लोग यूं तो हर साल सर्दी के समय प्रदूषित हवा में सांस लेते हैं, लेकिन आमतौर पर जनवरी के दूसरे पखवाड़े से वायु प्रदूषण के स्तर में सुधार होने लगता है। इस बार फरवरी के दूसरे पखवाड़े में भी हवा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की कमी और हवा की रफ्तार कम होने के चलते लोगों को पहले से ज्यादा प्रदूषित हवा में सांस लेना पड़ा रहा है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े बताते हैं कि इस वर्ष के शुरुआती 49 दिनों में सिर्फ सात दिन ऐसे रहे हैं, जब वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 200 से नीचे रहा। वर्ष 2023 में इसी अवधि में 11 दिन और वर्ष 2022 में नौ दिन रही थी। यानी अगर हाल के तीन वर्षों के आंकड़ों पर निगाह डालें तो इस बार प्रदूषण का स्तर ज्यादा है।




इंडिया गेट पर सोमवार को पूरे दिन बादलों की आवाजाही रही। तेज हवा के कारण प्रदूषण से मामूली राहत मिली। ● सोनू मेहता

### ग्रैप का दूसरा चरण 120 दिन बाद हटा

प्रदूषण की स्थिति में सुधार की संभावना को देखते हुए ग्रैप का दूसरा चरण करीब हटा लिया गया। केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से गठित ग्रैप कमेटी ने सोमवार को इस पर फैसला लिया। बैठक में कहा गया कि अभी दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में और ज्यादा गिरावट आने की संभावना नहीं है। इसके चलते ग्रैप का दूसरा चरण हटाने का फैसला लिया गया। ग्रैप का दूसरा चरण पिछले वर्ष 21 अक्तूबर से लागू है। इसमें मुख्यतौर पर हॉट स्पॉट वाली जगहों पर प्रदूषण को कम करने के लिए पानी के छिड़काव, एंटी स्मॉग गन का प्रयोग करने जैसे उपाय शामिल हैं।

### बीते तीन वर्षों में शुरुआती दिनों की स्थिति




**सबसे अधिक दिन खराब हवा :** इस वर्ष के 49 दिनों में 31 दिन ऐसे रहे हैं, जब वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से ऊपर दर्ज किया गया। इसकी तुलना अगर पहले के वर्षों से करें तो सिर्फ 2016 में ऐसे दिनों की संख्या 32 थी। इस वर्ष 31 दिन बेहद खराब, तीन दिन गंभीर, आठ दिन खराब और सात दिन मध्यम श्रेणी में हवा रही है।

**दो दिन राहत के आसार :** वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक, हवा की रफ्तार बढ़ने से दो दिन यानी मंगलवार और बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 से नीचे आने की संभावना है। सोमवार को वायु गुणवत्ता खराब स्तर पर रही।

### कई इलाकों में आज बूंदाबांदी के आसार

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। राजधानी के कई इलाकों में आज बूंदाबांदी होने के आसार हैं। उधर, तेज धूप के कारण सोमवार की सुबह सीजन की सबसे गर्म रही।

दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री सेल्सियस रहा। एक दिन पहले की तुलना में तापमान में साढ़े पांच डिग्री बढ़ोतरी देखने को मिली।

दिल्ली में अब पश्चिमी विक्षोभ का असर साफ देखने को मिल रहा है। इसके चलते न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। आसमान साफ रहने से पिछले दिनों न्यूनतम तापमान आमतौर पर दस डिग्री से नीचे ही बना हुआ था, लेकिन अब इसमें इजाफा हुआ है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार को कुछ जगहों पर बूंदाबांदी हो सकती है। अगले दो दिन तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा। लेकिन, गुरुवार से हवा की दिशा उत्तर-पश्चिमी होने के चलते तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आने के आसार हैं।

### फेमस होने के लिए बम की झूठी कॉल

नई दिल्ली, प्र.सं.। जनकपुरी में रहने वाले एक युवक ने फेमस होने के लिए रविवार रात एयरपोर्ट पर बम की कॉल कर दी। कॉल मिलते ही हड़कंप मच गया और पूरे एयरपोर्ट पर तलाशी अभियान चलाया गया। इसके बाद कॉल को गलत करार दिया गया।

मामले में कुछ घंटों के भीतर आरोपी कुशाग्र अग्रवाल को एयरपोर्ट पुलिस ने जनकपुरी से गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार रविवार रात एयरपोर्ट पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली। कॉल करने वाले ने बताया कि उसने एयरपोर्ट के मैदान में बम लगा दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एयरपोर्ट पर तुरंत हाई अलर्ट घोषित किया और सुरक्षा जांच की गई। इसमें कुछ संदिग्ध नहीं मिला।

### लूट के विरोध पर पिता-पुत्र को पीटा

नई दिल्ली, का.सं.। सोनिया विहार इलाके में रविवार रात पिता-पुत्र को लूटने आए बदमाशों ने विरोध करने पर फायरिंग कर दी। दोनों के सिर पर पिस्टल के बट से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद हवाई फायरिंग कर फरार हो गए।

उत्तर पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि गत रविवार रात करीब 9:30 बजे सोनिया विहार मेन मार्केट में तीसरे पुश्ते पर एक गहने की दुकान के बाहर गोलीबारी की सूचना मिली थी। सोनिया विहार निवासी मोहित पांडेय ने बताया कि वह रात को अपने पिता राजेश पांडेय के साथ दुकान बंद करके वहां से निकलने ही वाले थे। तभी वहां चार अज्ञात लोग आए और बैग लूटने की कोशिश करने लगे। बैग में 3000 नकद, चांदी के गहने और चाबियां थी।

## किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

शर्मनाक

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। कापसहेड़ा इलाके में 17 फरवरी को एक 15 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म हो गया। 18 फरवरी को परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने नाबालिग सहित तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

पकड़े जाने पर तीनों खुद को नाबालिग बता रहे थे, लेकिन जांच के बाद दो आरोपी बालिग निकले। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 15 वर्षीय पीड़िता परिवार के साथ कापसहेड़ा इलाके में रहती है। उसकी दोस्ती पड़ोस में ही रहने वाले एक युवक से है। 17 फरवरी को युवक ने पीड़िता को फोन कर मिलने बुलाया। पीड़िता मिलने के लिए गई, जहां आरोपी के दो दोस्त पहले से मौजूद थे। उन्होंने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।


उ0प्र0 लोक सेवा आयोग

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या ए-3/ई-1/2023 दिनांक **21.08.2023** के अन्तर्गत विज्ञापित स्टाफ नर्स (पुरूष/महिला) प्रा0 परीक्षा-2023 से सम्बन्धित पद चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग उ0 प्र0 के है। महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 के पत्र दिनांक **21 नवम्बर, 2023** द्वारा यह अवगत कराया गया है कि दिव्यांग (पी0एच0) अभ्यर्थियों हेतु उपश्रेणी केवल ओ0एल0 (One Leg) चिन्हांकित है। अतः शासनादेश सं0 5/2022/18/1/2008/47/ का-2/2022 दिनांक 18 अप्रैल, 2022 के बिन्दु-5 में निहित प्राविधानानुसार प्रश्नगत पद हेतु दिव्यांग (पी0एच0) अभ्यर्थियों के लिए चिन्हांकित ओ0एल0 (One Leg) से भिन्न उपश्रेणियों में ऑनलाइन दावे के आधार पर प्रारम्भिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन मा0 आयोग द्वारा निरस्त कर दिया गया है।

**संख्याः**- 09/02/ई-2/2023-2024 **ओंकार नाथ सिंह**

**दिनांकः** प्रयागराज, 19 फरवरी, 2024 (अनुसचिव)



अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद इकबाल पुत्र श्री हाजी दिलावर, निवासी– बी–49, पहली मंजिल, जोशी कॉलोनी, दिल्ली ने मुकदमा संख्या 239/14 धारा 288/336/506 IPC अन्तर्गत थाना मधू विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इकबाल** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इकबाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **मुकदमा संख्या 239/14 धारा 288/336/506 IPC अन्तर्गत थाना मधू विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इकबाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.03.2024** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार

**श्री उद्भव कुमार जैन**

महानगर दण्डाधिकारी–04

कमरा नं0 31, शाहदरा

कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/1549/ED/2024 (Court Matter)**


## हवाई टिकट पोर्टल में निवेश के नाम पर 18 लाख ठगे

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। मंदिर मार्ग स्थित कालीबाड़ी लेन इलाके में हवाई टिकट बुकिंग पोर्टल में निवेश के नाम पर एक दंपती से 18 लाख की ठगी हो गई। नई दिल्ली साइबर पुलिस ने बुधवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित 51 वर्षीय लिंडोनेगर टिमोथी स्टीवंस अपनी पत्नी मैरजरी हेलेन स्टीवंस के साथ कालीबाड़ी लेन स्थित सीपीडब्ल्यूडी फ्लैट्स ब्लॉक 10 में रहते हैं। उन्होंने बताया कि करीब तीन महीने पहले व्हाट्सऐप पर एक अंजान व्यक्ति ने उनकी पत्नी से संपर्क किया। आरोपियों ने पत्नी को हवाई टिकट बुकिंग पोर्टल में निवेश से लाखों के मुनाफे का झांसा दिया।

आरोपियों ने उन्हें बताया कि उनका बुकिंग पोर्टल अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय फ्लाइटों की बुकिंग करता है। इसके बाद उन्हें एक टेलीग्राम समूह में जोड़ा और पोर्टल का एक लिंक भेजा। आरोपियों ने लिंक पर जाकर वेबपोर्टल में रुपये अपलोड करने को कहा। इसके बाद पीड़िता ने अपने और पति के खाते से करीब 11 बार में 18 लाख रुपये निवेश कर दिए। जब पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने अपने पति को पूरी बात बताई। इसके बाद पति ने पुलिस में शिकायत की।

### खाता हैककर जालसाजी करने वाले दोस्त दबोचे

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दक्षिण दिल्ली जिला पुलिस ने 18 फरवरी को गुरुग्राम से ऑनलाइन खाना डिलीवर करने वाली कंपनी का खाता हैक कर ठगने वाले दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों अनिकेत कालरा और हिमांशु कुमार के पास से दो मोबाइल, तीन सिमकार्ड, नौ क्रेडिट व डेबिट कार्ड और एक फर्जी आधार कार्ड बरामद किया है। पुलिस को इनके तीसरे साथी अंश की तलाश है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह पीड़ितों के अकाउंट की जानकारी जुटाकर उनका खाता हैक कर लेते थे।


गुमशुदा / अपहृत की तलाश



स्नेहा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **स्नेहा पुत्री अनिल कुमार** निवासी झुग्गी नंबर N-28/B-434, CSA कॉलोनी WPIA, अशोक विहार, दिल्ली, जो अपने घर से दिनांक. 01.02.2024 से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR/ DD.No.62/24 दिनांक.03.02.2024 थाना: अशोक विहार, दिल्ली** में दर्ज है। इस लड़की का शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है।

**उम्र-** 17 वर्ष, **रंग-** साँवला, **कद-** 5'2", **चेहरा:** गोल, **शरीर:** मध्यम, **पहनावा-** बैंगनी रंग का सूट और काले रंग की पजामी पहने है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी व्यक्ति को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो **थाना: अशोक विहार, दिल्ली** निम्नलिखित ई-मेल: cic/cbi.gov.in और वेबसाइट http://cbi.nic.in पर सूचित करे।

**फोन: 011-24368638,24368641**

**फैक्स नं. 011- 24368639**

**DP/1424/NW/2024**

**हस्ता/- थानाध्यक्ष**

अशोक विहार, दिल्ली,

**फोन: 8750870221**


## शाहबाद डेरी में सैकड़ों झुग्गियां जलकर खाक

हादसा

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। शाहबाद डेरी इलाके की बंगाली बस्ती स्थित झुग्गियों में रविवार देर रात आग लग गई। इसमें करीब 150 झुग्गियां जलकर राख हो गईं। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस की प्राथमिक जांच में चूल्हे से निकली चिंगारी से आग लगने की बात सामने आई है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि शाहबाद गांव के रोहिणी सेक्टर-28 में डेढ़ सौ झुग्गियों में एक हजार के आसपास लोग रहते हैं। इन लोगों का काम कूड़ा जमा करना और इसके बाद कबाड़ी को बेचना है। कुछ लोग कबाड़ खरीदने का भी काम करते हैं। इसकी वजह से काफी बड़े क्षेत्र में कबाड़ भी फैला हुआ है। स्थानीय निवासी 60 वर्षीय यार मोहम्मद ने बताया कि सभी लोग रात को काम से लौटकर झुग्गी में आराम कर रहे थे।

यहां के लोग भोजन अमूमन झुग्गी के बाहर पकाते हैं। इसी दौरान कुछ बच्चे चूल्हे से पॉलीथीन में आग लगाकर खेल रहे थे। तभी आग झुग्गी और कबाड़ में फैल गई। आग लगने के समय बड़ी संख्या में लोग झुग्गियों में सो रहे थे। वे सभी शरीर पर पड़े वस्त्र को पहन कर जान बचाने के लिए भागे। तभी करीब सवा 10 बजे घटना की सूचना दमकल और पुलिस को दी गई। इसके साथ ही स्थानीय लोग आग बुझाने के काम में जुट गए।

दमकल की 15 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने के काम में जुट गईं। दमकल कर्मियों ने एक घंटे के अंदर आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक डेढ़ सौ झुग्गियां जलकर राख हो गईं थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



नई दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में रविवार रात लगी आग को बुझाने का प्रयास करते दमकल विभाग के कर्मचारी और स्थानीय लोग। ● एजेंसी

### तंग रास्ते की वजह से आई दिक्कत

स्थानीय निवासी जहांआरा ने बताया कि तंग गलियों की वजह से दमकल कर्मियों को आने में दिक्कत हुई। हालांकि, स्थानीय एसएचओ राजीव रंजन और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच कर बचाव कार्य में जुट गए थे। ट्रैफिक और स्थानीय पुलिसकर्मियों ने रास्ता साफ कराया।

### सरकार से मदद की गुहार

ठंड की रात होने की वजह से लोगों को खुले आसमान के नीचे सोने की नौबत आ गई थी। स्थानीय पुलिस ने टेंट आदि की व्यवस्था की। इसके अलावा स्थानीय लोगों की मदद से भोजन की भी व्यवस्था कराई गई। लोगों ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

### नेब सराय की झुग्गियों में आग से सिलेंडर फटे

नई दिल्ली, व.सं.। नेबसराय स्थित झुग्गियों में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से दो सिलेंडर फट गए, जिससे आग फैल गई और करीब आधा दर्जन झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया। दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर राजेश शुक्ला और स्टेशन ऑफिसर मनोज मेहलावत सहित 40 दमकलकर्मियों की टीम ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

### मोबाइल तस्कर गैंग का खुलासा

नई दिल्ली, का.सं.। शाहदरा जिले के स्पेशल स्टाफ ने रविवार को अंतरराज्यीय मोबाइल तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ कर 101 मोबाइल बरामद किए। यह लोग पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली से चुराए और लूटे गए मोबाइल नेपाल में बेच देते थे। पुलिस ने चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान सोहन लाल, चांसी बैठा, मंतेश कुमार और सलीम उर्फ बब्लू के रूप में हुई है। सलीम जामा मस्जिद और अन्य तीनों मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं।

## हनी बी नेटवर्क ने इनोवेशन अवॉर्ड के लिए आवेदन मांगे

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। हनी बी नेटवर्क ने इनोवेटर और आविष्कारकों के लिए इस साल 16 लाख रुपये के पुरस्कारों की घोषणा की है। वैज्ञानिक, जमीनी आविष्कारक करने वाले, विज्ञान के छात्र इनके लिए आवेदन कर सकते हैं।

नेटवर्क के प्रमुख प्रोफेसर अनिल के. गुप्ता ने बताया कि हनी बी नेटवर्क-क्रिएटिव एंड इंक्लूसिव इनोवेशन अवॉर्ड कुल 15 आविष्कारकों को दिए जाएंगे। कुल 16 लाख की राशि के पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन मांगे गए हैं। पहला पुरस्कार पांच लाख, दूसरा तीन लाख और तीसरा दो लाख का रखा गया है, जबकि 12 प्रशंसा पुरस्कार 50-50 हजार रुपये की राशि के रखे गए हैं।

बता दें कि हनी बी नेटवर्क लंबे समय से छात्रों और जमीनी आविष्कारकों में नवाचार को बढ़ाने में संलग्न है। नेटवर्क की ओर से चुने गए आविष्कारकों को न सिर्फ सम्मानित किया जाता है, बल्कि उनके नवाचार को देश के शीर्ष संस्थानों की मदद से बाजार तक पहुंचाया जाता है।

### महिला की संदिग्ध हालात में मौत

नई दिल्ली, व.सं.। बुराड़ी में सोमवार सुबह एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पुलिस ने मजिस्ट्रियल जांच के लिए पत्र लिखा है। घटना के बाद से महिला का पति फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

मधुबनी निवासी 30 वर्षीय पूजा की शादी करीब छह साल पहले दरभंगा जिले के राकेश से हुई थी। राकेश और पूजा शुक्रवार को हैदराबाद से बुराड़ी आए थे। रविवार रात को पार्टी करने के बाद दोनों पहली मंजिल पर बने कमरे में सोने चले गए। सुबह शंकर राय की पत्नी निर्मला देरी होने पर दोनों को जगाने गई तो खुलासा हुआ।

सत्यमेव जयते
शिक्षा मंत्रालय
भारत सरकार

# विकसित भारत की ओर विराट उड़ान



## देश को 13,300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से शिक्षा और कौशल विकास की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात

माननीय प्रधानमंत्री
**श्री नरेन्द्र मोदी**
के कर-कमलों द्वारा
देश भर में **13,300 करोड़ रुपये** की लागत से
25 केंद्रीय विद्यालय, 19 जवाहर नवोदय विद्यालय समेत 12 केंद्रीय विश्वविद्यालय, 10 आईआईटी, 5 आईआईआईटी, 3 आईआईएम, 2 आईआईएसईआर, 4 एनआईटी, 1 एआईसीटीई और 2 कौशल विकास संस्थान के विभिन्न इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का
**उद्‌घाटन / राष्ट्र को समर्पण / शिलान्यास**
एवं
**पीएम उषा** के अन्तर्गत **78 परियोजनाओं** के लिए
**₹ 3,600 करोड़ से अधिक की घोषणा**

| उद्‌घाटन | राष्ट्र को समर्पण | शिलान्यास |
|---|---|---|
| ₹ 3,000 करोड़ से अधिक के | ₹ 6,900 करोड़ से अधिक के | ₹ 3,400 करोड़ से अधिक के |

देशभर के विद्यार्थियों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण कदम
राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों का देश भर में फैल रहा जाल
देश के हर क्षेत्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ

**गरिमामयी उपस्थिति**

**श्री मनोज कुमार सिन्हा**
माननीय उप-राज्यपाल
जम्मू एवं कश्मीर

**श्री डॉ. जितेन्द्र सिंह**
राज्यमंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

**श्री जुगल किशोर शर्मा**
माननीय लोकसभा सांसद, जम्मू

**श्री गुलाम अली खटाना**
माननीय राज्य सभा सांसद, जम्मू एवं कश्मीर

स्थान: जम्मू | 20 फरवरी 2024, मंगलवार | समय: सुबह 11:00 बजे











कार्यक्रम का सीधा प्रसारण DD NEWS पर

CBC 21201/13/0008/2324

# समाधान की कोशिशें

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में चल रहे किसान आंदोलन के समाधान की कोशिशें एक-एक कर नाकाम हो रही हैं, तो यह न केवल दुखद, बल्कि चिंताजनक भी है। केंद्र सरकार ने 18 फरवरी को किसानों के सामने प्रस्ताव रखा था, जिसके तहत किसानों के साथ पांच फसलों, अर्थात मक्का, कपास, अरहर, मसूर और उड़द की खरीद के लिए पांच साल का अनुबंध किया जाना था। सरकार के इस प्रस्ताव में किसान नेताओं ने विचार का आश्वासन दिया था, पर संयुक्त किसान मोर्चा ने 19 फरवरी को चंडीगढ़ में केंद्रीय मंत्रियों के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। सरकार चाहती है कि किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित किया जाए, पर किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य की वैधानिक गारंटी की मांग पर अड़े हुए हैं। वास्तव में, किसानों को दिया गया प्रस्ताव नया नहीं था और ऐसी आश्वस्ति एकाधिक पार्टियों के चुनावी घोषणापत्र में पहले भी आ चुकी है। ऐसी ही अनुशंसा स्वामीनाथन की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय किसान आयोग ने साल 2006 में की थी। किसानों को पुरानी अनुशंसा पूरी होने का स्वागत करना चाहिए था, भले ही वे अपनी अन्य मांगों के लिए अड़े रहते। कुल मिलाकर रविवार को जो उम्मीदें बंधी थीं, सोमवार शाम होते टूट गईं।

चंडीगढ़ में किसान नेताओं ने घोषणा कर दी है कि गारंटीशुदा खरीद वाली सभी फसलों के लिए एमएसपी@सी2+50 प्रतिशत से नीचे कुछ भी स्वीकार्य नहीं है। किसानों की मांग बहुत लंबी-चौड़ी है, जिसे वे बार-बार दोहरा रहे हैं। अन्य मांगों में ऋण माफी की मांग शामिल है। बिजली का निजीकरण नहीं करने, व्यापक सार्वजनिक क्षेत्र की फसल बीमा योजना लाने, 60 साल से अधिक उम्र के किसानों को 10,000 रुपये मासिक पेंशन देने, अजय मिश्रा टेनी को बर्खास्त करने और मुकदमा चलाने की भी मांग हो रही है। कुछ मांगें बहुत गंभीर किस्म की हैं, जिनको पूरा करने का असर देश में अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों पर भी पड़ सकता है। देश में अनेक वर्ग ऐसे हैं, जो ताकतवर नहीं हैं, राजधानी को घेरने की स्थिति में नहीं हैं, तो क्या उनकी मांगें कभी नहीं मानी जाएंगी? खासतौर पर एक सूबे के किसान नेता अपने आंदोलन को देश भर में फैलाना चाहते हैं, तभी तो पूरे भारत में भाजपा व एनडीए के संसदीय क्षेत्रों में शांतिपूर्ण प्रदर्शन, सार्वजनिक बैठकें और मशाल जुलूस आयोजित करने का आह्वान भी किया गया है। साफ है, किसान आंदोलन को पूरे देश में फैलाने के उपाय किए जा रहे हैं। हालांकि, अन्य राज्यों पर अगर हम नजर फेरें, तो किसान आंदोलन के प्रति सुगबुगाहट न के बराबर महसूस हो रही है। क्या इस आंदोलन के नेताओं ने बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र जैसे राज्यों के किसानों को भी विश्वास में लिया है? देखना चाहिए कि उनका आंदोलन एक सूबे का आंदोलन न मान लिया जाए।

**अगर सरकार द्वारा किसी आंदोलन के खिलाफ बल प्रयोग सही नहीं है, तो किसी आंदोलन की उग्रता या अनुशासनहीनता का भी कतई स्वागत नहीं किया जा सकता।**

चिंता बढ़ रही है कि किसानों का आंदोलन आने वाले दिनों में उग्र होता जाएगा। हालांकि, इस बार आंदोलन को पिछली बार की तरह व्यापक समर्थन नहीं दिख रहा है, क्योंकि ज्यादातर लोगों को लगता है कि चुनाव से ठीक पहले आंदोलन के राजनीतिक निहितार्थ ज्यादा हो सकते हैं। अगर सरकार द्वारा किसी आंदोलन के खिलाफ बल प्रयोग सही नहीं है, तो किसी आंदोलन की उग्रता या अनुशासनहीनता का भी कतई स्वागत नहीं किया जा सकता। शांतिपूर्ण और तार्किक समाधान की राह जल्द से जल्द निकलनी चाहिए।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 20 फरवरी, 1949

### डर्बन रक्तपात की जांच

पिछले साल डर्बन में जातीय वैमनस्य का जो आकस्मिक विस्फोट हुआ था, वह इस बात का परिचायक था कि दक्षिण अफ्रीका में भारतीय विरोधी विष बड़ी तत्परता के साथ फैलाया जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका की सरकार पिछले अनेक वर्षों से एशियाइयों- विशेषतः भारतीयों -के प्रति जो भेदभाव कर रही है वह किसी से छिपा नहीं है। वहां के भूतपूर्व प्रधानमंत्री जनरल स्मट्स तो अपनी भारतीय-विरोधी मनोवृत्ति के लिए पहले ही प्रख्याति प्राप्त कर चुके थे, नये चुनाव में जब डाक्टर मलान की विजय हुई तो शासन की बागडोर सम्हालते ही उन्होंने भारतीयों के विरुद्ध आंदोलन आरम्भ कर दिया और घोषणा की कि भारतीय दक्षिण अफ्रीका से निकाल बाहर किये जायेंगे। इस दूषित नीति ने वह दिन दिखाया जब दक्षिण अफ्रीका के मूल निवासी, जिनमें वैमनस्य का बारूद ठूंस-ठूंसकर भरा गया था, सहसा भारतीयों पर फट पड़े और दक्षिण अफ्रीका के इतिहास में ऐसी अप्रिय घटना घटी जिसकी कल्पना भी नहीं की जाती थी।

इस दुर्घटना के संबंध में अब तक विभिन्न व्यक्तियों और संस्थाओं ने जो मत प्रकट किये हैं उनसे इसमें कण भर भी संदेह नहीं रह गया है कि डर्बन का रक्तपात डाक्टर मलान और उनके अनुयायी गौरांगों द्वारा फैलाई गई जातीय घृणा का परिणाम था। फिर भी वास्तविकता की जांच के लिए दक्षिण अफ्रीका की सरकार की ओर से एक कमीशन नियुक्त किया गया था, जिसने विगत बृहस्पतिवार को अपना कार्य आरम्भ कर दिया। कमीशन के समक्ष प्रारम्भिक भाषण करते हुए अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस के संयुक्त प्रतिनिधि डाक्टर जी.एस. लोवेन ने कहा कि डर्बन का वह दुर्भाग्यपूर्ण जातीय उपद्रव यूरोपियनों द्वारा प्रेरित था और यह सिद्ध करना सम्भव है कि उपद्रव के दिनों में गौरांगों ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अफ्रीका के मूल निवासियों को हिंसात्मक कार्य करने के लिए उकसाया था। वह उपद्रव, जिसमें १२० अफ्रीकियों-भारतीयों की आहुति चढ़ गई थी, अफ्रीका के मूल निवासियों और भारतीयों के पारस्परिक वैमनस्य का फल नहीं था, बल्कि उसकी जड़ में कुछ ''गहरे कारण'' थे। डाक्टर लोवेन ने कहा कि यह बात तो स्वीकार की जा सकती है कि कुछ आदिवासियों के हृदय में कतिपय भारतीयों के प्रति वैमनस्य रहा हो, किंतु यह बात सत्य है कि अफ्रीकियों ने भारतीयों के विरुद्ध कभी कोई सामूहिक आंदोलन नहीं किया।

# ताकि आंदोलनों में किसी की जान न जाए

Join Magazine Group @ ₹60/m WhatsApp To 8969469464 Join Epaper Group @ ₹30/m WhatsApp To 8969469464



राय की राय
यहां स्कैन करें

विभूति नारायण राय | पूर्व आईपीएस अधिकारी

**पुलिस बल के प्रयोग के चरण और उसकी सीमाएं निर्धारित हैं। अगर उनका पालन किया जाए, तो अधिकांश मामलों में जान-माल के गंभीर नुकसान से बचा जा सकता है।**




हर बड़े जनांदोलन के बाद पूरे अस्त-व्यस्त माहौल में सिर्फ एक छवि हमारी स्मृतियों में बची रह जाती है, और वह होती है, थके-हारे पुलिसकर्मियों की, जिनकी पूरे घटनाक्रम की शुरुआत में आमतौर से कोई भूमिका नहीं होती, मगर अंत में ठीकरा उन्हीं के सिर पर फूटता है। पिछले कुछ दिनों से जारी किसान आंदोलन के हर दिन शाम को इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया की छवियां भी लगभग ऐसी ही हैं। किसान जिन मांगों को लेकर आंदोलित हैं, उनका पुलिस से कोई रिश्ता नहीं हो सकता। न तो मांगें उनके किसी दुराचरण से उपजी हैं, और न ही उनके पूरा होने या न होने में पुलिस की कोई भूमिका हो सकती है, मगर राज्य की सबसे दृश्यमान और दमनकारी भुजा होने के कारण आंदोलनकारियों से पहला मुचेहटा उन्हें ही लेना पड़ा है। किसानों के मामले में एक औसत पुलिसकर्मी की सहानुभूति भी आंदोलन के साथ थी, क्योंकि उनमें से ज्यादातर गांवों से खेती-किसानी की पृष्ठभूमि से आते हैं, पर सिखलाई और अनुशासन के चलते वे अपने भाई-बंधुओं से कई दिनों से मोर्चा ले रहे हैं।

आंदोलनकारियों और पुलिस के बीच के रिश्ते एक पराधीन समाज में निर्धारित हुए थे और काफी हद तक अब भी वैसे ही बने हुए हैं। इसका प्रमुख कारण 1947 के बाद आए नए शासकों द्वारा औपनिवेशिक कानूनों से स्थापित पुलिस के चरित्र में कोई बुनियादी सुधार न करना है। भीड़ में शामिल व्यक्ति पहले की ही तरह अब भी उसका 'शत्रु' ही है, और अभी भी उसे निपटने के लिए शक्ति का अधिकतम प्रयोग करने में हिचक नहीं होती। यह अधिकतम शक्ति आमतौर से फायरिंग होती है, जिसके चलते दुनिया की सबसे बहुमूल्य किसी ऐसी जान का नुकसान होता है, जिसे थोड़ा धैर्य दिखाकर बचाया जा सकता था। याद करने की जरूरत है कि देश के एक बड़े राजनेता ने आजाद भारत में जनता पर गोली चलाने का विरोध किया भी था। वह डॉक्टर राममनोहर लोहिया थे, जिन्होंने पुलिस फायरिंग के बाद साठ के दशक में केरल की अपनी ही पार्टी की पट्टमथानु पिल्लई सरकार से इस्तीफे की मांग की थी। उनके अनुसार, आजाद मुल्क की पुलिस को अपनी ही जनता पर गोली नहीं चलानी चाहिए। उनकी आवाज नक्कार खाने में तूती बनकर रह गई।

पुलिस बल के प्रयोग के चरण और उसकी सीमाएं भारतीय संविधान और देश के विभिन्न कानूनों में निर्धारित हैं। अगर उनका पालन किया जाए, तो अधिकांश मामलों में जान-माल के गंभीर नुकसान से बचा जा सकता है। यह देखना बड़ा दिलचस्प होगा कि निर्धारित-प्रक्रिया का पालन क्यों नहीं होता? पुलिस बल के प्रयोग के दौरान गोली चलाने की नौबत आने के पहले गैर-घातक विकल्पों का इस्तेमाल होना चाहिए, ऐसा प्रशिक्षण के दौरान सिखलाया जाता है। इनमें मुख्य रूप से लाठीचार्ज, आंसू गैस, वाटर कैनन, रबर बुलेट, पेलेट गन या स्टन ग्रिनेड जैसे विकल्प हो सकते हैं। कई देशों में वाटर कैनन से फेंके जाने वाले पानी में कुछ ऐसे तत्व भी मिलाए जाते हैं, जिनसे शरीर मे खुजली पैदा होती है। इन सारे विकल्पों के इस्तेमाल से किसी मनुष्य की जान जाने की आशंका काफी हद तक न्यूनतम हो सकती है, फिर क्योंकर ऐसा होता है कि ज्यादातर मामलों में शुरू में ही और अनियंत्रित मात्रा में पुलिस फायरिंग करती है, और बेशकीमती जानों का नुकसान होता है?

इसे समझने के लिए मैं अपने दो अनुभव रखना चाहता हूं। इलाहाबाद में 1990 में एक उत्तेजित और उपद्रवी भीड़ पर जब आंसू गैस के गोले छोड़ने का आदेश दिया गया, तो हमने पाया कि तीन उपलब्ध टीयर गैस गन में से दो तो वर्षों से इस्तेमाल न होने से जंग खाई हुई हैं और तीसरी से जिन गोलों को फायर किया गया, वे इतने दिनों से गोदाम में पड़े थे कि किसी काम लायक नहीं रह गए थे। ऐसा इसलिए था कि घातक बुलेट की जगह उनके इस्तेमाल का महत्व हमारी सोच का हिस्सा नहीं बन सका था। न तो सरकार नए गोलों के लिए धन अवमुक्त कर रही थी और न ही पुलिस-नेतृत्व जरूरी प्रशिक्षण में दिलचस्पी दिखा रहा था। कुछ वर्षों पूर्व दिल्ली के उत्तर-पूर्व जिले में हुई सांप्रदायिक हिंसा को समझने के लिए अवकाश-प्राप्त नौकरशाहों के एक दल के सदस्य के रूप में मैं मौके पर गया, तो मुझे कोई आश्चर्य नहीं हुआ कि एक सज्जन, जो आईएएस के वरिष्ठतम पद पर सेवा करने के अलावा उप-राज्यपाल भी रह चुके थे, सबसे ज्यादा इस बात से चकित थे कि तमाम अखबारों में दिल्ली पुलिस के ऐसे चित्र छपे थे, जिनमें पुलिसकर्मी भीड़ पर पत्थर फेंक रहे थे। वह मुझसे जानना चाहते थे कि क्या पुलिस की सिखलाई में पत्थर फेंकना भी शामिल है? उन्हें यह समझाने में मुझे कुछ समय लगा कि वहां मौजूद पुलिसकर्मियों के पास सिर्फ दो हथियार थे- डंडा और रायफल। चूंकि बलवाई इतनी दूर थे कि लाठी उन तक पहुंच नहीं सकती थी और गोली चलाने का हुक्म नहीं था, इसलिए पुलिसकर्मियों के पास सबसे आसान विकल्प यही था कि वे भीड़ द्वारा फेंके गए पत्थर उठाकर वापस उन्हीं पर फेंके। यदि उनके पास लाठी और गोली के बीच के विकल्प होते, तो शायद वे उनका उपयोग करते।

हालिया किसान आंदोलन के दौरान जमकर आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल हुआ और पहली बार वे ड्रोन से भी छोड़े गए, जिससे उनकी पहुंच बढ़ी। इनके अतिरिक्त, पानी की बौछारें छोड़ी गईं और बीच-बीच में रबर बुलेट भी फायर किए गए। इन सबसे पुलिस फायरिंग से बचा जा सका। जितने दृढ़-प्रतिज्ञ और जिस संख्या में किसान पंजाब-हरियाणा सीमा पर मौजूद थे, उसे देखते हुए यह कानून लागू करने वालों की सफलता ही कही जाएगी कि बिना जान-माल की बड़ी क्षति के उन्हें रोका जा सका। कारण बड़ा स्पष्ट है कि चुनावी वर्ष में सरकार जमीन पर लाशें गिराने का नतीजा समझती थी और उसने पुलिस को गोली न चलाने के स्पष्ट निर्देश दे रखे थे।

यही व्यवस्था आम दिनों में क्यों नहीं की जा सकती? लोकतंत्र में जनता सड़कों पर निकलेगी ही और कई बार उसे नियंत्रित करने के लिए राज्य पुलिस का प्रयोग भी करेगा। पुलिस के दिमाग में यह भरने की जरूरत है कि प्रदर्शनकारी शत्रु नहीं हैं, जिनके खिलाफ उसे अधिकतम बल का इस्तेमाल करना ही है। राज्य को भी उसे गैर-घातक विकल्प प्रदान करने चाहिए, जिनसे स्थिति नियंत्रित भी हो जाए और बेशकीमती जानों का नुकसान भी न हो।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# टीम इंडिया में युवा खिलाड़ियों ने जमाया अपना सिक्का



यहां स्कैन करें

मनोज चतुर्वेदी | वरिष्ठ खेल पत्रकार

खेल हो या राजनीति, पीढ़िगत बदलाव थोड़ा मुश्किल होता है, भले ही वह बेहतरी के लिए होता है। क्रिकेट के अन्य प्रारूपों के मुकाबले टेस्ट क्रिकेट में यह बदलाव थोड़ा ज्यादा मुश्किल होता है, क्योंकि इस प्रारूप में क्रिकेटरों के लिए पैर जमाना आसान नहीं होता है। भारतीय टेस्ट टीम में इस बदलाव की काफी समय से जरूरत महसूस की जा रही थी, पर भारतीय यंग ब्रिगेड ने जिस तरह से इंग्लैंड की बैजबॉल का बाजा बजाकर दूसरा और तीसरा टेस्ट जीतकर सीरीज में 2-1 की बढ़त दिलाई है, उससे लगता है कि अब वे जिम्मेदारी संभालने को पूरी तरह से तैयार हैं। रनों के हिसाब से देखें, तो युवा खिलाड़ियों के बूते भारत ने अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। 434 रन से मिली जीत में बहुत सामान्य पृष्ठभूमि से आए युवा खिलाड़ियों, यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान, शुभमन गिल, विकेटकीपर ध्रुव जुरेल का बड़ा योगदान है।

इस सीरीज में अब तक ओपनर यशस्वी जायसवाल, तीसरे नंबर के बल्लेबाज शुभमन गिल, मध्य क्रम में भारत की नवीनतम खोज सरफराज खान और विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने ऐसी छाप छोड़ी है कि उन पर भरोसा किया जा सकता है। टेस्ट क्रिकेट का भविष्य संवारने वाले ये खिलाड़ी भारतीय टीम को मुश्किल हालात में मिले हैं। इस श्रृंखला के शुरू होने से पहले इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स द्वारा शुरू की गई बैजबॉल का दुनिया भर में डंका बजा हुआ था। श्रृंखला शुरू होने से पहले भारत के दिग्गज विराट कोहली पारिवारिक आपात स्थिति की वजह से हट गए, इसके बाद लोकेश राहुल और श्रेयस अय्यर भी चोटिल हो गए।

**यशस्वी जायसवाल भारत के नए सितारे हैं, तो सरफराज खान और ध्रुव जुरेल ने अपने पहले ही मैच में लोगों का दिल जीत लिया है।**

नतीजा यह कि भारत पहला टेस्ट इंग्लैंड के हाथों बुरी तरह से हार गया। यह वह स्थिति थी, जब टीम प्रबंधन और चयन समिति के सामने यक्ष प्रश्न खड़ा हो गया था कि चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे पुराने क्रिकेटरों को बुलाया जाए या नहीं, पर उन्होंने यंग ब्रिगेड पर ही भरोसा करने का फैसला किया और यह फैसला रंग जमाने वाला साबित हुआ है। अब भारत को ऐसे युवा क्रिकेटर मिल गए हैं, जिनके कंधों पर अगले दशक की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। यह सही है कि इन युवाओं ने घरेलू स्थितियों में अच्छा प्रदर्शन किया है और उनकी ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसी स्थितियों में परख होना बाकी है, लेकिन युवाओं ने भरोसा बढ़ा दिया है।

बाईस वर्षीय भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वैसा प्रतिभाशाली दशकों में सामने आता है। सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के रूप में ऐसी प्रतिभाएं सामने आ चुकी हैं। यशस्वी ने इस सीरीज में अब तक जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह सिलसिला बनाए रख सकें, तो उनका नाम इन दिग्गजों में शुमार होना तय है। वह लगातार दो टेस्टों में दोहरे शतक जमाने वाले चंद बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं। बेशक, सरफराज खान और ध्रुव जुरेल, दो ऐसे युवा हैं, जिन्होंने पहले ही मैच में लोगों का दिल जीत लिया है। सरफराज पिछले तीन सीजन से घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगाकर टेस्ट टीम का दरवाजा खटखटा रहे थे। वहीं ध्रुव ने तो अभी टेस्ट टीम में आने का सपना भी नहीं देखा था। कुछ समय पहले तक केएस भरत नंबर वन विकेट कीपर थे और इससे पहले ईशान किशन इस दौड़ में थे, लेकिन अब लगता है, ध्रुव टीम के पक्के सदस्य बन सकते हैं। सरफराज की रनों की भूख की कप्तान रोहित शर्मा ने भी तारीफ की है। वह पदार्पण टेस्ट में दो अर्द्धशतक लगाने में कामयाब रहे। इन युवाओं का चमकना वास्तव में क्रिकेट में मेहनत व लगन की जीत है। इससे लाखों युवाओं को प्रेरणा मिलेगी।

जरूरी है कि भारतीय टीम प्रबंधन रोहित शर्मा और विराट कोहली से आगे देखने की शुरुआत कर दे। हमें भविष्य के लिए टेस्ट खिलाड़ी मिल गए हैं। हालांकि, इनका भविष्य बहुत कुछ इस पर निर्भर रहने वाला है कि टीम प्रबंधन किस होशियारी से इनका इस्तेमाल करता है। मौजूदा कोच राहुल द्रविड़ इन सभी से जूनियर स्तर से जुड़े रहे हैं, इसलिए वह इनकी प्रतिभा से परिचित हैं, अतः युवाओं को अनुभव का साथ मिलना तय है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# डर का पता लगाएं

कैलिफोर्निया की बात है। मैं बाहर सैर के लिए निकला था। मेरा ध्यान एक पक्षी की तरफ था। मुझे यह नहीं पता चला कि मैं किधर जा रहा हूं? तभी अचानक मुझे एक तेज सरसराहट की आवाज सुनाई पड़ी। जिस तरफ से आवाज आ रही थी, उस ओर मैंने देखा और एकाएक पीछे उछल पड़ा। सामने एक बड़ा रैटल सांप था। आपको पता है कि यह सांप बड़ा जहरीला होता है। मगर इसे 'जेंटलमैन स्नेक' कहा जाता है, क्योंकि हमला करने से पहले यह आपको सावधान कर देता है। कोबरा या बाकी सांपों की तरह यह अचानक आप पर वार नहीं करता।

यह रैटल काफी बड़ा और मोटा था। मैं उससे कुछ फुट की दूरी पर था। हम दोनों एक-दूसरे को देख रहे थे। उसकी त्वचा पर बनी आकृतियां, बड़ा सा सिर, उसकी अपलक आंखें साफ-साफ दिखाई दे रही थीं। आप सब जानते ही हैं कि सांप की पलकें नहीं होतीं। उसकी काली जीभ बाहर आ-जा रही थी। कुछ देर तक हम दोनों एक-दूसरे को ताकते रहे। फिर वह पीछे हटने लगा। मैं उसकी तरफ बढ़ा। वह अब कुंडली मारकर डसने के लिए तैयार हो गया। करीब आधे घंटे तक यह खेल चलता रहा। तब तक वह कुछ थक-सा गया और शायद उसे कुछ सूझ नहीं रहा था कि आगे क्या करे। आखिरकार वह फिर पीछे हटने लगा, पर अपना सिर और पूंछ मेरी ओर किए हुए, ताकि मेरे और करीब आने पर वह तुरंत हमला बोल सके। इसके बाद वह झाड़ियों में चुपचाप गायब हो गया।

इसी तरह, आप अपने भीतर उभरते हुए हर एक डर को देखिए। चाहे यह सांप का डर हो या माता-पिता का या अपने से बड़े किसी व्यक्ति या टीचर का। डर जैसा भी हो, उससे भागिए नहीं, उसे ध्यान से देखिए, उस पर सवाल उठाइए और पता लगाइए कि वह क्या है? अपने डर को देखिए और उससे सीखिए। डर को समझना बहुत जरूरी है। डर क्या होता है? आपको पता है, बचपन से ही यह साथ लग जाता है और जिंदगी भर हमारे साथ चलता रहता है। संसार में ज्यादातर लोगों में, चाहे वे छोटे हों या फिर बड़े, सभी में डर का यह जबरदस्त भाव बना रहता है।

**दुनिया के सारे धर्म प्रेम का उपदेश देते हैं, भाईचारे और एकता की बातें करते हैं, फिर भी सूक्ष्म रूप से अथवा क्रूर और असभ्य तरीकों से वे भय को बनाए रखते हैं।**

आप जानते हैं कि मनुष्य को सभ्य बनाने के लिए भी भय का उपयोग किया जाता है। संसार भर के धर्मों ने मनुष्य को नियंत्रित करने के लिए भय को हथियार के रूप में उपयोग किया है। किया है कि नहीं? हालांकि, सारे धर्म प्रेम का उपदेश देते हैं, भाईचारे और एकता की बात करते हैं, फिर भी सूक्ष्म रूप से अथवा क्रूरता व असभ्य तरीकों से भय को बनाए रखते हैं।... क्या यह महत्वपूर्ण नहीं है कि शिक्षा भय का समूल नाश करने और छात्रों को भय-मुक्त बनने में उनकी सहायता करे, क्योंकि भय मन को विकृत कर देता है।

जे कृष्णमूर्ति

धर्मेंद्र प्रधान | केंद्रीय शिक्षा मंत्री



**हमारी अमृत पीढ़ी बेहद प्रतिभाशाली है और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक भी है। उम्मीद है कि हमारे युवा विश्व-कल्याण और समृद्धि के लिए हमारे सभ्यतागत लोकाचार को आगे बढ़ाएंगे।**

# अब साहित्य अपने ध्येय की ओर बढ़ रहा

साहित्य उसे कहते हैं, जिसमें सबका हित निहित हो। सबका साथ, सबका विकास। *सुरसरि सम सब कहं हित होई।* इस साहित्य की परिभाषा ही वामपंथियों ने बदल दी थी। जो भी देश-समाज-सनातन का अहित करने वाला हो, उसे साहित्य कह दिया जाता था। जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य को 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' मिलने से साहित्य भी अब अपने ध्येय की ओर बढ़ रहा है। ज्ञानपीठ का इससे अधिक सम्मान और कुछ नहीं हो सकता था। ज्ञानपीठ भारतीय साहित्य जगत का एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है। स्वामी जी धर्मगुरु होने के साथ-साथ शिक्षाविद, संस्कृत-विद्वान, बहुभाषाविद, कवि, लेखक, टीकाकार, दार्शनिक, संगीतकार, गायक, नाटककार और कथा-कलाकार हैं। उनकी रचनाओं में कविताएं, नाटक, शोध-निबंध, टीकाएं, प्रवचन और अपने ग्रंथों पर स्वयं सृजित संगीतबद्ध प्रस्तुतियां सम्मिलित हैं। वह कई साहित्यिक कृतियों की रचना कर चुके हैं। स्वामी जी के साथ ही उर्दू दुनिया के जाने-माने शायर, गीतकार और कवि गुलजार को यह सम्मान देने की घोषणा की गई है। इसका मतलब है कि एक तरफ उर्दू, तो दूसरी तरफ संस्कृत के मूर्धन्य विद्वान को यह सम्मान देकर गंगा-जमुनी तहजीब की पुनर्स्थापना की गई है। इसमें भी स्वामी जी का इसलिए सम्मान ज्यादा है, क्योंकि उन्होंने अपनी दिव्यांगता को आड़े नहीं आने दिया। दिव्यांग विश्वविद्यालय स्थापित करके उन्होंने शिक्षा की अलख जगाई। वास्तव में, उनके सामने तो हर पुरस्कार तुच्छ है, क्योंकि स्वामी जी ने शैक्षिक जगत और आध्यात्मिक जगत को एक किया है। उनकी अद्भुत मेधा प्रणम्य है। उनका अमूल्य मार्गदर्शन सदैव समाज को मिलता रहे, यही उम्मीद है।

रामतीर्थ यादव, टिप्पणीकार

## उचित चयन

बाल्यकाल में वेद कंठस्थ करने, अब तक 200 से अधिक पुस्तकें लिखने और कई भाषाओं के विद्वान तुलसी पीठाधीश्वर पद्म विभूषण स्वामी रामभद्राचार्य को भारतीय साहित्य का सर्वोच्च सम्मान ज्ञानपीठ मिलने पर धर्मनगरी में खुशी की लहर है। नेत्रहीन होते हुए भी उन्होंने कई भविष्यवाणियां कीं, जो सत्य साबित हुईं। कहा जाता है कि विश्व का पहला दिव्यांग विश्वविद्यालय स्थापित करने का श्रेय स्वामी जी को ही है। इसे राज्य सरकार ने अपने अधीन ने लिया है, पर स्वामी जी ही इसके कुलाधिपति हैं। इनकी पुस्तकों का विमोचन पिछले साल चित्रकूट आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुलसीपीठ में किया था। इसलिए ज्ञानपीठ ने देर से ही सही, लेकिन उचित फैसला लिया है।

विनय प्रसाद, टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम
### ज्ञानपीठ पुरस्कार



# यह चर्चिल को साहित्य का नोबेल मिलने जैसा

ज्ञानपीठ पुरस्कार भारतीय साहित्य के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। संविधान की आठवीं अनुसूची में जिन-जिन भाषाओं को शामिल किया गया है, उनमें से किसी भाषा के लेखक इस पुरस्कार के लिए चुने जा सकते हैं। विजेताओं के चयन की प्रक्रिया जटिल बताई जाती है और कहते हैं कि यह कई महीनों तक चलती है। इस प्रक्रिया का आरंभ न्यास को प्रस्ताव मिलने से होता है। यह प्रस्ताव विश्वविद्यालय, पाठक, आलोचक, किसी भाषा के लिए गठित संस्था, कोई भी भेज सकता है। हर भाषा की एक परामर्श समिति होती है, जिसमें तीन विद्वान सदस्य होते हैं। परामर्श समिति बस उन्हीं लेखकों पर विचार नहीं करती, जिनके नाम प्रस्तावित हुए हैं, बल्कि वह किसी भी लेखक पर विचार करने को स्वतंत्र है। परामर्श समिति अपनी संस्तुति प्रवर समिति को भेजती है, जो विजेता का चयन करती है। इस वर्ष रामभद्राचार्य को संस्कृत और गुलजार को उर्दू साहित्य के लिए ज्ञानपीठ दिया गया है। संस्कृत में मेरी गति नहीं है, रामभद्राचार्य की कृतियों को कभी देखा भी नहीं है। अनुवाद भी नहीं पढ़ा है। फिर भी, मेरा मन कहता है कि उन्हें ज्ञानपीठ वैसे ही दिया गया है, जैसे चर्चिल को साहित्य के लिए नोबेल दिया गया था।

सच्चिदानंद सिंह, टिप्पणीकार

## ज्ञानपीठ का गिरता स्तर

भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार गुलजार और रामभद्राचार्य को मिला है। गुलजार को तो छोड़िए, लेकिन रामभद्राचार्य को यह सम्मान देने का औचित्य समझ में नहीं आता, क्योंकि उनके साहित्यिक अवदान के बारे में शायद ही कोई कुछ खास जानता है। ऐसे इंसान को पुरस्कार देने के बाद अब बचता क्या है? विनोद कुमार शुक्ल और हिंदी के अनेक बड़े लेखकों की उपेक्षा करते हुए इस तरह का निर्णय हताश करने वाला है। जिन विनोद कुमार शुक्ल को अंतरराष्ट्रीय पेन पुरस्कार मिल चुका है, वह भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए उपयुक्त नहीं पाए गए, तो यह वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। शुक्ल जी ने अपनी उत्कृष्ट रचनात्मकता से पिछले चार दशकों से अधिक समय से हिंदी और हिंदीतर दुनिया को चमत्कृत किया है। उनकी अनूठी कविताओं और दो उपन्यासों- *नौकर की कमीज* और *दीवार में एक खिड़की रहती थी*, का भारतीय साहित्य में विरल स्थान है, उन जैसे अन्य महत्वपूर्ण रचनाकारों की उपेक्षा करके रामभद्राचार्य को पुरस्कृत करना अपमानजनक है। जिस भारतीय ज्ञानपीठ ने दशकों तक विभिन्न भारतीय भाषाओं के उत्कृष्टतम लेखकों को पुरस्कृत करके अपनी प्रतिष्ठा बनाई थी, उसे भी आखिर इस दौर से गुजरना पड़ा।

विष्णु नागर, टिप्पणीकार


# भ्रम पर विजय पाना ही आध्यात्मिक उपलब्धि है

भ्रम की 'माया' बहुत विचित्र है। इसकी ठगाई से आम इनसान से लेकर राजा-महाराजा तक भी नहीं बचे हैं। और तो और बड़े-बड़े ऋषि-मुनि तक इसके जाल में फंस चुके हैं। इसके बारे में कबीर ने कहा है-'माया महा ठगनी हम जानी' इसलिए इस महा ठगनी माया यानी भ्रम पर विजय पाना ही वास्तविक आध्यात्मिक उपलब्धि है

अध्यात्म



श्री श्री परमहंस योगानंद



सद्गुरु वह है जिसकी चेतना का, ईश्वर के प्रकाश को पूर्ण रूप से ग्रहण करने और उसे परावर्तित करने के लिए शुद्धिकरण हो चुका हो। सूर्य का प्रकाश कोयले और हीरे पर समान रूप से पड़ता है, परंतु केवल हीरा ही सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करता है। ईश्वर का प्रकाश भी जीवन के सभी स्तरों पर समान रूप से पड़ता है, परंतु कुछ लोग इसे दूसरों की अपेक्षा अधिक परावर्तित करते हैं। ईश्वरानुभूति प्राप्त मनुष्य दिव्य प्रकाश को पूर्ण रूप से परावर्तित करता है।

प्रत्येक मानव मूल रूप में एक आत्मा है, जो माया के पर्दे से ढकी हुई है। क्रम-विकास और आत्म-प्रयास द्वारा मनुष्य इस आवरण में एक छोटा-सा छिद्र कर लेता है; और समय के साथ-साथ वह इस छिद्र को बड़े-से-बड़ा करता चला जाता है। जैसे-जैसे छेद बड़ा होता जाता है, उसकी चेतना का विस्तार होता जाता है। आत्मा और अधिक व्यक्त होती जाती है। जब आवरण पूर्ण रूप से हट जाता है तो उसमें आत्मा पूर्णतः व्यक्त हो जाती है। वह व्यक्ति सद्गुरु बन जाता है-अपना एवं माया का स्वामी।

ईश्वर ने महान पुरुषों को विशेष रूप से निर्मित नहीं किया है। वे अपने ही प्रयासों द्वारा दक्ष बने हैं। जिस प्रकार बाकी सारी मानव जाति आत्म-स्वतंत्रता के प्रकाश के लिए संघर्ष करती है, उसी प्रकार उनको भी परिश्रम और संघर्ष करना पड़ा।

जीसस क्राइस्ट एवं कृष्ण जैसी दिव्य विभूतियों ने भी कभी, किसी समय, उस आध्यात्मिक ऊंचाई को विकसित किया था, जिसने अवतारों के रूप में उनके जन्म को पूर्व निर्धारित किया। ऐसी विभूतियां पुनर्जन्म की कार्मिक बाध्यताओं से मुक्त हैं। वे केवल मानव जाति की मुक्ति हेतु उनकी सहायता करने के लिए पृथ्वी पर वापस आती हैं।

यद्यपि ये दिव्य पुरुष मुक्त होते हैं, फिर भी वे ईश्वर के आदेश पर अपनी मानवीय भूमिका का, संसार के जीवन-नाटक की प्रतीत होने वाली वास्तविकता में, अभिनय करते हैं। उनकी अपनी कमजोरियां होती हैं। संघर्ष और प्रलोभन भी होते हैं, जिन पर वे उचित व्यवहार तथा न्यायोचित युद्ध के द्वारा विजय प्राप्त करते हैं। इस प्रकार वे यह दर्शाते हैं कि समस्त मानव उन शक्तियों पर, आध्यात्मिक रूप से विजयी हो सकते हैं और उन्हें होना भी चाहिए, जो ईश्वर के साथ उनकी अंतर्निहित एकात्मता की अनुभूति से उन्हें रोकती हैं। अपनी ओर से अपनी आत्म-उन्नति के लिए कोई प्रयास किए बिना अपनी भूमिका के लिए संघर्ष करने और सफल होने, पृथ्वी पर अपनी परीक्षाओं के लिए संघर्ष करने और सफल होने वाले कृष्ण एवं क्राइस्ट यदि ईश्वर ने आदर्श बनाए होते तो वे दुखी मनुष्यों के अनुकरण हेतु उदाहरण नहीं बन सकते थे। यह वास्तविकता है कि महान अवतार भी कभी ऐसे नश्वर मनुष्य थे, परंतु उन्होंने सफलता प्राप्त कर ली। यही सफलता उन्हें ठोकरें खाती मानव जाति के लिए शक्ति और प्रेरणा के स्तंभ बना देती है। जब हमें पता चलता है कि दिव्य अवतारों को भी स्वयं को पूर्ण बनाने हेतु कभी उसी प्रकार के मानवीय परीक्षणों एवं अनुभवों से गुजरना पड़ा था, जिनसे हम गुजरते हैं तो यह हमें अपने संघर्ष में आशा प्रदान करता है।

**यह वास्तविकता है कि महान अवतार भी कभी नश्वर मनुष्य थे, परंतु उन्होंने सफलता प्राप्त कर ली। यही सफलता उन्हें ठोकरें खाती मानव जाति के लिए शक्ति और प्रेरणा का स्तंभ बना देती है। दिव्य अवतारों को भी कभी स्वयं को पूर्ण बनाने हेतु मानवीय परीक्षणों एवं अनुभवों से गुजरना पड़ा था।**

एक ईश्वर प्राप्त महापुरुष की पहचान उसके आध्यात्मिक कार्यों द्वारा होती है। इनमें चमत्कार सबसे अधिक महत्वपूर्ण नहीं हैं। कुछ चमत्कार जो क्राइस्ट ने प्रदर्शित किए, उन्हें आज के वैज्ञानिकों द्वारा किसी अन्य तरीके से दोहराया जा सकता है। आध्यात्मिक पक्ष में, क्राइस्ट ने स्वयं कहा, 'जो मुझमें विश्वास रखता है, जो कार्य मैं करता हूं, वह भी उन कार्यों को करेगा। इनसे भी महान कार्य करेगा।'

जिन चमत्कारों के विषय में आपने सुना है, मैंने अनेक बार महान संतों द्वारा उन्हें प्रदर्शित होते देखा है; लेकिन यह उनकी महानता का मापदंड नहीं है। जो ईश्वर को जानते हैं, उनके पास चमत्कार दिखाने की शक्ति स्वतः ही आ जाती है, क्योंकि वे ईश्वर के ब्रह्मांडीय नियमों के साथ अंतर्संपर्क रखते हैं; परंतु जो चमत्कारों के प्रति आसक्त हो जाते हैं, वे ईश्वर को खो देंगे। केवल ईश्वर ही हमारे हृदय का लक्ष्य होना चाहिए। किसी महापुरुष की सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक उपलब्धि है- माया या भ्रम पर विजयी होना। उस अनुभूति को प्राप्त करना, जो व्यक्ति के जीवन में ईश्वर को सर्वोपरि बना देती है।

आस्था-अनास्था

डॉ. संजीव कुमार शर्मा

## बारह भावों में राहु के फल कितने शुभ-अशुभ

**असुर सेनापति राहु के बारह भावों में बैठने के क्या-क्या फल होते हैं?**
-रमणीक गर्ग, पटना (बिहार)



राहु के बारह भावगत फल-

**प्रथम भाव :** व्यक्ति धनी, साहसी, बलवान, दयालु होगा। मारक या नीच हो तो मस्तिष्क विकार, सिर या मुख पर कोई चिह्न हो सकता है।

**द्वितीय भाव :** ऐसा व्यक्ति अच्छी भाषा-विचार वाला और कलाकार होगा। मारक या नीच हो तो व्यक्ति अनैतिक कार्य करने वाला। निर्धन, हकलाकर बोलने वाला होगा। चोरी या अन्य किसी कारण से जेल भी जा सकता है।

**तृतीय भाव :** व्यक्ति साहसी, पराक्रमी, प्रतिष्ठित, चित्रकला या फोटोग्राफी में रुचि रखने वाला होगा। मारक हो तो भाई-बहनों से झगड़ा होगा। व्यवसाय में रुकावट आएगी।

**चतुर्थ भाव :** व्यक्ति माता का सम्मान करेगा। पिता के साथ प्रेम होगा। मारक हो तो व्यक्ति दो विवाह कर सकता है। माता-पिता को परेशानी होगी।

**पंचम भाव :** व्यक्ति नाटक या चित्रकला में रुचि रखने वाला और भाग्यवान होगा। मारक हो तो संतान का अभाव, क्रूर स्वभाव होगा। हृदय व उदर रोग से पीड़ित होगा।

**छठा भाव :** व्यक्ति कमर, दांत या नेत्र रोग से पीड़ित होगा। ऐसा व्यक्ति साहसी और प्रभावशाली होगा।

**सप्तम भाव :** सुखी वैवाहिक जीवन, समृद्धिशाली और प्रसिद्ध होगा। मारक या नीच हो तो व्यक्ति संकीर्ण विचारों का होगा। वैवाहिक जीवन में दिक्कत रहेगी। व्यापार में हानि हो सकती है। व्यापार में पार्टनर धोखा दे सकता है।

**अष्टम भाव :** ऐसा व्यक्ति अनैतिक कार्यों में लिप्त रहेगा। लांछित, रोगी और दुर्जन होगा।

**नवम भाव :** ऐसा व्यक्ति पिता का सम्मान करने वाला होगा। तीर्थाटन और विदेश यात्रा करेगा। धार्मिक प्रवृत्ति का और भाग्यशाली होगा। मारक हो तो व्यक्ति क्रूर स्वभाव का, वात रोग से पीड़ित होगा।

**दशम भाव :** ऐसे व्यक्ति को राज्य अधिकारप्राप्त होगा। कठोर प्रशासक, विद्वान, साहित्यिक होगा। मारक या नीच हो तो ऐसा व्यक्ति आलसी, वाचाल, संतान से दुखी और बहुत महत्वाकांक्षी होगा।


**एकादश भाव :** राहु कारक हो तो व्यक्ति समृद्धशाली, प्रभावशाली होगा। सट्टा लॉटरी में लाभ कमा सकता है। परिश्रमी, लोभी और अनैतिक माध्यमों से धन कमा सकता है। मारक हो तो व्यक्ति कर्ण रोग से पीड़ित हो सकता है। पिता पक्ष की तरफ से चिंतित रहेगा। ऐसा व्यक्ति मंदाग्नि रोग से भी पीड़ित हो सकता है।

**द्वादश भाव :** ऐसा व्यक्ति पाप कार्य करने वाला, विवेकहीन होगा। आंखों की दृष्टि मंदी हो सकती है। वैवाहिक जीवन में दिक्कतें रहेंगी।

विचार

## धर्म हर अवस्था में कल्याणकारी ही होता है

शुद्ध धर्म सदा स्पष्ट और सुबोधक होता है। उसमें रहस्यमयी गुत्थियां नहीं होतीं। शुद्ध धर्म में कपोल-कल्पनाएं नहीं होतीं। जो कुछ होता है, यथार्थ ही होता है। धर्म कोरा सिद्धांत निरूपण के लिए नहीं, प्रत्युत स्वयं का साक्षात्कार करने के लिए होता है। धर्म राजमार्ग की तरह ऋजु है, उसमें भूल-भुलैया नहीं होती।



उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

धर्म आदि, मध्य और अंत हर अवस्था में कल्याणकारी ही होता है। मिश्री की तरह, जहां से चखो, मुंह मीठा ही करेगा। यदि ऐसा हो तो धर्म यथार्थ है, शुक्ल है, शुद्ध है, अन्यथा धर्म के नाम पर कोई धोखा हो सकता है। अतएव यदि शुद्ध धर्म का सार ग्रहण नहीं करेंगे तो द्वेष, द्रोह, दौर्मनस्य, दुराग्रह, हठधर्मी, पक्षपात, कट्टरता, भय, आशंका, अविश्वास, प्रमाद, कठमुल्लेपन से भरा हुआ जीवन निस्तेज, निष्प्राण, निरुत्साही ही होगा। कुत्सित, कलुषित, कुटिल ही होगा। व्याकुल-व्यथित और व्यग्र ही होगा। शुद्ध धर्म का सार ग्रहण कर लेंगे तो प्यार, करुणा, स्नेह, सद्भाव, त्याग, बलिदान, सहयोग, सहकार, श्रद्धा-विश्वास, अभ्युदय और विकास से भरा हुआ जीवन ओजस्वी, वर्चस्वी ही होगा। शुद्ध धर्म के यही प्रत्यक्ष लाभ हैं। प्रत्यक्ष लाभ ही शुद्ध धर्म की सच्ची कसौटी हैं। इस धर्म रूपी महावृक्ष पर कभी भी म्लान नहीं होने वाले दया रूपी पुष्प विकसित होते हैं; और इसी धर्म तरू पर सर्वेंद्रिय सुख रूपी फलों के साथ-साथ मुक्ति रूपी महाफल फलता है।



धर्म का सही मूल्यांकन किया जाना चाहिए। मूल्यांकन करते समय यदि दृष्टि सम्यक रहेगी तो नीर-क्षीर विवेक बना रहेगा तथा धर्म पथ पर हम अपना संतुलन बनाए रख सकेंगे। सम्यक-दृष्टि यही है कि जिसका जितना मूल्य है, उसको उतना ही महत्व दें। न अधिक, न कम। कंकर-पत्थर, कांच-हीरा सबका अपना-अपना, अलग-अलग महत्व है। जितना महत्व है, उसका उतना ही मूल्य है। लौकिक क्षेत्र में कांच और हीरे का, मिट्टी और सोने का एक जैसा मूल्यांकन नहीं किया जाता। इसी प्रकार धर्म के क्षेत्र में भी सबका मूल्यांकन समान नहीं होता। कोरा वाणी-विलास और बुद्धि-विलास धर्म नहीं है। किसी तथ्य का प्रतिपादन कर देना या उसे कह देना अलग बात है। उसे किसी के गले उतार देना दूसरी बात है और स्वयं उसे हृदयगम कर लेना तीसरी बात है।

## सप्ताह के व्रत-त्योहार 20 फरवरी से 26 फरवरी 2024

**20 फरवरी (मंगलवार) :** माघ शुक्ल एकादशी प्रातः 09.56 मिनट तक। भद्रा प्रातः 09.56 मिनट तक। जया एकादशी व्रत। भीष्म द्वादशी। शक फाल्गुन प्रारंभ।

**21 फरवरी (बुधवार) :** माघ शुक्ल द्वादशी प्रातः 11.28 मिनट तक। प्रदोष व्रत। तिल द्वादशी।

**22 फरवरी (गुरुवार) :** माघ शुक्ल त्रयोदशी दोपहर 01.22 मिनट तक। मेला जैसलमेर (राज.) शुरु। गुरु पुष्य योग। गंडमूल सायं 04.43 मिनट से।

**23 फरवरी (शुक्रवार) :** माघ शुक्ल चतुर्दशी अपराह्न 03.34 मिनट तक। भद्रा अपराह्न 03.34 मिनट से रात्रि 04.47 मिनट तक। गंडमूल विचार। श्री सत्यनारायण व्रत।

**24 फरवरी (शनिवार) :** माघ शुक्ल पूर्णिमा सायं 06 बजे तक। माघ पूर्णिमा। माघ स्नान समाप्त। श्री गुरु रविदास जयंती। श्री ललिता जयंती। गंडमूल रात्रि 10.21 मिनट तक।

**25 फरवरी (रविवार) :** फाल्गुन कृष्ण प्रतिपदा रात्रि 08.36 मिनट तक। फाल्गुन कृष्ण पक्ष प्रारंभ।

**26 फरवरी (सोमवार) :** फाल्गुन कृष्ण द्वितीया रात्रि 11.17 मिनट तक।

पं. ऋभुकांत गोस्वामी

## भेजें अपने सवाल

### स्वर्ग-नरक की कल्पना का आधार क्या है?

पाप क्या है, पुण्य क्या है? धर्म क्या है, अधर्म क्या है? ईश्वर की आराधना कैसे करें? ऐसे सवाल अकसर हमारे मन में उठते हैं, पर इनका जवाब हमारे पास नहीं होता। मन-मस्तिष्क में आने वाले ऐसे ही सवालों के जवाब हमारे पैनल में शामिल धर्माचार्य आपको देंगे।

**अपने सवाल हमें इस पते पर भेजें- धर्मक्षेत्रे, हिन्दुस्तान, आकृति बिल्डिंग, सी-164, सेक्टर-63, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301 (उत्तर प्रदेश)**

# केवल एक दिन का स्नान और वर्षभर की तपस्या का फल

माघ पूर्णिमा (24 फरवरी) पर विशेष

**माघ पूर्णिमा** 'कल्पवास' की पूर्णता का पर्व है। इस दिन गंगा स्नान करके कल्पवासी अपनी एक माह की तपस्या पूरी कर घर लौटते हैं। जो एक माह तक वहां नहीं रुकते, वे इस एक दिन गंगा स्नान करके न केवल पूरे माह का बल्कि वर्षभर का पुण्य लाभ ले लेते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन सभी देवी-देवता भी प्रयाग में गंगा में स्नान करके वापिस अपने लोक को लौट जाते हैं।

हमारी संस्कृति की यह विशेषता है कि तमाम तरह के भोगों के बीच व्यक्ति को योगी होने का भी अवसर देती है। माघ का महीना ऐसा ही अवसर है। इस माह साधना के लिए वन में कठोर जप-तप नहीं, सिर्फ सूर्योदय से पूर्व स्नान करना होता है। गंगाजी में स्नान हो जाए तो अच्छा। घर में हो जाए तो भी अच्छा। पूरे माह हो जाए तो बहुत अच्छा वरना सिर्फ एक दिन माघ पूर्णिमा पर ही गंगा स्नान करने से पूरे वर्ष की साधना का फल मिल जाता है। यह भी न हो पाए तो घर में पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर लो तो वह भी अच्छा। इतना भी नहीं हो पा रहा है, तो गंगाजल के छींटे मार लो। और यह भी नहीं तो मानसिक स्नान की भी व्यवस्था है। यानी धर्म आपकी सुविधा का पूरा ध्यान रख रहा है। कितना उदार है हमारा धर्म और कितने व्यावहारिक हैं हमारे धार्मिक विश्वास।

हमारे वैदिक ऋषि इस बात को जानते थे कि मन की शुद्धि के साथ-साथ तन की शुद्धि भी बहुत जरूरी है। क्योंकि गंदे पात्र में रखी हुई अच्छी वस्तु भी खराब हो जाती है इसलिए मन को रखनेवाले तन रूपी पात्र का भी साफ रहना जरूरी है और यों शुरू हुई स्नान की प्रथा।



पौराणिक कथाएं कहती हैं, इस दिन भगवान विष्णु का वास गंगा में होता है। 'पद्मपुराण' के अनुसार अन्य मास में जप-तप-दान से भगवान विष्णु उतने प्रसन्न नहीं होते, जितने माघ मास में गंगा स्नान करने से होते हैं। गंगा यानी मां। सृष्टि के पालक विष्णु यानी पिता। यह एक पिता के घर आने का दिन है। जिस प्रकार व्यक्ति दिनभर काम करने के बाद अपने घर लौटता है, उसी प्रकार सृष्टि के कार्यों में व्यस्त श्रीहरि के यह घर लौटने का दिन है। अपने परिवार के पास। पिता जब घर आता है तो परिवार में सभी के लिए कुछ-न-कुछ उपहार भी जरूर लाता है। सुख-समृद्धि, आरोग्यता और मोक्ष-प्राप्ति ऐसे ही उपहार हैं।

हमारे पर्व और धार्मिक मेले दान से भी जुड़े हैं। इसके पीछे भावना है कि हमें अपनी खुशियों को आपस में बांटना चाहिए। माघ पूर्णिमा के दिन ललिता जयंती भी मनाई जाती है। दस महाविद्याओं में ये तीसरी महाविद्या हैं। इन्हें त्रिपुर सुंदरी के नाम से भी जाना जाता है। इसी दिन महान संत गुरु रविदास का जन्म हुआ था। उन्होंने 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' कहते हुए मन की शुद्धता पर जोर दिया। माघ पूर्णिमा के दिन का बौद्ध धर्म माननेवालों के लिए भी विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि महात्मा बुद्ध ने इसी दिन अपनी आसन्न मृत्यु की घोषणा की थी।

अश्वनी कुमार

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**वृष :** घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य हो सकते हैं। भवन के रख-रखाव तथा साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। परिवार का साथ मिलेगा।

**मिथुन :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कर्क :** मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मीठे खान-पान के प्रति रुझान बढ़ेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार होगा।

**कन्या :** मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। पदोन्नति हो सकती है।

**तुला :** संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। लेखनादि बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भी लाभ में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार के लिए भागदौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। संतान की सेहत का ध्यान रखें।

**धनु :** मन में शांति व प्रसन्नता रहेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। लेखनादि बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। शैक्षिक कार्यों से विदेश जा सकते हैं।

**मकर :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकता है। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। भवन सुख में वृद्धि होगी। घर में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**कुंभ :** कारोबारी कार्यों में मन लगेगा। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**मीन :** मन अशांत रहेगा। संतान की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। पिता से धन मिल सकता है। परिवार से दूर जाना पड़ सकता है।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

20 फरवरी, मंगलवार, 01 फाल्गुन (सौर) शक संवत् 1945, 08, फाल्गुन मास प्रविष्टे (पंजाब पंचांग) 2080, 09, शब्बान सन् 1445, माघ शुक्ल एकादशी (विक्रमी संवत्) प्रातः 09.56 मिनट तक। विष्टि (भद्रा) करण प्रातः 09.56 मिनट तक। चंद्रमा मिथुन राशि में (दिन-रात)।

सूर्य उत्तरायण। सूर्य दक्षिण गोल। वसंत ऋतु। अपराह्न 03 बजे से सायं 04.30 मिनट तक राहुकालम्। भद्रा प्रातः 09.56 मिनट तक। जया एकादशी व्रत। भीष्म द्वादशी। शक फाल्गुन प्रारंभ।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

मेरे बेटे की बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। उसका दिमाग पढ़ाई में बिल्कुल नहीं लगता है। कृपया कोई उपाय बताएं?
- सुबोध, नोएडा

- वह 'ऐं' मंत्र का नित्य जाप करे।
- बेटे को नित्य केसर का तिलक लगाएं।
- उसके कमरे के पंखों पर मोर पंख लगाएं।
- आप अपने बेटे की सभी पुस्तकों पर 319 लिख दें।
- उसके कमरे की पूर्व दिशा में एक उगते हुए सूरज का चित्र लगाएं, जिसमें चिड़ियां ऊपर की ओर उड़ती हुई हों।

### वर्ग पहेली : 7519

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | | 3 | | | 4 |
| 5 | | | | ■ | | ■ | ■ | |
| ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 | | |
| 8 | ■ | 9 | ■ | 10 | | | ■ | |
| 11 | | | ■ | | ■ | 12 | | |
| | ■ | 13 | 14 | | ■ | | ■ | |
| 15 | | | | ■ | 16 | ■ | 17 | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 18 | | | |
| 19 | | | | | | ■ | | ■ |

**बाएं से दाएं**
2. भावों में बहाना; संवेदनशील करना (3,3)
5. किसी विभाग का एक भाग; खंड (4)
6. आश्विन महीने का अंधेरा पक्ष; पितृपक्ष (4)
10. तल से तल मिलना; मारपीट होना (3)
11. घी, चीनी, आटे से बना ढीला-ढाला मिष्ठान (3)
12. कपूर; कर्पूर (3)
13. छल; धोखा; दुराव; छिपाव (3)
15. विभिन्न शारीरिक क्रियाएं; व्यायाम (4)
18. समाचार पत्रों में लिखने वाला; संपादक; संवाददाता (4)
19. अत्यधिक उत्साहित होना; प्रसन्न होना (2,4)

**ऊपर से नीचे**
1. डोरी या तांत बांधकर बनाया अस्त्र; कमान; योग का एक आसन (3)
2. दौड़ना; डरना; बचना; जान छुड़ाना (3)
3. कतवार; कूड़ा (4)
4. नामकृत करना; नाम लिखना; मनोनीत करना (3,3)
7. अनेक प्रकार से किया हुआ (4)
8. उत्पीड़ित करना; कष्ट देना; घायल करना; चोटिल करना (3,3)
9. सेवा प्रभार पर लगने वाला कर (2,2)
10. जो ऊबड़-खाबड़ न हो; समतल (3)
14. अवनतिकाल; एक ऋतु जिसमें पेड़ों की पत्तियां झड़ जाती हैं; पेड़ों के पत्तों का झड़ना (4)
16. निजी; आत्मीय; स्वजन (3)
17. फैलाव; प्रसार; उन्नति (3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली 7518 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1नो | 2क | दा | र | ■ | 3ब | 4त | र | 5स |
| ■ | हा | ■ | ■ | 6पू | ■ | ब | ■ | म |
| 7प | र | ख | 8हो | ना | ■ | 9ल | ज्जि | त |
| रि | ■ | ■ | 10न | क | 11ल | ची | ■ | ल |
| 12मा | घ | ■ | हा | ■ | पे | ■ | 13अं | क |
| ण | ■ | 14क | र | 15व | ट | ■ | ■ | र |
| 16वा | य | दा | ■ | 17म | ना | क | 18र | ना |
| च | ■ | चा | ■ | न | ■ | ■ | सि | ■ |
| 19क | त | र | ना | ■ | 20चि | प | क | ना |

### सुडोकू : 7503
* कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 6 | | | 2 | | | 7 |
| | | 7 | | | | | 5 | |
| | 5 | | | | | 3 | | 1 |
| | | | 6 | | 9 | 7 | | |
| 4 | | | | | | | | 8 |
| | | 9 | 8 | | 3 | | | |
| 7 | | 5 | | | | | 1 | |
| | 2 | | | | | 4 | | |
| 8 | | | 3 | | | 5 | 6 | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### हल : सुडोकू नं.7502

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 9 | 8 | 6 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 2 | 6 | 3 | 4 | 9 | 5 | 8 | 7 | 1 |
| 4 | 9 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 8 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 4 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 2 | 7 | 8 | 4 | 9 | 5 |
| 3 | 5 | 7 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 4 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 | 7 |
| 6 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 5 | 4 | 9 |

यात्रा की समाप्ति पर मुंबई में बड़ी रैली करेगी पार्टी, गठबंधन के नेता भी मौजूद रहेंगे

# न्याय यात्रा महाराष्ट्र पहुंचने से पहले सीटों का बंटवारा तय करेगी कांग्रेस

**तैयारी**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुआई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के महाराष्ट्र पहुंचने से पहले पार्टी इंडिया गठबंधन के घटकदलों के बीच सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे देगी। न्याय यात्रा की समाप्ति पर पार्टी मुंबई में बड़ी जनसभा करने की तैयारी कर रही है। इस सभा में महाराष्ट्र सहित इंडिया गठबंधन के घटकदलों के सभी नेताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा।

इस बीच, सीट बंटवारे में देरी से नाराज शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने 18 सीट पर अपने समन्वयक नियुक्त कर दिए हैं। इनमें मुंबई की छह में चार सीट शामिल हैं। उद्धव ठाकरे के इस फैसले को महाविकास अघाड़ी गठबंधन में 18 सीट पर दावेदारी के तौर पर भी देखा जा रहा है। हालांकि, सीट बंटवारे में शिवसेना उद्धव ठाकरे को इसके आसपास सीट मिल सकती हैं।

**घटकदलों के साथ संपर्क में :** कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि इंडिया गठबंधन के घटकदलों की नाराजगी जायज है। महाराष्ट्र में पार्टी महाविकास अघाड़ी के घटकदलों के साथ संपर्क में हैं। ज्यादातर सीट पर सहमति बन गई है, पर कुछ सीट पर अभी जोर आजमाइश चल रही है। इसे जल्द सुलझा लिया जाएगा।

पार्टी नेताओं को उम्मीद है कि न्याय यात्रा के महाराष्ट्र पहुंचने से पहले महाविकास अघाड़ी के घटकदलों के बीच सीट बंटवारे का औपचारिक ऐलान कर दिया जाएगा। ताकि, यात्रा के वक्त किसी तरह की कोई दिक्कत न आए। यूपी सहित कई राज्यों में पार्टी को इस समस्या से जूझना पड़ा है। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीट हैं।


प्रतापगढ़ में लालगंज के इंदिरा चौक पर सोमवार को अपने वाहन पर खड़े होकर लोगों को संबोधित करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी • हिन्दुस्तान

### देश के युवाओं को जागने की जरूरत : राहुल गांधी

**प्रतापगढ़, वरिष्ठ संवाददाता।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर सोमवार को लालगंज के इंदिरा चौक पहुंचे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक चार हजार किलोमीटर की यात्रा कर चुके हैं। हर जगह सिर्फ बेरोजगारी ही दिखी। इसलिए देश के युवाओं को जागने की जरूरत है। जिस दिन देश का युवा जाग जाएगा, भूचाल आ जाएगा।

### एनडीए को 100 सीट भी नहीं मिलेंगी : खड़गे

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत अमेठी के गांधीनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे इस बार अबकी बार 400 पार का नारा दे रहे हैं। 400 तो छोड़ो, इस बार 100 सीट भी नहीं आएंगी।

# सपा ने यूपी में 17 सीटों का अंतिम प्रस्ताव दिया


**सियासत**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर चल रही रार अब और तीखी होती नज़र आ रही है। एक ओर कांग्रेस से सीटों पर सहमति नहीं बन पा रही है और अखिलेश यादव 27 सीटों पर प्रत्याशी उतार चुके हैं। सपा ने कांग्रेस को 17 लोकसभा सीटों का अंतिम प्रस्ताव दिया है।

**बंटवारा होने तक यात्रा में शामिल नहीं होंगे :** अखिलेश ने कहा है कि कांग्रेस के साथ कई दौर की बातचीत चल चुकी है। कई सूचियां उधर से आई हैं और कई सूचियां इधर से भी गई हैं। जब तक सीटों का बंटवारा नहीं हो जाएगा, तब तक समाजवादी पार्टी राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल नहीं हो पाएगी। अखिलेश को न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए कांग्रेस का निमंत्रण मिला था।

अखिलेश की टिप्पणी के कुछ घंटों बाद, सपा के राष्ट्रीय सचिव और प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा, हमने कांग्रेस को 17 लोकसभा सीटों की अंतिम ऑफर दिया है। सपा की ओर से इसके पहले कहा गया था कि कांग्रेस के लिए वह 15 सीटें छोड़ेगी, लेकिन इस पर उनकी ओर से कुछ भी नहीं कहा गया।

### अफजाल अंसारी समेत 11 प्रत्याशी घोषित किए



सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को 11 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा को गोंडा से टिकट दिया गया है। मुख्तार के भाई अफजाल अंसारी को गाजीपुर से मैदान में उतारा गया है। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी की सीट मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक को टिकट दिया गया है।

### नाराज स्वामी प्रसाद मौर्य नई पार्टी बनाएंगे

सपा के मुखिया अखिलेश यादव और हाल ही में राष्ट्रीय महासचिव का पद छोड़ने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य के बीच रार बढ़ती जा रही है। अखिलेश ने जैसे ही सोमवार को कहा कि लाभ लेकर सब चले जाते हैं, उसके चंद मिनटों के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने पलटवार करते हुए कहा कि ऐसे लगता है जैसे केंद्र व राज्य में सपा की सरकार है और वो मुझे लाभ दे रहे हैं। रही बात उनके सम्मान की तो विधान परिषद की सदस्यता जल्द छोड़ दूंगा। इस बीच, मौर्य ने नई पार्टी बनाने का ऐलान किया है।

## देश 30s

### सिद्धरमैया के खिलाफ कार्यवाही पर रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2022 में कर्नाटक में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन के संबंध में राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और अन्य के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। पीठ ने मामले में कर्नाटक सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया और सिद्धरमैया व अन्य के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी।

### गठबंधन की एकता के लिए प्रतिबद्ध : पीडीपी

**श्रीनगर।** पीडीपी (पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी) ने सोमवार को उन खबरों को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया है कि पीडीपी इंडिया गठबंधन छोड़ने पर विचार कर रही है। पार्टी ने कहा कि वह गठबंधन की एकता के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। पीडीपी ने एक्स पर कहा, पीडीपी की तरफ से इंडिया गठबंधन से नाता तोड़ने की मनगढ़ंत खबरों पर ध्यान न दें।

### मैं रात में मोदी, शाह से क्यों मिलूंगा : फारूक

**श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर)।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद के नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला को लेकर दिए गए बयान से सियासत गरमा गई है। फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि मैं उनके बयान से हैरान हूं। अब्दुल्ला ने कहा कि अगर मुझे प्रधानमंत्री मोदी या अमित शाह से मिलना है तो मैं दिन में ही मिलूंगा। रात में क्यों मिलूंगा।

### शुभमान गिल चुनाव के लिए स्टेट आइकॉन नामित

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने सोमवार को भारतीय क्रिकेटर शुभमान गिल को इस साल लोकसभा चुनाव के लिए 'स्टेट आइकॉन' के रूप में नामित किया। इस संबंध में मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी ने कहा कि क्रिकेट प्रेमियों, विशेषकर युवाओं के बीच लोकप्रिय पंजाब निवासी गिल को 'स्टेट आइकॉन' नियुक्त किया गया है।

### पूर्व मंत्री मालवीय ने भाजपा का दामन थामा

**जयपुर।** राजस्थान में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता और चार बार के विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय सोमवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। बाद में उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। मालवीय ने कहा कि वह विकास के मुद्दे को लेकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

# अमेठी छोड़ने वाले चुनाव के समय दिखते हैं : स्मृति


केंद्रीय मंत्री ने न्याय यात्रा को अमेठी में फ्लॉप बताया

**अमेठी, संवाददाता।** अमेठी से सांसद व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर पर आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल होने के बाद उन्होंने कहा कि जो लोग अमेठी को छोड़ गए और छूट गए वो तब नजर आते हैं जब चुनाव होता है।

राहुल की न्याय यात्रा को अमेठी में फ्लाप बताते हुए उन्होंने कहा कि माहौल ऐसा कि रायबरेली की सीट भी परिवार ने छोड़ दी।राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संबंध में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि आज जो लोग अमेठी को सत्ता का केन्द्र मानते थे लेकिन सेवा नहीं देते थे, वो जब गाजे बाजे की तरह आए तो अमेठी के नागरिक उनके स्वागत के लिए अनुपस्थित रहे। लोग यह भी नहीं भूले कि राहुल ने जब वायनाड में उत्तर भारत विशेषकर अमेठी के बारे में टिप्पणी की कि यहां के लोगों की समझ ठीक नहीं है, तब से लेकर अब तक अमेठी आक्रोशित है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अमेठी का नागरिक तब भी व्यथित हुआ जब रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए यहां के पूर्व सांसद ने और गांधी खानदान ने न्योता ठुकरा दिया।

# कमलनाथ पार्टी नहीं छोड़ेंगे, नकुलनाथ चुनाव लड़ेंगे

**दावा**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भाजपा में शामिल नहीं होंगे। कई दिनों से चल रही अटकलों को विराम देते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और उनके समर्थक सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि कमलनाथ कहीं नहीं जा रहे हैं। उनके बेटे नकुल नाथ भी कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे।

सज्जन सिंह वर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वरिष्ठ नेता कमलनाथ इंदिरा गांधी के तीसरे बेटे माने जाते हैं, ऐसे में वह कांग्रेस छोड़कर कैसे जा सकते हैं। कमलनाथ कहीं नहीं जा रहे हैं, वह कांग्रेस में ही रहेंगे।

### कांग्रेस नेता आज भोपाल में विधायकों से मिलेंगे

**भोपाल/नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के भीतर बढ़ते तनाव के बीच राज्य के एआईसीसी प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह जमीनी स्थिति जानने के लिए पार्टी विधायकों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा के लिए मंगलवार को भोपाल पहुंचेंगे। यह दौरा कांग्रेस के दिग्गज नेता कमल नाथ के भविष्य की अटकलों की पृष्ठभूमि में हो रहा है, जो इस समय नई दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। हालांकि, सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में उनके सहयोगियों ने बार-बार आश्वासन दिया कि कमलनाथ की पार्टी छोड़ने की कोई योजना नहीं है।

नकुलनाथ से जुड़े सवाल पर कहा कि नकुलनाथ कांग्रेस से चुनाव लड़ेंगे। वर्मा ने कहा कि कमलनाथ लोकसभा में सभी सीट पर जीत की तैयारियों में जुटे हैं। इस सिलसिले में वह प्रदेश नेताओं से बात कर रहे हैं। यह सवाल किए जाने पर कि कमलनाथ ने इन अटकलों को खारिज क्यों नहीं किया, उन्होंने कहा कि कमलनाथ ने कभी जाने की बात नहीं की थी।

कमलनाथ समर्थकों का दावा है कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनसे सपर्क किया है। बकौल सज्जन सिंह वर्मा, कुछ नाराजगी थी, वह अब दूर हो गई है। पार्टी में थोड़ा बहुत मनमुटाव होता है, उसे दूर कर लिया गया है। हालांकि, कमलनाथ ने इस बारे में अभी कोई टिप्पणी नहीं की है।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि कमलनाथ भाजपा में जाते हैं या नहीं जाते हैं, यह पूरी तरह उनका निजी निर्णय है। पार्टी का इससे लेना-देना नहीं है। भाजपा में कमलनाथ को लेकर नाराजगी है। ऐसे में हो सकता है कि भाजपा ने अपना निर्णय बदल लिया।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि राहुल गांधी की अगुआई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा जल्द मध्य प्रदेश में पहुंच रही है। राहुल गांधी दतिया और ग्वालियर में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। ऐसे में हो सकता है कि नकुलनाथ यात्रा के पहुंचने पर पार्टी छोड़ने की घोषणा करें।

## प्रियंका गांधी इलाज के बाद अस्पताल से घर लौटीं

**नई दिल्ली।** डिहाइड्रेशन और पेट में संक्रमण की शिकायत के बाद नई दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराई गईं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि जैसे ही वह बेहतर हो जाएंगी न्याय यात्रा में शामिल होंगी।

## ईडी के समक्ष पेश नहीं हुईं महुआ मोइत्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुईं।

मोइत्रा को इस मामले में पूछताछ के लिए 15 फरवरी को जांच एजेंसी ने समन भेजा था। उन्हें विदेशी निवेशों से संबंधित दस्तावेजों के साथ ईडी मुख्यालय बुलाया गया था। वहीं, ईडी ने तृणमूल कांग्रेस नेता एवं लोकसभा से निष्कासित सदस्य महुआ मोइत्रा को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन से जुड़े मामले में सोमवार एक नया समन जारी किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

# भाजपा ने दूसरी पार्टियों के नेताओं के लिए द्वार खोले

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** फिर एक बार मोदी सरकार... के नारे के साथ भाजपा का लोकसभा चुनावों का व्यापक संगठनात्मक अभियान शुरू हो गया है। राष्ट्रीय अधिवेशन में दिए गए इस नारे के साथ भाजपा ने दूसरे दलों के नेताओं के लिए भी अपने द्वार खोल दिए हैं।

केंद्र से लेकर राज्य व जिलों में बनाई गई ज्वाइनिंग कमेटियां पूरी तरह से सक्रिय हो गई हैं। चुनावों तक लगभग हर रोज कही न कहीं दूसरे दलों के प्रमुख नेताओं को भाजपा में लाया जाएगा। भाजपा ने केंद्रीय स्तर पर जिन नेताओं को इस टीम में शामिल किया है उनमें केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, मनसुख मंडाविया, हिमंत बिस्व सरमा, विनोद तावड़े, सुनील बंसल, तरुण चुग व अनुराग ठाकुर शामिल हैं।

सूत्रों के अनुसार, पार्टी ने इन नेताओं को जिम्मेदारी दी है कि वह विभिन्न दलों व क्षेत्रों से भाजपा में आने के इच्छुक नेताओं की स्क्रीनिंग कर उनको शामिल करने के बारे में फैसला करें। कुछ नेताओं को कुछ प्रुमख राज्यों की जिम्मेदारी भी दी गई है कि वह उन राज्यों में इस काम को संभालें। पार्टी व सरकार के एक प्रमुख नेता ने कहा कि कई सांसद व पूर्व सांसद भाजपा में शामिल होने के लिए संपर्क में हैं। चूंकि अभी पार्टी अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में व्यस्त थी, इसलिए इस काम को धीमा किया गया था, लेकिन अब इसमें तेजी लाई जाएगी। हाल ही में मध्य प्रदेश में जबलपुर के कांग्रेस के मेयर भाजपा में शामिल हुए थे। बड़े नेताओं में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भाजपा का दामन थाम चुके हैं।

### मध्य प्रदेश और पंजाब से कुछ नेता संपर्क में

सूत्रों के अनुसार, मध्य प्रदेश व पंजाब से कांग्रेस के कुछ प्रमुख नेता जिनमें सांसद भी शामिल हैं, भाजपा के संपर्क में हैं। हालांकि, पार्टी ने नामों को खुलासा नहीं किया है, लेकिन उसके नेताओं का कहना है कि जिनके नाम की चर्चा है, वह सभी संपर्क में हैं। इनके साथ लोकसभा चुनाव व सीट को लेकर बातचीत चल रही है।

# नीतीश ने बिहार को आगे बढ़ाया : सम्राट

**बिहार**

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सह वित्त और वाणिज्य कर मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार हर सेक्टर में तेजी से विकास कर रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ठहरे बिहार को आगे बढ़ाया है। यही नहीं उन्होंने राज्य का पूरा परिदृश्य ही बदल दिया है।

वह सोमवार को विधानसभा में राज्य सरकार के 2024-25 के बजट पर हुई चर्चा के बाद सरकार का पक्ष रख रहे थे। वित्त मंत्री ने कहा कि बिहार का वार्षिक बजट पिछले साल की तुलना में 16 हजार करोड़ बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में बिहार का बजट महज 22 हजार करोड़ रुपये का था। बिहार ने वहां से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में यहां तक की यात्रा पूरी की है। चौधरी ने नई एनडीए सरकार को बिहार के लिए शुभ बताया और कहा कि सरकार बनते ही केंद्र से मिलने वाली सहायता राशि में 9 हजार करोड़ की वृद्धि हो गई। मंत्री ने राजद को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि बिहार में नौकरी देने का श्रेय कोई दूसरा नहीं ले सकता। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2005 से 2020 के दौरान 7.50 लाख लोगों को नौकरी दी।

## श्रम मंत्री के बयान से विवाद

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के श्रम मंत्री संतोष लाड ने सोमवार को उस समय अपने बयान से विवाद खड़ा कर दिया जब उन्होंने पूछा कि क्या अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से गरीबी दूर हो जाएगी।


सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश
केन्द्रीय सज्जा एवं भण्डार आपूर्ति मण्डल-2,
गंगा सिंचाई भवन, तेलीबाग, लखनऊ

**GeM BID NOTICE**

सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत अधीक्षण अभियन्ता, केन्द्रीय सज्जा एवं भण्डार आपूर्ति मण्डल-2, लखनऊ द्वारा विभिन्न परियोजनाओं हेतु ISI MARKED STEEL TUBES USED FOR WATER WELLS OF TYPE ELECTRIC RESISTANCE WELDED (ERW) PLAIN END एम0एस0केसिंग पाइप 200मि.मी. के कय हेतु जेम पोर्टल बिड जेम पोर्टल बिड संख्या-GEM/2024/B/4621920 दिनांक 13.02.2024 को जेम पोर्टल पर अपलोड किया गया है, जिसमें प्रतिभाग करने की अंतिम तिथि दिनाँक 23.02.2024 समय अपरान्ह 17:00बजे है। सामग्री के कय प्रबन्ध हेतु तकनीकी व अन्य शर्ते जेम पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

किसी प्रकार के तकनीकी कारणों से जेम पोर्टल पर निविदा अपलोड न होने पर अधोहस्ताक्षरी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। किसी अपरिहार्य परिस्थिति में निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

अधीक्षण अभियन्ता,
केन्द्रीय सज्जा एवं भण्डार आपूर्ति मण्डल-2,
लखनऊ

UP-203738, Dt. 17.02.2024
Website : www.upgov.nic.in



कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो0 नि0 वि0, गाजियाबाद

पत्रांक 110/4ए-कैम्प दिनांक:-13.02.2024

अल्पकालीन प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित अल्पकालीन निविदायें ऑनलाइन http://etender.up.nic.in ई-टेंडरिंग के माध्यम से मार्ग कार्य के लिये निम्नांकित तालिका के कॉलम 7 के अनुसार ए0, बी0, सी0 एवं डी0 श्रेणी में आथॉराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म से बिड डाक्यूमेन्ट ऑनलाईन दिनांक 21.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक अपराह्न 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा निविदा की टेक्नीकल बिड कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0 गाजियाबाद में दिनांक 27.02.2024 को 12:30 बजे गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। तकनीकी बिड में क्वालीफाई पाये गये ठेकेदारों की फाइनेन्सियल बिड की दिनांक अलग से सूचित की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में टैकनीकल बिड/फाइनेन्सियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

2.

| क्र0 सं0 | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा का मूल्य | श्रेणी (मार्ग) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गाजियाबाद | दिल्ली कानपुर मार्ग डिवाईडर की मरम्मत एवं पुल की रेलिंग की मरम्मत का कार्य। | 15.00 | 1.50 | 500+ 300 + GST 18% | A-D | 12 Month |
| 2 | | बन्थला ढिकौली मार्ग पर पैच मरम्मत का कार्य। | 14.50 | 1.45 | 500+ 300 + GST 18% | A-D | 12 Month |

3. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2 लो0नि0वि0 गाजियाबाद, अधीक्षण अभियन्ता बुलन्दशहर वृत्त लो0नि0वि0 बुलन्दशहर एवं मुख्य अभियन्ता मे0क्षे0 लो0नि0वि0 मेरठ में देखी जा सकती है।
4. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।
5. लोक निर्माण विभाग में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0,
गाजियाबाद

UP-203806 Dt. 18-02-2024
Website : www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0,
गाजियाबाद



**North Bihar Power Distribution Company Limited**
(Regd. Office : Vidyut Bhawan, Baily Road, Patna)
(Department of Stores & Purchase)
CIN NO: U40109BR2012SGC018920
Contact No. : 9264437183, Email- cesnp4.nb@gmail.com
Govt. of Bihar

**EXPRESSION OF INTEREST FOR EMPANELMENT OF SMART METERS FOR ONGOING SMART METERING PROJECT WORKS UNDER NBPDCL & SBPDCL**
**(Through e-procurement mode only - www.eproc2.bihar.gov.in)**

EOI No-15/PR/NBPDCL/2024

North Bihar Power Distribution Company Limited (NBPDCL), a Government of Bihar Undertaking invites Expression of Interest (EOI) for empanelment of Vendors for supply of Smart Meter in one Tier (Technical) online Bid from eligible and experienced original Manufacturers registered under Company Act 1956 for ongoing smart metering project works for NBPDCL & SBPDCL. In this regard details as below:-

| Particulars | Period of Empanelment | Tender Cost (In Rs.) | Registration Fee for manufacturers having factories in India but outside Bihar (in Rs.) | Registration Fee for manufacturers having factories inside Bihar (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| For empanelment of Vendors for supply of Smart Meter for ongoing smart metering project works under NBPDCL & SBPDCL | 5 Years | 20,000.00 | 3,00,000.00 | 2,00,000.00 |

The Time line for the above tender is as follows:

| | |
|---|---|
| Start Date of Online submission of Bid | 23.02.2024 from 11:00 Hrs. |
| Last Date of Online submission of Bid | 11.03.2024 up to 18:00 Hrs |
| Last Date of submission of Bid Declaration and hard copy of receipt of BSEDCL processing fee & tender cost | 11.03.2024 up to 15:00 Hrs |
| Date of opening of Techno-Commercial bid(Part-I) | 12.03.2024 after 17:00 Hrs |
| Date of Pre Bid Meeting: | 01.03.2024 at office chamber of Chief Engineer (S&P) NBPDCL, 4th floor, Vidyut Bhawan-3 Bailey Road, Patna, Bihar |

''विवादों के निष्पादन के लिए लोक अदालत का लाभ उठावें''
''परस्पर सहमति से न्यायिक निर्णय प्राप्त करें''
''समय एवं खर्च की बचत करें।''

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar
Electrical Superintending Engineer (S&P)
NBPDCL
PR- 017610 (B & C) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**UTTARAKHAND SAHAKARI CHINI MILLS SANGH LTD. (UTTARAKHAND SUGARS)**
Near Railway Crossing, Badripur Road, Jogiwala, Dehradun-248001 (Uttarakhand)
Telephone No.: 0135-2974413, E-mail : uksugars@gmail.com
Website : www.uttarakhandsugars.com, GST No. 05AABFU7713K2Z1

Letter No. : 1879/PUR/35/Bazpur/Scrap/2023-24 Date : 19 February, 2024

**E-TENDER NOTICE FOR SALE OF M.S. SCRAP OF CO-OPERATIVE SUGAR MILL BAZPUR (UDHAM SINGH NAGAR) UTTARAKHAND**

Online e-tenders are invited from reputed buyers of **Sale of M.S. Scrap** available in our One Co-operative Sugar Mill Bazpur (Udham Singh Nagar) Uttarakhand as per detail given in tender document. Tender of Sale of M.S. Scrap will be uploaded up to **06:00 PM on 29.02.2024** and Technical and financial bid will be opened on the scheduled date **01.03.2024 at 10:30 AM to 03:00 PM.**

Tender documents can be downloaded from e-tender portal https://uktenders.gov.in or Federation's website www.uttarakhandsugars.com. The bidders will have to deposit tender fees (Non Refundable) of **Rs. 2,360/- (GST Inclusive)** & earnest money in the form of **Demand Draft / RTGS / NEFT / NET BANKING for Rs. 1,60,000.00 (Rupees One Lacs Sixty Thousand Only)** in favor of **Uttarakhand Sahkari Chini Mills Sangh Limited, Payable at Dehradun.** Tenders without Tender Fees and Earnest money will not be accepted. The bank details are available inside the tender document.

The details for submission of The E-Bids is available on the E-Tender Portals www.uktenders.gov.in & www.uttarakhandsugars.com from **19.02.2024 at 06:00 PM**. The Federation reserves the right to cancel any or all E-Bids without assigning any reason. The decision of Federation shall be final and binding.

इस निविदा के सम्बन्ध में सभी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, समय वृद्धि आदि को केवल www.uktenders.gov.in & www.uttarakhandsugars.com पर ही दिया जायेगा। निविदादाता अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से इन वेबसाइटों को पढ़ते रहें।

**MANAGING DIRECTOR**



उत्तर रेलवे
इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
आज़ादी का अमृत महोत्सव

टेंडर नोटिस सं. 82240372 दिनांक 19.02.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82240372 | टैब/कैप उर्सोडॉक्सिकोलिक एसिड 300 मिलीग्राम | 7,19,000 | 20.03.2024 |

निविदा शर्तें-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

544/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा स. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82241773A | इंजेक्शन रेबीज वैक्सीन मानव युक्त शुद्ध रेबीज एंटीजन एनएलटी 2.5IU 1mL खुराक के रूप में शीशी में | 12735 Nos | 13.03.2024 |
| 02 | 82249307A | नैनो-पैक्लिटेक्सेल 100 मिलीग्राम | 1000 Nos | 13.03.2024 |
| 03 | 82241690A | कम से कम जिंग के साथ विटामिन बी कॉम्प्लेक्स कैप करें जिसमें विटामिन बी1 (थियामिन)-10 मिलीग्राम, विटामिन बी 2 (राइबोफ्लेविन)-10 मिलीग्राम, विटामिन बी 3 (नियासिन)-100 मिलीग्राम, विटामिन बी 5/कैल्शियम पैंटोथेनेट-50 मिलीग्राम, विटामिन बी 6 (पाइरिडोक्सिन)- 3 मिलीग्राम, विटामिन बी 12 शामिल हो। (कोबालामिन)- 5mcg, विटामिन B7 (बायोटिन)-100mcg, विटामिन B9 (फोलिक एसिड)-1.5 मिलीग्राम, एस्कॉर्बिक एसिड 150 मिलीग्राम और जिंक सल्फेट-60 मिलीग्राम | 3264800 Nos | 13.03.2024 |
| 04 | 82241151A | मेटफॉर्मिन 1000mg एसआर/ईआर | 3491470 Nos | 13.03.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

दिनांक : 16.02.2024 540/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

शीर्ष कोर्ट की पीठ ने याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने की छूट देते हुए कहा कि दोहरे मंच नहीं होने चाहिए

# संदेशखाली मणिपुर नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**टिप्पणी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को संदेशखाली हिंसा की जांच कोर्ट की निगरानी में सीबीआई या एसआईटी से कराने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है और कहा कि इन घटनाओं की तुलना मणिपुर में हुई बर्बरता से नहीं की जा सकती।।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पहले ही मामले को समझ लिया है और संज्ञान ले लिया है। पीठ ने याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने की छूट देते हुए कहा कि दोहरे मंच नहीं होने चाहिए।

**मुख्य सचिव को जारी नोटिस पर रोक :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लोकसभा की विशेषाधिकार समिति के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसके जरिए पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक व अन्य को नोटिस जारी कर पेश होने के लिए कहा गया था। समिति ने भाजपा सांसद सुकांत मजूमदार की कदाचार संबंधी शिकायत पर विशेषाधिकार समिति ने यह आदेश जारी किया था। संदेशखाली जाने से रोकने पर भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस कर्मियों से झड़प हो गई थी, जिसमें मजूमदार को चोटें आई थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस मामले में समिति ने राज्य के मुख्य सचिव भगवती प्रसाद गोपालिका, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार, उत्तर 24 परगना जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य को नोटिस जारी कर सोमवार सुबह 10.30 बजे अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया था।



संदेशखाली में सोमवार को पीड़ितों से मिलने पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा। • प्रेट्र

### बंगाल सरकार सच्चाई को दबा रही है : महिला आयोग

**कोलकाता।** राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित महिलाओं का हाल जाना। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने पश्चिम बंगाल सरकार पर संदेशखाली की महिलाओं की आवाज दबाने का आरोप लगाया। आयोग ने राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग की। दूसरी तरफ सत्तारूढ़ पार्टी का कहना है महिला आयोग भाजपा के प्रभाव में काम कर रहा है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि संदेशखाली में महिलाएं डरी हुई हैं। मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को गिरफ्तार करने में देरी नहीं होनी चाहिए। उसके गिरफ्तार होने के बाद ही महिलाओं में शिकायत दर्ज कराने की हिम्मत आएगी।

### शुभेंदु को अनुमति मिली

कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को संदेशखाली जाने की अनुमति दे दी है। अदालत ने अधिकारी को राज्य सरकार को यात्रा का रूट मैप उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही निर्देश दिया कि वे दौरे के दौरान कोई भी भड़काऊ भाषण न दें।


> संदेशखाली में महिला आयोग की टीम का दौरा राजनीति से प्रेरित है। आयोग भाजपा शासित राज्यों में समान तत्परता दिखाने में क्यों विफल रहा।
>
> – जय प्रकाश मजूमदार, राज्य उपाध्यक्ष, तृणमूल कांग्रेस

> संदेशखाली में महिलाएं स्वयं ही विरोध कर रही हैं और इसमें कोई राजनीति नहीं की जा रही है। शाहजहां शेख को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा बचाया जा रहा है।
>
> –लॉकेट चटर्जी, भाजपा सांसद

# आपदा प्रबंधन से लाखों लोगों की जान बची : शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुपक्षीय आपदा प्रबंधन योजना लागू की है। इस योजना के तहत सरकार ने त्वरित कार्रवाई बल स्थापित करने के साथ ही पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित की है, जिससे लाखों लोगों की जान बचाने में मदद मिली।

शाह ने एक्स पर 'आपदा रोधी भारत' हैशटैग के साथ पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा, आपदा रोधी देश के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ने आपदाओं के प्रति भारत की प्रतिक्रिया में 'शून्य-हताहत' दृष्टिकोण अपनाया है। अब आपदा प्रतिक्रिया दल हर व्यक्ति को सुरक्षित करने के लक्ष्य से प्रेरित होकर पेशेवर बल के रूप में काम करते हैं। शाह ने कहा, मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आज किसी भी आपदा से निपट सकता है। सरकार के 'मिशन जीरो कैजुअल्टी' (हताहतों की संख्या शून्य रखने का अभियान) से बिपरजॉय जैसा चक्रवात आने पर भी किसी की जान नहीं गई।



### गृह मंत्री आज राजस्थान दौरे पर

**नई दिल्ली, विसं।** भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को राजस्थान प्रवास पर रहेंगे। शाह राजस्थान में भाजपा द्वारा बनाए गए बीकानेर, उदयपुर और जयपुर क्लस्टर में आयोजित कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, शाह सबसे पहले बीकानेर जाएंगे, जहां दोपहर 12 बजे लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक लेंगे। इसके बाद वे उदयपुर जाएंगे। यहां दोपहर ढाई बजे कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### 'अम्ब्रेला संगठन' का उद्घाटन करेंगे

अमित शाह दो मार्च को शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए अम्ब्रेला संगठन का उद्घाटन करेंगे। राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त और विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष ज्योतिंद्र मेहता ने सोमवार को कहा कि कार्यक्रम नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित होगा। मेहता ने बताया कि आरबीआई द्वारा एनयूसीएफडीसी को एनबीएफसी के रूप में कार्य करने और औपचारिक रूप से इस क्षेत्र के लिए छत्र संगठन बनने के लिए पंजीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया गया है।

**देश 30s**

### हवाईअड्डा उड़ाने की धमकी देने वाला धरा

**हैदराबाद।** राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (आरजीआईए) को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल भेजने वाले आरोपी को पुलिस ने रविवार को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया। आरोपी बिहार का रहने वाला है। उसने बेंगलुरु में 2012 से 2020 तक आईटी क्षेत्र में काम किया।

### भारत की मेजबानी में नौसैनिक अभ्यास शुरू

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को विशाखापत्तनम में लगभग 50 नौसेनाओं की भागीदारी के साथ नौ दिवसीय मेगा नौसैनिक अभ्यास शुरू किया। अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, बांग्लादेश, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, इंडोनेशिया सहित कई देशों की नौसेनाएं मिलान अभ्यास के 12वें संस्करण में भाग ले रही हैं।

### 19 देशों के पत्रकारों को किया संबोधित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को 19 देशों के 35 पत्रकारों के एक प्रतिनिधि मंडल को संबोधित किया। पैनल में लैटिन अमेरिका और कैरेबियन देशों के पत्रकार शामिल थे। गोयल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाना है।

### हत्या मामले में आदेश को बरकरार रखा

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने 2012 के टीपी चंद्रशेखरन हत्या मामले में आरोपियों की सजा सोमवार को बरकरार रखी। दोषियों की उस अपील को भी खारिज कर दिया, जिसमें निचली अदालत द्वारा सजा के आदेश को चुनौती दी गई थी।

### 'जमानत की गति धीमी रखें अदालत'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि भारी मात्रा में मादक पदार्थों की बरामदगी मामले में अदालतों को नियमित जमानत देने की गति धीमी रखनी चाहिए। वो भी तब जब आरोपी का आपराधिक इतिहास हो।

# अफसर ने माना, हमने मतपत्र पर चिह्न लगाए

**मेयर चुनाव**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** मेयर चुनाव में धांधली के आरोपों पर सुनवाई के दौरान महापौर चुनाव कराने वाले पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह निजी तौर पर शीर्ष अदालत में पेश हुए। अदालत के सवालों का जवाब देते हुए मसीह ने पीठ के समक्ष कहा कि 'उन्होंने मतपत्रों पर हस्ताक्षर करने के अलावा, वोटों की गिनती के दौरान आठ मतपत्रों पर क्रॉस निशान भी लगाया था।

मसीह ने कहा, उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उन्हें पता चला कि मतपत्र विकृत हो गए थे।' मसीह ने आम आदमी पार्टी के पार्षदों पर हंगामा करने और मतपत्र छीनने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसलिए वह मतगणना केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरे की तरफ देख रहे थे। इससे पहले, पीठ ने मसीह से कहा था कि यदि पूछे गए सवालों का सही जवाब नहीं देंगे तो आप पर मुकदमा चलाया जाएगा। हमने वीडियो देखा है, आप मतपत्रों पर क्रॉस लगाते हुए कैमरे की ओर देखकर क्या कर रहे थे? मसीह का जवाब सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से मौखिक तौर पर कहा,इस अधिकारी पर तो मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

मामले की सुनवाई के दौरान चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत से नये सिरे से चुनाव कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि न्यायिक अधिकारी की निगरानी में चुनाव कराए जाए। हालांकि याचिकाकर्ता और आप पार्षद कुलदीप कुमार की ओर से इसका विरोध किया गया। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने पीठ से कहा कि वोटों की गिनती मौजूदा मतपत्रों के आधार पर की जा सकती है।

नियमों के अनुसार, मतपत्र तीन स्थितियों में अमान्य होते हैं, पहला यदि दो से अधिक उम्मीदवारों के लिए वोट डाले गए हों, दूसरा यदि मतदाता की पहचान के लिए कोई निशान छूट गया हो और तीसरा यदि कोई निशान रह गया हो और मतपत्र से यह पता लगाना कठिन हो जाता है कि वोट किसे दिया गया है।

पीठ ने कहा कि हम नये सिरे से चुनाव का आदेश देने के बजाए, मौजूदा मामलों में रिकॉर्ड का अवलोकन करने के बाद मतगणना का आदेश दे सकते हैं। इसलिए पीठ ने रिकार्ड पेश करने के लिए कहा।

### भाजपा पार्षदों को धमका रही : आप

चंडीगढ़ मेयर चुनाव विवाद के बीच आप के तीन नगर निगम पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के बाद सियासत तेज हो गई है। चंडीगढ़ आप के अध्यक्ष सनी आहलूवालिया ने सोमवार को भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा पार्षदों को धमका रही है। उन्हें अपने दल में शामिल करने के लिए गलत रणनीति अपना रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा में जाने वाले नगर निगम पार्षद कुछ दिन पहले मेयर चुनाव के खिलाफ पार्टी के प्रदर्शन में शामिल हो रहे थे। इसके बाद वो अचानक भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने गलत रणनीति के जरिए पार्षदों पर दल बदलने का दबाव बनाया और ये सब मेयर चुनाव से जुड़ा हुआ है।

# अदिति को घनश्याम दास बिड़ला पुरस्कार

**सम्मान**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** वर्ष 2023 का घनश्याम दास बिड़ला वैज्ञानिक शोध पुरस्कार, भौतिक विभाग के क्षेत्र में काम करने वाली प्रो. अदिति सेन दे को दिए जाने की घोषणा की गई है। अदिति सेन अभी हरीश चन्द्र अनुसंधान संस्थान, प्रयागराज में कार्यरत हैं। उन्होंने भौतिकी विज्ञान में क्वांटम सूचना एवं संगणना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस पुरस्कार के रूप में पांच लाख रुपये की सम्मान राशि दी जाती है। यह पुरस्कार हर वर्ष भारत में काम कर रहे 50 वर्ष या उससे कम आयु के भारतीय वैज्ञानिकों के उल्लेखनीय वैज्ञानिक कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से दिया जाता है। इसके चयन मंडल के सदस्य देश के विभिन्न भागों के संस्थानों के वरिष्ठ वैज्ञानिक हैं।

**कोलकाता में जन्म :** अदिति सेन का जन्म 1 अक्तूबर, 1974 को कोलकाता में हुआ। उन्होंने स्कूली शिक्षा शारदा आश्रम बालिका विद्यालय, कोलकाता से और उच्च माध्यमिक शिक्षा, सखावत मेमोरियल गवर्मेंट विद्यालय से पूरी की। अदिति सेन ने भौतिकी विज्ञान में क्वांटम सूचना एवं संगणना के क्षेत्र में अहम योगदान दिया है। विशेष रूप से उन्होंने उलझाव की मात्रा निर्धारित करने और विविधता मैट्रिक्स पुनरावर्ती विधि के विकास के क्षेत्र में योगदान दिया है। इनके 100 से अधिक शोध लेख समीक्षित पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं।



### भौतिक विज्ञान में अहम योगदान

भौतिक विज्ञान में प्रो. अदिति सेन दे के योगदान के लिए वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् ने 2018 में शांतिस्वरुप भटनागर पुरस्कार से सम्मानित किया। वह पहली महिला भौतिकी वैज्ञानिक हैं जिनको यह सम्मान दिया गया है।

**05** लाख रुपये की सम्मान राशि दी जाती है

**50** वर्ष या उससे कम आयु के वैज्ञानिकों को मिलता है पुरस्कार

# केंद्र के प्रस्ताव पर किसान संगठन चर्चा करेंगे : पंधेर



चंडीगढ़ में रविवार को किसान प्रतिनिधियों के साथ वार्ता में शामिल केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल, नित्यानंद राय और मुख्यमंत्री भगवंत मान। • प्रेट्र





**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने सोमवार को कहा कि सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर दलहन, मक्का, कपास खरीदने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर किसान चर्चा करेंगे, लेकिन किसान संगठन फसलों के लिए एमएसपी गारंटी कानून बनाने की अपनी मांग से पीछे नहीं हटेंगे।

रविवार को चंडीगढ़ में देर रात तक तीन केंद्रीय मंत्रियों व किसान संगठनों के बीच चली बैठक के अगले दिन सोमवार को पंधेर ने यह बात कही है। किसान मजदूर संघर्ष समिति के नेता पंधेर ने कहा कि दिल्ली चलो अभियान को लेकर हजारों किसान पंजाब और हरियाणा की बार्डर पर डटे हुये हैं। पंधेर ने शंभू बार्डर पर पत्रकारों से कहा कि केंद्र की ओर से दिए गये प्रस्ताव पर किसान संगठन के नेता चर्चा करेंगे।

पंधेर ने कहा,किसान एमएसपी की गारंटी देने वाले कानून की अपनी मांग से पीछे नहीं हटे हैं और न ही कभी पीछे हटेंगे। किसान नेताओं का खनौरी बार्डर पर पहुंचने का सिलसिला जारी है। पंधेर ने बताया कि विरोध प्रदर्शन में शामिल एक 72 वर्षीय किसान की रविवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।

### कई मांगों पर चर्चा लंबित

पंधेर ने कहा कि कर्ज माफी और अन्य मांगों पर चर्चा लंबित है और उम्मीद है कि मंगलवार तक इनका समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली चलो मार्च फिलहाल स्थगित है, लेकिन अगर सभी मुद्दे नहीं सुलझे तो 21 फरवरी को सुबह 11 बजे फिर से आंदोलन शुरू होगा।

# निष्क्रिय आधार वालों को अलग कार्ड : ममता

**हावड़ा, एजेंसी।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को राज्य में लागू नहीं करेगी और उन लोगों को अलग कार्ड प्रदान करेगी जिनका आधार कार्ड निष्क्रिय हो गया है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने यह घोषणा हावड़ा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। सोमवार को मुख्यमंत्री ने शिकायत दर्ज कराने के लिए एक पोर्टल लांच किया। ममता बनर्जी ने कहा कि जो लोग आधार कार्ड के साथ खेल रहे हैं और लोगों को उनके अधिकारों से वंचित करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें जनता सत्ता से बाहर कर देंगी।

# भारतीय नौसेना 2047 तक आत्मनिर्भर होगी : एडमिरल

**पुणे, एजेंसी।** नौ सेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने सोमवार को महाराष्ट्र के पुणे में विभिन्न रक्षा परियोजनाओं पर काम करने वाले निबे डिफेंस एंड एयरोस्पेस के विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना 2047 तक आत्मनिर्भर बन जाएगी। इस लक्ष्य को हासिल करने में उन्होंने उद्योग से मदद की अपील की। इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट मौजूद थे। आत्मनिर्भरता का मतलब हर जहाज, पनडुब्बी, विमान और हथियार प्रणाली का भारत में निर्माण करना है। एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि भारतीय नौसेना आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने केंद्र सरकार से वादा किया है कि हम 2047 तक पूरी तरह से आत्मनिर्भर बन जाएंगे, इसके लिए हमें उद्योग की मदद चाहिए।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि यह सुविधा आत्मनिर्भरता के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप देश में अपनी हथियार प्रणाली बनाने की हमारी क्षमता को मजबूत कर रही है। रक्षा जहाज क्षेत्र में प्राप्त आत्मनिर्भरता के विभिन्न स्तरों की जानकारी दी।

# चिड़ियाघर के लिए सुप्रीम अनुमति जरूरी

**फैसला**

- सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की पीठ ने दिया है आदेश
- राज्य वन क्षेत्र भूमि की जानकारी केंद्र सरकार को दें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जंगल की जमीन पर नए चिड़ियाघर और सफारी की शुरुआत के लिए सुप्रीम कोर्ट की अनुमति लेनी होगी। देश में वन संरक्षण के लिए सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने ये फैसला दिया।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सोमवार को 2023 के वन संरक्षण कानून में संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिया। अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया कि वे अपने क्षेत्र के वन भूमि की जानकारी केंद्र सरकार को 31 मार्च तक मुहैया कराएं।

**15 अप्रैल तक वेबसाइट पर जानकारी उपलब्ध कराएं :** अदालत ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को वन क्षेत्र, अवर्गीकृत वन भूमि और सामुदायिक वन भूमि की पूरी जानकारी 15 अप्रैल तक वेबसाइट पर उपलब्ध करने का आदेश दिया है। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि जंगल की जमीन पर नए चिड़ियाघर और सफारी के शुरुआत बिना अदालत की अनुमति के नहीं होगी। अदालत ने कहा कि राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जंगल की परिभाषा के अनुसार निर्णय लें।

**वन भूमि को 'वन' के दायरे से बाहर रखा :** शीर्ष अदालत ने इस दलील पर ध्यान दिया कि वन संरक्षण पर 2023 के संशोधित कानून के तहत जंगल की परिभाषा में लगभग 1.99 लाख वर्ग किलोमीटर वन भूमि को 'वन' के दायरे से बाहर रखा गया है। संभव है कि इसका उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।

# 'अच्छी वित्तीय स्थिति पर भी बेटी का संपत्ति में हक'

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने सोमवार को फैसला सुनाया कि एक बेटी को अपने पिता की संपत्ति में अपना हिस्सा मांगने के अधिकार से सिर्फ इसलिए वंचित नहीं किया जा सकता क्योंकि उसकी वित्तीय स्थिति अच्छी है।

अपने माता-पिता की संपत्ति के बंटवारे के संबंध में अपनी बहन के पक्ष में जिला अदालत के फैसले के खिलाफ एक व्यक्ति द्वारा दायर अपील को खारिज करते हुए, उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति एमजी प्रियदर्शिनी ने यह टिप्पणी की। अदालत के समक्ष पेश किए गए एक कथित वसीयतनामा के अनुसार, याचिका में व्यक्ति ने तर्क दिया कि चूंकि उसकी बहन की वित्तीय स्थिति अच्छी थी, इसलिए वह अपने पिता की संपत्तियों में किसी भी हिस्से की हकदार नहीं थी।

अदालत ने इस दलील पर भी विचार किया कि अपीलकर्ता की मां ने 2010 में एक वसीयत विलेख किया था जिसमें कथित तौर पर उल्लेख किया गया था कि उनकी बेटी को 1971 में उसकी शादी के समय उसका हिस्सा दिया गया था।

# शरद पवार चुनाव चिह्न के लिए आयोग जा सकेंगे

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार गुट को 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' नाम देने का भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) का 7 फरवरी का फैसला अगले आदेश तक जारी रहेगा।

शीर्ष अदालत ने ईसीआई द्वारा महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित किए जाने और पार्टी का चुनाव चिन्ह 'दीवार घड़ी' आवंटित किए जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर विचार करते हुए यह आदेश पारित किया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने इसके साथ ही याचिकाकर्ता शरद पवार की याचिका पर उप मुख्यमंत्री अजित पवार गुट से अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

पीठ ने याचिकाकर्ता शरद पवार को पार्टी चुनाव चिन्ह के आवंटन के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग में आवेदन देने को कहा है। पीठ ने निर्वाचन आयोग को आदेश दिया है कि याचिकाकर्ता द्वारा आवेदन दाखिल किए जाने के एक सप्ताह के भीतर चुनाव चिन्ह आवंटित करे। शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पीठ से कहा कि निर्वाचन आयोग का 7 फरवरी का फैसला 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव होने तक एक अंतरिम व्यवस्था है। उन्होंने पीठ से कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा का सत्र 26 फरवरी से शुरू होने वाला है और हमारे समूह के पास न कोई नाम और न चिन्ह होगा। सिंघवी ने कहा है कि ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी गुट को नामहीन और चुनाव चिन्ह के बगैर रखा गया हो।

### अजित पवार गुट ने किया विरोध

अजित पवार गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने याचिका का विरोध किया। उन्होंने पीठ से कहा कि याचिकाकर्ता एक अन्य मामले में पारित आदेश के आधार पर सुप्रीम कोर्ट से मामले की शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने पीठ से कहा कि मामले में निर्वाचन आयोग द्वारा की गई अंतरिम व्यवस्था जारी नहीं रखनी चाहिए। इससे पहले, सिंघवी ने शिवसेना मामले में पारित शीर्ष अदालत का आदेश दिया था।

> सुप्रीम कोर्ट का फैसला मतदाताओं की जीत है। अदालत का ये आदेश बताता है कि देश के मतदाताओं को कम नहीं आंका जाना चाहिए।
>
> -शरद पवार

**चिंताजनक** | वायु गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए निगरानी तंत्र कमजोर, हवा स्वच्छ होने में लग सकता है 50 से 60 साल तक का वक्त

# स्मॉग टावर और कृत्रिम बादल साफ हवा का समाधान नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में वायु प्रदूषण का समाधान स्मॉग टावर और क्लाउड सीडिंग (कृत्रिम बादल) नहीं हैं। वरिष्ठ अमेरिकी वैज्ञानिक रिचर्ड पेल्टियर ने एक साक्षात्कार में ये बात कही है। उन्होंने कहा कि भारत को हवा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए गंभीरता के साथ लंबे समय तक काम करना होगा, क्योंकि प्रदूषण तेजी से फैल रहा है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के ग्लोबल एयर पॉल्युशन एंड हेल्थ टेक्नीकिल एडवाइजरी के सदस्य रिचर्ड ने कहा, भारत में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब है। हालांकि इसकी सटीकता का पता इसलिए नहीं चल पाता है क्योंकि निगरानी तंत्र बहुत सीमित हैं। दिल्ली जैसे शहरों में प्रदूषण को कितने समय में नियंत्रित किया जा सकता है?

इसके जवाब में उन्होंने अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा कि अमेरिका ने इससे बचाव के लिए वर्ष 1960 में क्लीन एयर एक्ट लागू किया। आज के समय में विकसित देशों में अमेरिका की हवा बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि भारत में ऐसी स्थिति के लिए 50 से 60 साल का वक्त लग सकता है।



### तौलिए से नदी सुखाने की कोशिश करने जैसा

वैज्ञानिक रिचर्ड ने कहा कि विशालकाय स्मॉग टावर बहुत छोटे स्तर पर काम करते हैं, लेकिन ये पूरे शहर की हवा साफ कर दे ये संभव नहीं है, क्योंकि इस पर मोटी रकम खर्च होती है और मेंटेनेंस भी चुनौती है। स्मॉग टावर कुछ वैसे ही हैं जैसे नहाने के तौलिए से नदी को सुखाने की कोशिश हो रही है।

### बादल भी वायु प्रदूषण का सटीक समाधान नहीं

वैज्ञानिक रिचर्ड ने कहा कि क्लाउड सीडिंग (बादल) बनाने की प्रक्रिया वायु प्रदूषण का समाधान नहीं है। भविष्य में स्थिति ऐसी हो जाएगी कि 24 घंटे जहाज उड़ाने के लिए हर सौ मीटर पर बादल बनाना होगा। हर दिन बारिश करवानी होगी। मुझे ऐसा लगता है कि ऐसा संभव नहीं है।

**घातक होती जा रही दूषित हवा**

ग्रीन पीस इंडिया के अनुसार देश की 99 फीसदी आबादी दूषित हवा में सांस ले रही। हवा में पीएम2.5 कण डब्ल्यूएचओ के मानक से अधिक है। 62 फीसदी गर्भवती महिलाएं और 56% आबादी देश के प्रदूषित इलाकों में रहती है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के अनुसार दूषित हवा से देश में जीवन प्रत्याशा 5.3 साल तक कम हो रही है।

# कॅरियर पर मार्च के अंत तक नीति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि भारतीय सेना में महिला अधिकारियों के कॅरियर की प्रगति पर एक विस्तृत नीति 31 मार्च, 2024 तक बनाई जाएगी। वरिष्ठ अधिवक्ता आर बालासुब्रमयम ने सोमवार को अदालत को केंद्र की तरफ से ये जानकारी दी।

मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने इसका संज्ञान लेते हुए निर्देश दिया कि एक अप्रैल तक ताजा स्थिति रिपोर्ट पेश करें। वरिष्ठ अधिवक्ता वी मोहना ने कुछ महिला अधिकारियों की तरफ से अदालत को बताया कि 225 पुरुष अधिकारी जिनकी पदोन्नति हुई उन्हें सेना की नियमित प्रमुख यूनिटों में कमांड पोजीशन मिल चुकी है।

# स्थायी कमीशन से मना करने पर केंद्र को फटकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन से इनकार करने पर केंद्र और भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि समुद्री बल को ऐसी नीति बनानी चाहिए, जो महिलाओं से निष्पक्ष व्यवहार करे।

शीर्ष अदालत महिला अधिकारी प्रियंका त्यागी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आईसीजी की पात्र महिला शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने की मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि आप नारी शक्ति की बात करते हैं। अब इसे यहां दिखाएं।


पीठ ने पूछा कि क्या तीन सशस्त्र बलों- सेना, वायु सेना और नौसेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने के शीर्ष अदालत के फैसले के बावजूद संघ अभी भी पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण अपना रहा है। आईसीजी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी से पीठ ने पूछा कि याचिकाकर्ता एकमात्र एसएससी महिला अधिकारी थी, जो स्थायी कमीशन का विकल्प चुन रही थी, उसके मामले पर विचार क्यों नहीं किया गया?

■ रांची में 23 फरवरी को चौथे टेस्ट में हो सकता है बदलाव ■ लोकेश मांसपेशियों की चोट से लगभग उबर चुके हैं

# बुमराह को आराम, राहुल की वापसी संभव



भारत दौरे पर इंग्लैंड



**राजकोट, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को चौथे टेस्ट में आराम दिया जा सकता है। वहीं, जांघ की मांसपेशियों की चोट से लगभग उबर चुके केएल राहुल वापसी कर सकते हैं। यह टेस्ट 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा।

**सबसे सफल गेंदबाज :** पांच मैचों की इस सीरीज में बुमराह सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम तीन मैचों में 17 विकेट हैं। उन्होंने विशाखापत्तनम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में उन्होंने अपने दम पर भारतीय टीम को जीत दिलाई थी। भारत इस सीरीज में अभी 2-1 से आगे है।

**राहुल फिट :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने कहा, टीम कल रांची के लिए रवाना होगी और बुमराह को विश्राम मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राहुल लगभग फिट हो चुके हैं और उनके टीम में शामिल होने की काफी संभावना है। बुमराह को आराम देने का फैसला चौंकाने वाला नहीं होगा क्योंकि पहले तीन टेस्ट मैचों में उन्होंने 80.5 ओवर गेंदबाजी की है।

**कार्यभार प्रबंधन :** गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के तौरपर भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज को विश्राम दिया था। उन्होंने राजकोट टेस्ट में टीम में वापसी की थी। सिराज ने इस टेस्ट की पहली पारी में चार विकेट झटके थे। भारतीय टीम ने इस मैच को 434 रन से अपने नाम कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी।

**भारत फ्रंटफुट पर :** भारतीय टीम रांची में सीरीज जीतने के लिए मजबूत स्थिति में होगी। अगर ऐसा नहीं हुआ तो घरेलू टीम को सात मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बुमराह की सेवाओं की काफी जरूरत होगी। राहुल अपने दाहिनी जांघ की मांसपेशियों में दर्द की शिकायत के बाद दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे। एक सूत्र ने बताया कि पिछले सप्ताह उन्होंने 90 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली थी। इस सूत्र ने कहा, वह मैच फिटनेस हासिल करने के करीब है। उन्हें रांची टेस्ट के लिए उपलब्ध होना चाहिए। सीरीज के पहले मैच में राहुल भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे। वह इसके बाद चोट कारण अगले दो मैच नहीं खेल सके।

**86** रनों की शानदार पारी खेली थी केएल राहुल ने सीरीज के पहले टेस्ट मैच में

**31** वर्षीय लोकेश 34 के औसत से 50 टेस्ट मुकाबलों में 2863 रन बना चुके हैं

## दिग्गजों के बगैर भी दिलेरी से खेलना जानती है यह टीम इंडिया

कई साल के बाद ऐसा हुआ है जब टीम इंडिया किसी घरेलू सीरीज में इतने कम अनुभवी खिलाड़ियों के साथ खेल रही है। मगर इन सभी युवा क्रिकेटरों ने दिखाया है कि उनके पास अंतरराष्ट्रीय अनुभव भले ही कम है मगर दिलेरी की कमी नहीं।

**सरफराज (26 साल)**
राजकोट टेस्ट में पदार्पण किया। दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ दिया। इंग्लैंड को कोई गेंदबाज उनका विकेट नहीं ले सका। पहली पारी में वह रनआउट हो गए तो दूसरी में नाबाद रहे।

**94.2** का स्ट्राइक रेट बताता है कि पहले ही मैच में वह कितना बेखौफ खेले





**ध्रुव जुरेल (23)**
विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर पदार्पण। दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं आई मगर पहली पारी में शानदार 46 रन बनाकर अपनी प्रतिभा को दर्शाया। जडेजा की मुश्किल गेंद पर शानदार कैच भी पकड़ा।

**26** रन बाउंड्री से बनाए थे जुरेल ने अपनी 46 रनों की संक्षिप्त पारी में

**पाटीदार (30)**
मध्य प्रदेश से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले रजत को काफी देर से टीम इंडिया में मौका मिला। वह सिर्फ दो टेस्ट ही खेले हैं। नंबर चार पर वह हालांकि अभी उतने सफल नहीं हुए हैं।

**46** रन ही बना सके हैं रजत दो टेस्ट की चार पारियों में

**यशस्वी जायसवाल (22)**
जैसा नाम वैसा काम। सीरीज में लगातार दो दोहरे शतक जड़कर बता दिया कि वह टीम इंडिया का भविष्य हैं। सीरीज में उनके नाम सर्वाधिक रन हैं। दूसरे नंबर पर मौजूद बेन डकेट उनसे 257 रन पीछे हैं। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने भी जायसवाल की तारीफ की। कप्तान बेन स्टोक्स उनकी पीठ थपथपाते दिखे।

**545** रन बना चुके हैं यशस्वी सीरीज में अब तक छह पारियों में



राजकोट में अपनी दोहरी शतकीय पारी के दौरान यशस्वी। ● फाइल



**शुभमान गिल (24)**
तीसरे नंबर पर खेल रहे शुभमान गिल राजकोट टेस्ट में रनआउट होने के कारण वह लगातार दूसरा शतक बनाने से चूक गए। विशाखापत्तनम में उन्होंने 104 रन की पारी खेली थी। शुभमान 252 रन बनाकर सीरीज में चौथे सबसे सफल बल्लेबाज हैं।

**कुलदीप यादव (29)**
कुलदीप का पदार्पण यूं तो 2017 में हो गया था मगर अनुभव के नाम पर उनके खाते में सिर्फ 10 अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच हैं। उन्होंने सीरीज में दो ही टेस्ट खेले और अपना खासा प्रभाव छोड़ा है। कुलदीप इस सीरीज में 3.91 की इकोनॉमी से 08 विकेट ले चुके हैं।

**अनुभवी खिलाड़ी नहीं**
भारतीय टीम कोहली (113 टेस्ट), मो. शमी (64 टेस्ट) पूरी सीरीज के लिए बाहर हैं। जबकि केएल राहुल (50 टेस्ट) सिर्फ एक टेस्ट खेले हैं। वहीं, जडेजा (70 टेस्ट) विशाखापत्तनम के दूसरे टेस्ट में नहीं थे।

## मैकुलम बैजबॉल शैली पर कायम, पूर्व कप्तान भड़के

स्ट्रेट ड्राइव

**राजकोट, एजेंसी।** इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम आक्रामक शैली में बल्लेबाजी करने के 'बैजबॉल' रवैए पर कायम हैं। वहीं, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इस रणनीति पर भड़क गए। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड को हालात के अनुसार खेलना चाहिए न कि हर समय आक्रामक होकर।

इंग्लैंड का बैजबॉल रवैया उस पर तब भारी पड़ा जब भारत ने तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में उसे 434 रन से रिकॉर्ड हार दे दी।। लेकिन मैकुलम ने कहा कि आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने की रणनीति पर कायम रहने पर उन्हें किसी तरह का खेद नहीं है। उन्होंने बीबीसी स्पोर्ट्स से कहा, हम पासा पलटेंगे और भारत को फिर से दबाव में लाने की कोशिश करेंगे।मैकुलम ने कहा, लोग अपनी राय रखने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन हम अपनी रणनीति पर कायम रहेंगे। हमें कुछ अवसरों पर असफलताओं से भी रूबरू होना होगा।



माइकल वॉन और नासिर बोले, हालात के हिसाब से खेले इंग्लैंड

उधर, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने 'टेलीग्राफ.सीओ.यूके' पर अपने कॉलम में लिखा, यह (बेन) स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में सबसे खराब हार थी। इसने उनकी रणनीति को उजागर किया। वे हर मौके पर आक्रामक नहीं हो सकते। हुसैन भी वॉन से सहमत दिखे। हुसैन ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से कहा, बैजबॉल आक्रामक होने के बारे में है लेकिन यह दबाव झेलने के बारे में भी है। हर समय हालात एक जैसे नहीं हो सकते हैं।

## बायर्न की लगातार तीसरी हार ने चौंकाया

फुटबॉल

**बर्लिन, एजेंसी।** जर्मन फुटबॉल लीग बुंदेसलीगा के दिग्गज क्लब बायर्न म्यूनिख की रविवार रात लगातार तीसरी हार ने फुटबॉल प्रेमियों को चौंका दिया। 11 बार के गत चैंपियन को अपने से कमजोर बोकुम क्लब से 3-2 से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी।

बायर्न म्यूनिख एक समय मुकाबले में आगे चल रहा था। इस हार के बाद बायर्न की टीम शीर्ष पर चल रहे बायर्न लीवरकुसेन से आठ अंक पीछे हो गई है जबकि 12 दौर का खेल बाकी है। बायर्न म्यूनिख को पिछले सप्ताहांत लीवरकुसेन में 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी जबकि चैंपियंस लीग में लाजियो ने भी उसे शिकस्त दी थी।




जर्मनी के बोकुम में रविवार रात मुकाबले के दौरान बायर्न म्यूनिख के हैरी केन (सफेद जर्सी) और बोकुम इवान ऑरडेट्स। ● एजेंसी

### रियाल मैड्रिड को रोका

**मैड्रिड।** रियाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग में रविवार को यहां रेयो वालेकानो ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया जबकि अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया ने अनचाहा रिकॉर्ड बनाया जब वह ला लीगा में लगातार 28 मैच जीतने में नाकाम रहने वाली पहली टीम बना। अल्मेरिया ने ग्रेनाडा से 1-1 से ड्रॉ खेला। टीम मौजूदा सत्र में लगातार 25वां मैच जीतने में नाकाम रही। वह पिछले सत्र में भी अपने अंतिम तीन मुकाबले नहीं जीत पाई थी।

### होलुंड के गोल से मैनचेस्टर जीता



रासमुस होलुंड

**लुटोन।** रासमुस होलुंड के शुरुआती सात मिनट में दागे दो गोल की मदद से मैनचेस्टर यूनाईटेड ने रविवार को यहां लुटोन को 2-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में लगातार चौथी जीत दर्ज की। होलुंड ने सिर्फ 37 सेकंड में पहला गोल दागा जो यूनाईटेड के इतिहास में विरोधी के मैदान पर सबसे तेज गोल है। उन्होंने सातवें मिनट में दूसरा गोल करके यूनाईटेड की बढ़त दोगुनी की। होलुंड लगातार छह मैच में गोल दाग चुके हैं। लुटोन के लिए कप्तान कार्लटन मौरिस ने 14वें मिनट में हैडर से गोल दागा लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए।

## दिल्ली नाटकीय जीत के बावजूद बाहर

रणजी

**नई दिल्ली/लखनऊ।** रणजी ट्रॉफी में सोमवार को दिल्ली ने ओडिशा को नाटकीय ढंग से सात विकेट से हरा दिया। वहीं यूपी ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ मैच ड्रॉ कराकर अपने अभियान को खत्म किया।

दिल्ली के सुमित ने मैच में कुल नौ विकेट लिए। दिल्ली की यह सत्र की तीसरी जीत थी हालांकि वह क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंचा। उधर, यूपी के लिए प्रियम गर्ग ने नाबाद 114 रन बनाए। यूपी और छत्तीसगढ़ भी आगे बढ़ने में नाकाम रहे। आंध्र दूसरे स्थान पर रहकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा।

**विदर्भ अंतिम आठ में :** आदित्य सरवटे के हरफनमौला खेल (दूसरी पारी में 42 रन/2 विकेट) के दम पर विदर्भ ने ग्रुप ए मैच के चौथे दिन सोमवार को यहां हरियाणा पर 115 रन की जीत के साथ क्वार्टर फाइनल का टिकट कटाया। सौराष्ट्र 29 अंक के साथ ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहा।

वहीं, तमिलनाडु ने पंजाब को नौ विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

### रेलवे ने टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा लक्ष्य पाया



**नई दिल्ली।** रेलवे के सलामी बल्लेबाज प्रथम के नाबाद 169 रनों की बदौलत सोमवार को टीम ने त्रिपुरा को पांच विकेट से मात दे दी। प्रथम की बदौलत रेलवे ने रणजी इतिहास का सबसे बड़ा लक्ष्य (378 रन) भी हासिल किया। हालांकि वह क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा।

## भारतीय महिलाएं बढ़ीं, पुरुष हारे

**बुसान, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में सोमवार को यहां उज्बेकिस्तान को हराया। वहीं, पुरुष टीम को मेजबान दक्षिण कोरिया के खिलाफ लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा।

भारत ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से शिकस्त दी। अर्चना कामत, दीया चितले और मनिका बत्रा ने मैच जीते। पुरुष वर्ग में शरत कमल, हरमीत देसाई और जी साथियान अपने मैच हार गए। इससे भारत को कोरिया के खिलाफ 0-3 से एकतरफा हार झेलनी पड़ी।

## भारतीय हॉकी टीम की स्पेन पर रोमांचक विजय

प्रो लीग

**भुवनेश्वर।** अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश के पेनाल्टी शूटआउट में निर्णायक गोल के शानदार बचाव से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने सोमवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के बेहद रोमांचक मैच में स्पेन को हराया।

निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 से बराबर थीं। भारत के लिए जरमनप्रीत सिंह (पहला मिनट) और अभिषेक (35वें मिनट) ने गोल दागे जबकि स्पेन के लिए जोस बास्टेरा (तीसरे) और बोर्जा (15वें) ने गोल किए।

पेनल्टी शूटआउट भी इस मुकाबले का रोमांच बना रहा क्योंकि दोनों टीमों 7-7 से बराबरी पर थीं। इसके बाद ललित कुमार उपाध्याय ने भारत को बढ़त दिलाई और श्रीजेश ने स्पेन के कप्तान मार्क के प्रयास पर शानदार बचाव कर टीम को जीत दिला दी।

पवेलियन | बंगाल के मनोज तिवारी, झारखंड के सौरभ तिवारी व वरुण एरोन, मुंबई के धवल कुलकर्णी और विदर्भ के फैज फजल ने खेला अपना आखिरी मुकाबला

# घरेलू क्रिकेट के पांच दिग्गजों ने खेल को कहा 'अलविदा'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ये खिलाड़ी भले ही छाप नहीं छोड़ सके मगर घरेलू क्रिकेट में इनकी तूती बोलती थी। सोमवार को रणजी ट्रॉफी के इस सत्र के समापन के साथ इन पांच दिग्गज क्रिकेटरों मनोज तिवारी, सौरभ तिवारी, वरुण एरोन, धवल कुलकर्णी और फैज फजल ने खेल से अलविदा कह दिया।

**जहां से शुरू, वहीं खत्म :** झारखंड के तेज गेंदबाज एरोन, बंगाल के दिग्गज मनोज और विदर्भ के रणजी ट्रॉफी विजेता कप्तान फजल ने उसी मैदान पर करियर को अलविदा कहा जहां से शुरुआत की थी। मनोज तिवारी ने सोमवार को बिहार के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाकर अलविदा कहा। यह 38 वर्षीय खिलाड़ी 19 साल बंगाल के लिए खेला। इनके नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 10 हजार से अधिक रन हैं।



मनोज तिवारी | वरुण एरोन | धवल कुलकर्णी | सौरभ तिवारी | फैज फजल

झारखंड के सौरभ 17 साल तक झारखंड से खेले। उन्होंने 115 प्रथम श्रेणी मैच में 8030 रन बनाए, जिसमें 22 शतक और 34 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं, भारत के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक वरुण के नाम पर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 66 मैच में 173 विकेट शामिल हैं। फैज फजल 21 वर्ष तक विदर्भ की तरफ से खेले। इस सलामी बल्लेबाज की अगुवाई में विदर्भ ने 2018 में रणजी ट्रॉफी जीती थी। उनके नाम पर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 9183 रन दर्ज हैं।

35 वर्षीय मुंबई के तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने 17 साल में 95 प्रथम श्रेणी मैच खेले। इनमें 27.31 की औसत से 281 विकेट लिए।

### धौनी से पूछना चाहता हूं, शतक लगाने के बाद टीम से क्यों हटाया गया : मनोज

**कोलकाता।** संन्यास लेने के बाद मनोज तिवारी की कई सालों की टीस सामने आ गई। उन्होंने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, मैं धौनी से पूछना चाहता हूं कि शतक लगाने के बाद मुझे टीम से क्यों हटा दिया गया था।

तिवारी ने 2011 में चेन्नई वनडे में विंडीज के खिलाफ नाबाद 104 रन बनाए थे। उसके बाद उन्हें 14 मैच तक नहीं खिलाया गया था। तिवारी ने कहा, मुझमें भी रोहित, विराट कोहली की तरह नायक बनने की क्षमता थी मगर ऐसा नहीं हो सका। आज जब मैं टीवी पर देखता हूं कि दूसरे लोगों को ज्यादा मौके मिल रहे हैं तो दुखी होता हूं।

उन्होंने युवा खिलाड़ियों के आईपीएल केंद्रित दृष्टिकोण पर चिंता व्यक्त की और रणजी ट्रॉफी पर अधिक ध्यान देने की वकालत की। उन्होंने कहा, युवा आजकल बैजबॉल दृष्टिकोण, बैट को पहली ही गेंद से घुमाने की प्रवृत्ति अपना रहे हैं। व्यक्तिगत तौर पर मैं इसको पसंद नहीं करता हूं।

## खेल 30s

### आरसीबी का संतुलन बेहतर : मंधाना



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि नए खिलाड़ियों को शामिल करने के बाद उनकी टीम का संतुलन काफी बेहतर हुआ है और इससे उन्हें 23 फरवरी से शुरू होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। आरसीबी के लिए पहला सत्र निराशाजनक रहा था और उसे अपने आठ मैचों में से छह मैच में हार का सामना करना पड़ा था। उसकी टीम पांच टीमों वाली प्रतियोगिता में चौथे नंबर पर रही थी। दूसरे सत्र के मैच नई दिल्ली और बेंगलुरु में खेले जाएंगे।

### दीया-स्वस्तिका की विदेश में ट्रेनिंग की मंजूरी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने टेबल टेनिस खिलाड़ियों दीया चितले और स्वस्तिका घोष को शीर्ष स्तर की ट्रेनिंग के लिए क्रमश: दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा करने की अनुमति दे दी है। वहीं, एमओसी ने बैडमिंटन खिलाड़ियों किरण जॉर्ज और अनुपमा उपाध्याय, त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल टीम और निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल के प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी।

### चौथे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का शुभारंभ

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर के आठ राज्यों में चौथे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आगाज हो गया है। गुवाहाटी में सोमवार को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की मौजूदगी में इन खेलों का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वीडियो संदेश में कहा, आप जमकर खेलिए, डटकर खेलिए, खुद जीतिए, अपनी टीम को जिताइए। हार गए तो भी तनाव नहीं लेना है। हारेंगे तो भी यहां से बहुत कुछ सीख कर जाएंगे। उन्होंने कहा, इन खेलों में तितली को शुभंकर बनाना इसका भी प्रतीक है कि पूर्वोत्तर को कैसे नया अनुभव मिल रहा है।



अगरतला में सोमवार को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। गुवाहाटी में इन खेलों का विधिवत उद्घाटन भी किया गया। ● एजेंसी

### एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप 21 से

**नई दिल्ली।** ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेताओं सहित लगभग 500 खिलाड़ी 21 से 26 फरवरी तक यहां आयोजित होने वाली एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में चुनौती पेश करेंगे। इसमें भारत के 42 साइकिलिस्ट खिताब के लिए जोर लगाएंगे। यह कुल मिलाकर छठी बार है जब भारत इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। इससे पहले देश ने 1989, 2005, 2013, 2017 और 2022 एशियाई ट्रैक चैंपियनशिप की मेजबानी की है।

### गुलवीर सिंह ने 3000 मीटर में स्वर्ण जीता

**तेहरान।** गुलवीर सिंह ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन 3000 मीटर की दौड़ जीतकर एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाया। गुलवीर ने 8 मिनट 07.48 सेकंड का समय लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया। किर्गिस्तान के नूरसुल्तान (8:08.85) और ईरान के नासेरी (8:09.39) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीता। इससे पहले अंकिता ने महिलाओं की 3000 मीटर दौड़ में 9:26.22 के समय के साथ रजत जीता।

### अनुश अग्रवाल ने ओलंपिक कोटा हासिल किया

**नई दिल्ली।** अनुश अग्रवाल ने घुड़सवारी की ड्रेसेज स्पर्धा में देश के लिए पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। भारतीय घुड़सवारी महासंघ ने सोमवार को इसकी घोषणा की। हांगझोउ एशियाई खेलों में व्यक्तिगत ड्रेसेज में कांस्य जीतने वाले अनुश ने एफईआई के चार स्पर्धाओं व्रोकला (पोलैंड) (73.485%), क्रोनेनबर्ग (नीदरलैंड्स) (74.4%), फ्रैंकफर्ट (जर्मनी) (72.9%) व मेकलेन (बेल्जियम) (74.2%) में अपने प्रदर्शन के आधार पर यह कोटा हासिल किया।

### सोशल मीडिया से



यशस्वी जायसवाल ने राजकोट टेस्ट में दोहरे शतक के दौरान रिकॉर्ड 12 छक्के लगाए थे। उनके सिक्स लगाने की अदा पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक फिदा हो गए हैं। उनका एक बयान इंस्टाग्राम समेत कई सोशल मीडिया मंचों पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल कुक ने कहा था कि यशस्वी जयसवाल ने एक पारी में मेरे पूरे करियर की तुलना में अधिक छक्के लगाए। बता दें कि कुक ने 2018 में टेस्ट करियर को अलविदा कह दिया था। उन्होंने 161 टेस्ट मैचों में महज 11 छक्के लगाए हैं।

### जरा हटकर

## अश्विन की पत्नी ने लिखा ...वो सबसे लंबे 48 घंटे



क्रिकेट के मैदान में अपनी भावनाएं जाहिर करने वाले खिलाड़ी अधिकतर मैदान के बाहर इन्हें कम ही वयक्त करते हैं। मगर इसकी भरपाई कई बार उनका कोई बेहद करीबी कर देता है। हाल ही में ऐसा भारतीय स्पिनर रवीचंद्रन अश्विन के साथ देखने को मिला। राजकोट टेस्ट में अश्विन शनिवार को मैदान पर नहीं दिखे थे क्योंकि मां की तबीयत खराब होने पर वह चेन्नई वापस लौट गए थे। हालांकि, रविवार को वह राजकोट लौटे और उन्होंने अपना 501वां टेस्ट विकेट हासिल किया। इसके बाद उनकी पत्नी प्रीति ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक नोट लिखा। उन्होंने लिखा, हमने हैदराबाद में 500 विकेट का इंतजार किया, लेकिन तब ऐसा नहीं हुआ। विशाखापत्तनम में भी इंतजार किया, लेकिन तब भी चूक गए। इसलिए मैंने ढेर सारी मिठाई खरीदी और 499 विकेट होने पर मैंने घर पर सभी को बांट दिया। 500 विकेट होने पर कोई खास जश्न नहीं मना और चुपचाप बीत गया, जैसे की कुछ हुआ ही न हो। 500 और 501 (अश्विन के विकेट) के बीच बहुत कुछ हो गया। हमारे जीवन के सबसे लंबे 48 घंटे। उन्होंने लिखा, लेकिन यह पोस्ट 500 विकेट के बारे में है और उससे पहले 499 विकेट के बारे में। क्या शानदार उपलब्धि है। अश्विन आप क्या कमाल के खिलाड़ी हैं। मुझे आप पर गर्व है। हम सभी आपसे प्यार करते हैं!




पहाड़ी क्षेत्रों में तीन गांव बनाए, चीनी नागरिकों को नवनिर्मित घरों में जाने का इंतजार

# भारत-भूटान सीमा पर नए गांव बसा रहा चीन: रिपोर्ट


**दावा**

बीजिंग, एजेंसी। चीन भारत और भूटान सीमा पर नए गांव बसा रहा है। दोनों देशों को अलग करने वाले पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम तीन गांव चीन द्वारा बनाए जा चुके हैं। इसका दावा एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कुछ चीनी नागरिक अपने नवनिर्मित घरों में जाने का इंतजार कर रहे हैं।

तिब्बत फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स द्वारा दिए गए एक बयान के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि विवादित क्षेत्र के अंदर चीन द्वारा बनाए गए तीन गांवों में से एक तमालुंग में तिब्बती शहर शिगात्से के 38 परिवार वहां जाने को तैयार हैं।

रिपोर्ट में सत्तारूढ़ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि गरीबी उन्मूलन योजना के रूप में इन गांवों का विकास शुरू हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका स्थित मैक्सार टेक्नोलॉजीज द्वारा ली गई सैटेलाइट इमेज में विवादित क्षेत्र में 147 नए घर दिखाई दे रहे हैं। दावा किया गया है कि चीन, भारत और भूटान दोनों देशों की सीमाओं पर सुसज्जित गांव बनाने की अपनी योजना पर तेजी से काम कर रहा है। बताया जा रहा है इन नवनिर्मित गांवों में बनाए नए घरों में चीनी नागरिक प्रवेश करने का इंतजार कर रहे हैं।



**147** नए घर रिपोर्ट के मुताबिक सैटेलाइट इमेज में दिखाई दे रहे

### गरीबी उन्मूलन अभियान के तहत गांव बसा रहा चीन

रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल तमालुंग के पूर्व में एक और सीमावर्ती गांव ग्यालाफुग का आकार में दोगुना हो गया। सैटेलाइट इमेज में मौजूदा चार पंक्तियों के बगल में नए घर और एक छोटी सी लाइब्रेरी है। इमेज में एक कम्युनिस्ट पार्टी सामुदायिक केंद्र भी है। इसे शी के 'मध्यम समृद्धि' गरीबी उन्मूलन अभियान के तहत 2016-18 तक एक मॉडल गांव के रूप में विकसित किया गया था।

### भूटान ने किए थे 'सहयोग समझौते' पर हस्ताक्षर

भूटान के विदेश मंत्री ने 'सहयोग समझौते' पर हस्ताक्षर किए थे दोनों देशों द्वारा भूटान-चीन के परिसीमन पर संयुक्त तकनीकी टीम (जेटीटी) की जिम्मेदारियों और कार्यों को तय करने वाले 'सहयोग समझौते' पर हस्ताक्षर करने के बाद चीन भूटान के साथ अपनी विवादित सीमा पर गांव बसाने की योजना को बढ़ा रहा है।

### डोकलाम में चीन को मुंह की खानी पड़ी थी

वर्ष 2017 में डोकलाम पठार में सड़क बनाने के चीन के प्रयासों के बाद भारत-चीन गतिरोध शुरू हुआ, जिससे दोनों पड़ोसियों के बीच तनाव पैदा हो गया था। भारत ने डोकलाम ट्राई जंक्शन पर चीनी सेना द्वारा सड़क निर्माण का कड़ा विरोध किया था। इसके बाद चीन ने अपने पैर वापस खींच लिए थे।

# मालदीव के विकास में भारत का सहयोग जारी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने संबंधों में खटास में आने के बाद भी मालदीव को विकास सहायता बढ़ा दी है। इससे वहां विकास की परियोजनाओं में तेजी आ गई है।

एक भारतीय अधिकारी और सरकारी दस्तावेजों के मुताबिक नई दिल्ली ने मार्च में समाप्त होने वाले इस वित्तीय वर्ष के दौरान मालदीव में परियोजनाओं पर करीब 7.71 बिलियन रुपये (93 मिलियन डॉलर) खर्च किए हैं। उन्होंने बताया कि संबंधों में खटास आने के बाद भी विकास सहयोग नहीं बदला है या बंद हुआ है।

नई दिल्ली के पास माले के लिए दोहरी भागीदारी की रणनीति है। अधिकारी ने बताया कि परियोजनाओं की गति तेज है। इसके तहत माले के आसपास सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए 500 मिलियन डॉलर की परियोजना है। साथ ही दूर-दराज के द्वीपों में करीब 130 मिलियन डॉलर के दो हवाई अड्डे का निर्माण भी शामिल है। भारत की सहायता से इनका निर्माण हो रहा है।

**इस वित्त वर्ष 1.83 अरब खर्च किए :** एक फरवरी को संसद में पेश किए गए भारतीय बजट दस्तावेजों से पता चलता है कि नई दिल्ली ने वित्त वर्ष 2022-23 में मालदीव में 1.83 अरब रुपये खर्च किए, जो इस साल बढ़कर 7.71 अरब रुपये हो गया।

यह आंकड़ा पड़ोसी देश भूटान के बाद दूसरे स्थान पर है, जहां भारत ने 24 अरब रुपये खर्च किए। भारत ने अगले साल मालदीव की परियोजनाओं के लिए शुरुआती आवंटन में छह अरब रुपये अलग रखे हैं।

### तनाव की वजह

मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की भारतीय सैनिकों के देश छोड़ने की मांग को लेकर दोनों देशों के संबंधों में खटास आ गई है। बता दें कि वैश्विक शक्तियां हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दबदबा कायम करने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। इससे भारत और चीन हिंद-महासागर के राष्ट्र को अपने पाले में करने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मुइज्जू का झुकाव चीन की ओर है।

## विदेश 30s

### दुबई हवाई अड्डे से आठ करोड़ ने यात्रा की

दुबई। सबसे व्यस्त दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पिछले साल आठ करोड़ से अधिक लोगों ने यात्रा की। यह संख्या कोरोना काल से पहले के वर्ष 2019 की तुलना में अधिक रही। दुबई हवाई अड्डे के सीईओ पॉल ग्रिफिथ्स ने सोमवार को सरकारी रेडियो स्टेशन दुबई आई पर कार्यक्रम में जानकारी साझा दी।

### इजरायली कब्जे को अवैध बताया

द हेग (नीदरलैंड)। फलस्तीन के लिए मांगी गई भूमि पर इजरायल के 57 साल पुराने कब्जे की वैधता पर संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में सोमवार को सुनवाई शुरू हुई। इस दौरान फलस्तीन के विदेश मंत्री ने न्यायालय से अनुरोध किया कि भूमि पर इजरायल के कब्जे को अवैध घोषित किया जाए।

### हमास युद्ध में 29 हजार लोगों की जान गई

राफा। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र में 29 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। हमास के शासन वाले गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि बीते 24 घंटे में 107 शव अस्पतालों में लाए गए हैं।

# हैकिंग अलर्ट पर एप्पल का जवाब स्पष्ट नहीं : चंद्रशेखर

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार विपक्षी दलों के नेताओं को आईफोन निर्माता एप्पल की तरफ से पांच महीने पहले भेजे गए हैकिंग संबंधी अलर्ट पर अभी भी कंपनी की तरफ से स्पष्ट जवाब का इंतजार कर रही है।

एप्पल ने इस संदेश में विपक्षी नेताओं को आगाह किया था कि कथित तौर पर सरकार-समर्थित हैकर उनके फोन की हैकिंग के प्रयास कर रहे हैं। इस पर सरकार की तरफ से एप्पल से कुछ स्पष्टीकरण मांगा गया था। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार ने एप्पल से दो सवाल पूछे हैं।

पहला सवाल उनके उपकरणों के सुरक्षित होने से संबंधित है जबकि दूसरा सवाल विपक्षी सदस्यों को अलर्ट भेजने की वजह से जुड़ा है। चंद्रशेखर ने कहा कि मेरी राय में यह ऐसी बात नहीं है जिसे कोई भी मंच कमजोरियां होने पर भी पूरी तरह से स्वीकार करेगा।

# पुतिन ने मेरे पति को मार डाला : नवलन्या

वर्सोवा, एजेंसी। एलेक्सी नवलनी की विधवा पत्नी यूलिया नवलन्या ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर पति को मारने का आरोप लगाया। साथ ही पति का काम जारी रखने की कसम भी खाई।

पुतिन के धुर-विरोधी रहे विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की बीते शुक्रवार को जेल में मौत हो गई। नवलनी की मां ल्यूडमिला नवलन्या को आर्कटिक पीनल कॉलोनी में स्थित मुर्दाघर नहीं जाने दिया गया, जहां कहा जा रहा है कि उनके बेटे का शव रखा हुआ है।

# धांधली की अर्जी लगाने पर फटकार

**पाक चुनाव**

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव रद्द करने की याचिका लगाने वाले को गैर हाजिर रहने पर फटकार लगाई। इसके साथ याचिकाकर्ता को तलब किया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अगुवाई वाली शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) अली खान की याचिका पर सुनवाई की, लेकिन याचिकाकर्ता अदालत के सामने पेश नहीं हुए। पीठ में न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली भी शामिल थे। अदालत ने कहा कि हम उच्चतम न्यायालय का गलत तरीके से इस्तेमाल नहीं होने देंगे। पीठ ने यह भी कहा कि याचिका 12 फरवरी को दायर की गई थी, लेकिन मीडिया में इसकी रिपोर्ट पहले ही आ गई थी। शीर्ष अदालत ने रक्षा मंत्रालय के माध्यम से पाकिस्तान के पूर्व वरिष्ठ सैन्य अधिकारी को नोटिस जारी किया और सुनवाई 21 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी।

### सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे : पीटीआई

इस्लामाबाद। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ(पीटीआई) ने सोमवार को कहा कि आठ फरवरी को हुए चुनाव में जीत हासिल करने वाले पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। मुस्लिम बहुल देश में सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल इस्लामी राजनीतिक और धार्मिक दलों का एक गठबंधन है, जो सुन्नी इस्लाम के मत के अनुयायियों का प्रतिनिधित्व करता है।




Join Magazine Group @ ₹60/m WhatsApp To 8969469464

Vision IAS Monthly Current Affairs, Drishti IAS Current Affairs, Next IAS Current Affairs, SHIELD Current Affairs, Shankar IAS Current Affairs, संस्कृति IAS Current Affairs, Hindu Monthly Review Pratiyogita Darpan, प्रतियोगिता दर्पण, सामान्य ज्ञान दर्पण, सक्सेस मिरर, Yojana, Kurukshetra, योजना, कुरुक्षेत्र, Employment News, रोजगार समाचार, Frontline, Forbes, Dalal Street Investment Journal, Down to Earth, India Today, The Week, Economic and political weekly, Outlook, The Economist, इंडिया टुडे, गृहशोभा, चंपक, The Caravan, Hotelier, Vanita (Hindi, Malayalam)

(अगर और कोई मैगजीन चाहिए तो डिमांड करे उपलब्ध करा दिया जाएगा)

..........................................................................................

Join Epaper Group @ ₹30/m WhatsApp To 8969469464
राष्ट्रीय संस्करण (National Group)

Hindu, Indian Express, Business Line, Business Standard, Economic Times, Financial Express, Editorial Times Of India, Mid-Day, Hindustan Times, Mint, Asian Age, Tribune, Deccan Chronicle, Eastern Chronicle, Telegraph, The Daily Guardian, The Business Guardian, Millennium Post, First India, Hans, Statesman, Pioneer, The New Indian Express, Mirror Bangalore, Telangana Today, Punjabi Tribune, Samaja, Inquilab, Malayalam Manorama, राष्ट्रीय जागरण, हिंदुस्तान , जनसत्ता दिल्ली, नव भारत टाइम्स दिल्ली, अमर उजाला, बिजनेस स्टैंडर्ड, पत्रिका, दैनिक भास्कर, राष्ट्रीय सहारा, प्रभात खबर , हरिभूमि दिल्ली, देशबन्धु, संपादकीय हिंदी

..........................................................................................

Up Zone Group For All UP District EPapers (हिंदुस्तान, अमर उजाला, जागरण)

..........................................................................................

Bihar Zone Group For All Bihar District EPapers (हिंदुस्तान, प्रभात खबर, जागरण)

..........................................................................................

Rest India Zone Group For Others District Of India EPapers

POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08




# बाफ्टा : ओपेनहाइमर को सबसे ज्यादा सात अवॉर्ड

## क्रिस्टोफर नोलन ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का खिताब जीता


लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में रविवार को 77वें बाफ्टा (ब्रिटिश एकेडमी फिल्म अवॉर्ड्स) की धूम रही। फिल्म ओपेनहाइमर ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत सबसे ज्यादा सात पुरस्कार अपने नाम किए।

फिल्म ओपेनहाइमर के लिए क्रिस्टोफर नोलन को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, अभिनेता किलियन मर्फी को सर्वश्रेष्ठ प्रमुख अभिनेता और रॉबर्ट डाउनी जूनियर को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के अवॉर्ड से नवाजा गया। ओपेनहाइमर को बाफ्टा में सबसे ज्यादा 13 श्रेणियों में नामांकन मिले थे।

**'पुअर थिंग्स' ने पांच अवॉर्ड अपने नाम किए :** फिल्म पुअर थिंग्स ने पांच बाफ्टा पुरस्कार अपने नाम किए। अभिनेत्री एमा स्टोन ने फिल्म के लिए बेस्ट लीडिंग एक्ट्रेस का खिताब जीता। इसके अलावा, फिल्म ने कॉस्ट्यूम, मेकअप, प्रोडक्शन डिजाइन और स्पेशल विजुअल इफेक्ट के लिए भी पुरस्कार अपने नाम किया।

कार्यक्रम का आयोजन रॉयल फेस्टिवल हॉल में किया गया। प्रिंस विलियम भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। बाफ्टा को शीर्ष चार फिल्म पुरस्कार में गिना जाता है। इसे ब्रिटेन का ऑस्कर अवॉर्ड भी कहा जाता है। बाफ्टा में इस बार किसी भी भारतीय फिल्म को नामांकन नहीं मिला था।


अभिनेत्री एमा स्टोन


अभिनेता किलियन मर्फी



- प्रिंस विलियम भी बने पुरस्कार कार्यक्रम का हिस्सा
- भारतीय फिल्म को नामांकन नहीं मिला था

### साड़ी में अवॉर्ड देने पहुंची दीपिका पादुकोण

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण बाफ्टा में बतौर प्रेजेंटेटर शामिल हुई। वह यहां डिजाइनर सब्यासाची मुखर्जी की शिमरी व्हाइट साड़ी में नजर आई। उन्होंने यहां फिल्म 'द जोन ऑफ इंट्रेस्ट' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म नॉट इन द इंग्लिश लैंग्वेज कैटेगरी पुरस्कार दिया। दीपिका के अलावा, फुटबॉलर डेविड बेकहम, दुआ लीपा, ह्यू ग्रांट, चिवेटेल एजियोफोर, इदरीस एल्बा, गिलियन एंडरसन और एंड्रयू स्कॉट जैसे सेलेब्स भी अवॉर्ड में बतौर प्रेजेंटेटर शामिल हुए।

# अलास्का पॉक्स वायरस ने वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ाई

- संक्रमण से बुजुर्ग की मौत, छह लोग चपेट में
- छोटे स्तनधारी जीवों में भी फैल रहा संक्रमण

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका के अलास्का में एक नए वायरस से बुजुर्ग व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। यह संक्रामक रोग छोटे स्तनधारी जानवरों व इंसानों दोनों में फैल रहा है। शोधकर्ताओं ने इस वायरस को अलास्का पॉक्स नाम दिया है।

शोधार्थियों ने बताया, अभी तक इसके कुल छह संदिग्ध मामले मिले हैं। शोधकर्ता इसकी प्रकृति, बदलाव और उपचार को लेकर खोज में जुटे हैं। डॉक्टरों ने बताया, यह शरीर पर चेचक के दाने के रूप में विकसित हो रहा है। इसका शरीर पर जब हमला होता है तो फुंसियों के रूप में दाने आते हैं। फिर यह गंभीर रूप से घाव बन जाता है। यह शरीर के इम्यून सिस्टम को कमजोर करता है, जिससे व्यक्ति की जान चली जाती है। अधिकतर लक्षण त्वचा पर होते हैं। शरीर में दर्द होने के बाद लाल दाने दिखते हैं। जलन और खुजली होती है। इससे जिस बुजुर्ग की मौत हुई, उसके शरीर पर भी बड़ी संख्या में फुंसियां देखी गई हैं।

# मधुमेह रोगियों के पुराने घाव ठीक

कैनबरा, एजेंसी। शोधकर्ताओं ने मधुमेह रोगियों के पुराने घावों का प्रभावी ढंग से उपचार करने में कामयाबी हासिल की है। यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया में शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने यह संभव किया।

टीम ने मधुमेहग्रस्त रोगियों को पुराने घावों से निजात दिलाने के लिये प्लाज्मा सक्रिय हाइड्रोजेल थेरेपी (पीएएचटी) का इस्तेमाल किया। इसमें एंटीबायोटक्सि या ड्रेसिंग की आवश्यकता नहीं होती है। दुनिया में 54 करोड़ लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, जिनमें से 30 फीसदी पैर के गंभीर घाव से जूझते हैं।

# दुधमुंही ने विश्व रिकॉर्ड बनाया



- 120 अलग-अलग वस्तुओं को पहचान सकती है आंध्र प्रदेश की कैवल्या
- माता-पिता ने वीडियो रिकॉर्ड कर नोबेल वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को भेजा, प्रमाणपत्र मिला

अमरावती, एजेंसी। आंध्र प्रदेश के नंदीगाम की रहने वाली चार महीने की बच्ची कैवल्या ने एक अनोखा विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया है। इस छोटी सी उम्र में वह 120 अलग-अलग चीजों को पहचान सकती है।

पिता रमेश और मां हेमा ने बताया, कैवल्या जिन चीजों को देखकर पहचान सकती है, उसमें पक्षियों, सब्जियों से लेकर जानवरों और यहां तक कि तस्वीरें भी शामिल हैं। उसकी इस अनोखी क्षमता को सबसे पहले हेमा ने पहचाना। जब हेमा ने अपनी बेटी के इस अनूठे कौशल को देखा तो सोचा क्यों न इसे दुनिया के साथ साझा किया जाए। इसके बाद उसका एक वीडियो रिकॉर्ड किया और बाद में उसे नोबेल वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के लिए भेज दिया। परिवार ने बताया, नोबेल वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अधिकारी भी इस प्रतिभा को देखकर चकित थे। निर्णय लिया कि कैवल्या आधिकारिक तौर पर एक विश्व रिकॉर्ड होल्डर है।

## तकनीक 30s

### व्हाट्सऐप वेब पर भी सुरक्षित रहेंगी चैट

व्हाट्सऐप वेब पर भी अब चैट सुरक्षित रहेंगी। कंपनी सीक्रेट चैट को लॉक्ड रखने के लिए एक सीक्रेड कोड फीचर ला रहा है। इस फीचर को ऐप यूजर्स के लिए लाया जा चुका है, लेकिन वेब पर अभी भी चैट को सिक्योर रखने की सुविधा नहीं मिलती है। यूजर्स की यह परेशानी अब दूर होने जा रही है।

### आईडी टैग से नकली वस्तु का पता चलेगा

अमेरिका में मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी के इंजीनियरों ने एआई की मदद से एक आइडी टैग विकसित किया है। इसके जरिये यह बता चल सकता है कि कोई वस्तु असली है या नकली। इस टैग का आकार लगभग चार वर्ग मिलीमीटर है। यह टैग बेहद छोटा, सस्ता और पूरी तरह से सुरक्षित है। टेराहर्ट्ज तरंगों के उपयोग से यह काम करता है।







**Delhi - Garud Automobiles** -Opp. Nawada Metro Station, Uttam Nagar | **Delhi - Amisa Associates Pvt. Ltd.**- Malviya Nagar | **South West Delhi** - Delhi -Village-Samalka, South West Delhi | **Nangli Poona** - Delhi - Main G T Road, Nangli Poona |

वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।